घरोहर

संयुक्तांक : ४

शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोईवाला (देहरादून), उत्तराखण्ड

College Fraternity

प्रथम पंक्ति (बायें से दायें)

डॉ. राखी पंचोला, डॉ. अफरोज इकबाल, डॉ. गिरीश सेठी, श्री नवीन कुमार नैथानी, श्री डी.एन. तिवारी, डॉ. दिनेश चन्द्र नैनवाल (प्राचार्य), डॉ. संतोष वर्मा, डॉ. नर्वदेश्वर शुक्ल, डॉ. डी.पी. सिंह, श्री प्रमोद पन्त, डॉ. कंचन सिंह।

द्वितीय पंक्ति (बायें से दायें)

डॉ. अनिल भट्ट, डॉ. एस.एस. बलूड़ी, डॉ. कुंवर सिंह, डॉ. सतीश चन्द्र पन्त, डॉ. नूरहसन, डॉ. स्नेहलता, डॉ. अंजली वर्मा, डॉ. नीलू कुमारी, डॉ. पल्लवी मिश्रा, डॉ. रेखा नौटियाल, डॉ. वन्दना गौड़, डॉ. किरन जोशी, डॉ. संगीता रावत, डॉ. पल्लवी उप्रेती, डॉ. मनीषा सारस्वत।

धरोहर

संयुक्तांक : ४

सत्र : २०१६-१७ से २०२०-२१

सम्पादक मण्डल

धीरेन्द्र नाथ तिवारी (मुख्य सम्पादक)
नवीन कुमार नैथानी (सह सम्पादक)
डॉ. पल्लवी मिश्रा (सह सम्पादक)
डॉ. रेखा नौटियाल (सह सम्पादक)

विद्यार्थी सम्पादक

सृष्टि रावत
संदीप कुमार

संरक्षक / प्राचार्य

डॉ. डी. सी. नैनवाल

शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोईवाला (देहरादून), उत्तराखण्ड

इस अंक में प्रकाशित रचनाओं की मौलिकता का उत्तरदायित्व रचनाकारों का है।

रचनाओं में अभिव्यक्त विचारों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

छायाचित्र : नवीन कुमार नैथानी

VISION

Aspire to develop as an institution achieving national higher education goals through intellectual development of students hailing from rural areas by providing quality education through basic and modern teaching –learning methods at par with global standards.

MISSION

Shaheed Durga Mall Government Post Graduate College consists of science, commerce and arts faculties who strive to accomplish the mission of the college with great zeal.

The mission of the college is as follows:

- Providing adequate opportunities for higher education to the students of rural and economically weaker sections irrespective of their religion, race, cast and gender.
- Encouraging interdisciplinary educational activities.
- Developing teaching, learning and research aptitude in the students.
- Developing the infrastructure in accordance to meet the educational requirements of the students.
- Ensuring the availability of opportunities for holistic personality development of the students.
- Encouraging students to develop leadership qualities and efficient management skills by engaging students in various decision making processes.
- Stimulating awareness regarding sensitivity towards environment & gender benefits of energy saving, linkage between man-environment and women empowerment.

सम्पादक मण्डल

रेखांकन : प्रमोद सहाय

ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम
वीएसएम (से नि)
राज्यपाल उत्तराखण्ड

सत्यमेव जयते

राजभवन उत्तराखण्ड
देहरादून 248003
फोन: 0135-2757400
2757403

सन्देश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला, देहरादून द्वारा पत्रिका "धरोहर" का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालय उच्च शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु भी उत्तरदायी हैं। शिक्षा के साथ ही महाविद्यालय को भी पर्याप्त प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

आशा है कि उक्त पत्रिका पाठकों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध होगी।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु शुभकामनाएं।

गुरमीत

(ले ज गुरमीत सिंह (से नि))

त्रिवेन्द्र सिंह रावत
पूर्व मुख्यमंत्री
विधायक - डोईवाला
उत्तराखण्ड

सदस्य विधान सभा

आवास सी./130
सैक्टर 03, डिफेंस कॉलोनी
देहरादून, उत्तराखण्ड - 248001
दूरभाष: 0135-2666600
मो.: 9412053515
ई-मेल: tsrawatbjp@gmail.com

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता है कि शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला जनपद देहरादून की वार्षिक पत्रिका "धरोहर" का प्रकाशन किया जा रहा है।

आशा है कि पत्रिका में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत आलेख रूचिकर एवं ज्ञानवर्द्धक होंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सम्पादक मण्डल द्वारा पत्रिका "धरोहर" के सफल प्रकाशन हेतु मेरी ओर महाविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

(त्रिवेन्द्र सिंह रावत)

धन सिंह रावत
मंत्री
उच्च शिक्षा, सहकारिता, प्रोटोकाल,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास

उत्तराखण्ड शासन

विधान सभा भवन
देहरादून
फोन: (0135) 2666410
फैक्स: (0135) 2666411

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि शहीद दुर्गामल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला की संयुक्तांक पत्रिका 'धरोहर' का प्रकाशन किया जा रहा है।

आशा करता हूँ कि पत्रिका अपने उद्देश्य में सफल होगी एवं पत्रिका में ज्ञानवर्धक तथा सारगर्भित पाठ्य सामग्री का समावेश होगा। यह पत्रिका छात्र-छात्राओं एवं समाज के बौद्धिक, आर्थिक , सांस्कृतिक तथा राष्ट्र के निर्माण की प्रगति में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी एवं आम जनमानस के लिए मार्ग-दर्शक का कार्य भी करेगी। पत्रिका जहां एक ओर रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर बौद्धिक उन्नयन, चहुंमुखी विकास एवं पाठ्येतर क्रियाकलापों का भी प्रतिबिंब होती है।

मैं अपेक्षा करता हूँ कि यह पत्रिका समाज के सभी वर्गों के लोगों को कोरोना काल में आत्मनिर्भर बनाने हेतु पठनीय एवं विचारणीय सामग्री प्रस्तुत करने में सहायक होगी।

शहीद दुर्गामल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला की संयुक्तांक पत्रिका 'धराहर' के सफल प्रकाशन हेतु मेरी ओर से महाविद्यालय के प्राचार्य, सम्पादक मण्डल, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएँ।

(डॉ० धन सिंह रावत)

डॉ. पी.के. पाठक
निदेशक (उच्च शिक्षा)

उत्तराखण्ड शासन

सन्देश

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला (देहरादून) उत्तराखण्ड द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "धरोहर" के संयुक्तांक का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालय की पत्रिका शैक्षणिक, अकादमी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों का दर्पण मात्र ही नहीं होती, अपितु महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बौद्धिक, वैचारिक एवं रचनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी है।

मैं आशा करता हूँ पत्रिका में प्रकाशित रचनाएं ज्ञानवर्द्धक एवं सारगर्भित होंगी और विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन करने एवं उनके विचारों में रचनात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम होगी।

मैं उक्त पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य, सम्पादक मण्डल, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों व छात्र/छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

मंगलकामनाओं सहित।

(डॉ. पी.के. पाठक)

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड - 249199

डॉ. पी.पी. ध्यानी
कुलपति

फोन : 01376-254110 (का.)
फैक्स : 01376-254110
वेबसाईट : www.sdsuv.ac.in
ई-मेल : vcsdsu2018@gmail.com

सन्देश

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला (देहरादून) द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका "धरोहर" का संयुक्तांक प्रकाशित किया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मक और विचाराभिव्यक्ति को एक सार्थक दिशा देने का भी प्रयास किया जा रहा है। साथ ही साथ, पत्रिका में महाविद्यालय की शैक्षिक तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों एवं सरंचनात्मक ढांचे में की गई उपलब्धियों का समावेश कर पत्रिका माध्यम से उजागर किया जा रहा है। मुझे आशा है कि प्रकाशित पत्रिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं तथा उच्च शिक्षा जगत के क्षेत्र में बेहतर संवाद कायम करने में सिद्ध होगी।

मैं शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोईवाला (देहरादून) द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका **"धरोहर"** की भव्यता एवं सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनायें ज्ञापित करता हूँ।

(डॉ. पी.पी. ध्यानी)
कुलपति

डॉ. डी.सी. नैनवाल
प्राचार्य

शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

डोईवाला (जनपद देहरादून)

सन्देश

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि महाविद्यलाय की पत्रिका "धरोहर" का संयुक्तांक छात्रों की रचनात्मक अभिरुचि तथा शिक्षकों की सृजनशीलता के फलस्वरूप प्रकाशित हो रहा है।

वर्ष 2001 में स्थापित इस महाविद्यालय के छात्रों द्वारा गत वर्षों में रोचक पाठ्य सामग्री **"धरोहर"** में प्रकाशित हुई है।

पत्रिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपनी लेखन प्रतिभा एवं सृजनात्मक विचारों की अभिव्यक्ति का सुअवसर प्राप्त हुआ है। पत्रिका में प्रकाशित लेख पत्रिका के लिए उपयोगी होंगे। ऐसी आशा करता हूं।

पत्रिका के प्रकाशन के लिए **सम्पादक मण्डल** को हार्दिक बधाई।

(डॉ. डी.सी. नैनवाल)

अनुक्रम

सम्पादकीय	4
चढ़ाई	9
उत्तराखण्ड हिमालयः परिस्थितिकीय समृद्धि एवं भविष्य की चुनौतियां	14
महिला नेतृत्व एवं राष्ट्र का सशक्तीकरण	16
विज्ञान, टेक्नोलॉजी और समाज	18
विभिन्न लोकसभा चुनावों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व	21
लॉकडाउन के समय में मानसिक स्वास्थ्य, समस्या व समाधान	26
आधुनिकयुगे संस्कृतस्योपयोगिता	27
भगवान का भेजा गया मानव के लिए एक तोहफा "माँ"	28
राष्ट्रीय सेमिनार : इतिहास विभाग	30
क्विज प्रतियोगिताओं द्वारा करियर गाइडेंस्	31
डॉ. राकेश जोशी की ग़ज़लें	32
सामाजिक अनुभूति	34
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस	34
गणित के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान	35
वैदिक गणित की प्रासंगिकता	37
गैर कानूनी गतिविधियों रोकथाम संशोधन विधेयक – 2019	38
अम्फान चक्रवात : एक भौगोलिक विश्लेषण	40
मौलिक कर्तव्य का अर्थ परिभाषा एवं महत्व	41
आत्महत्या	42
संविधान दिवस	44
भारत का संविधान	47
स्वामी विवेकानंद के विचारों की उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता	47
उत्तराखण्ड के विकास में युवाओं की भूमिका	51
कश्मीर 370 से आजाद	54
हिन्दी : वर्तमान स्थिति चिंताजनक	54
उत्तराखण्ड के विकास में युवाओं की भूमिका	55
रविन्द्रनाथ टैगोर– एक परिचय	57
सफलता और संघर्ष	58
तेल की बढ़ती कीमत का अर्थ–व्यवस्था पर प्रभाव	59
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस	60
संस्कृतभाषाया महत्वम्	62
संस्कृत निबंध : परोपकार	62
उपमा कालिदासस्य	63
अभिनवं संस्कृत साहित्यम्	64

मेरी मंजिल तो आसमान है 65
स्कूल के दोस्त 65
गुरु का महत्व गुरु महिमा 65
मेरी पहचान–मेरे पिता 65
परेशानियां 66
गणित के रोचक तथ्य 66
किसने सोचा था 67
गणित के रोचक तथ्य 67
यादें 68
वक्त 68
मैं लिखना चाहती हूँ 68
मँहगाई 68
थोड़ा समय निकाला करो 69
प्रकृति 69
नये जमाने के बच्चे 69
मैं और मेरी माँ 70
ससुर, दामाद और दहेज 70
अनुभव ज्ञान से बेहतर होता है 70
सफलता हमारी 71
विज्ञापन @ LOAN 71
एक वर्ष के बारह मास 72
शहीद का पत्र माँ के नाम 72
Acquire Skill and Knowledge through MOOCs 73
Folk-Consciousness and its mystical engagement with Landscape, Myths and the element of ... 77
Corona Viruses 82
Junk Food: Detrimental to Mental Health 85
English Language and its role in Society- An Introduction 88
Understanding Sociology 92
Studying Economics: Ways Ahead 94
Remote Sensing and GIS: An Emerging ITC Tool for Disaster and Emergency Management 98
Home Science: Curriculum and Career Opportunities 106
Nutrition and Immunity 109
Humanism in Rohinton Mistry's Fiction 111
Gender Equity and Gender Equality 115
Youth Culture 116
Religion And Politics in India 117
Learning from Corona Virus 2020 118
Mathematics in Various walks of Life 119
Save the Girl Child 121
An Argument against Child Labour 122

Our National Flag 123
The Power of Positive Thinking 123
The Crime of Rape 134
The Impact of rise in oil price on Indian Economy 125
Application of Science and Technology for Rural Development 126
Mathematics in Everyday Life 127
Essay on Swami Vivekananda 128
An Essay Swamy Vivekanand 129
Literature reflects the spirit of the Age 131
The issue of Triple Talaq 131
Great uses for an old android devices 132
Effect of Cybersport on Today's Generation 132
Unity in Diversity : a salient feature of Indian Society 133
Thoughts to remember 133
Have You Ever Imagined ? 134
Importance of Time 134
Moral Thoughts 134
Lives of Greatmen 135
Life is a struggle at every step 136
Numbers 136
Aryabhatta 136
Strength 137
Never Quit 137

Departments'Report 138
Department of English 139
गृह विज्ञान विभाग 142
संस्कृत विभाग 143
रोर्वस एवं रेंजर्स 144
चित्रकला विभाग 145
Department of Psychology 146
खेलकूद विभाग 147
गणित विभाग 151
राजनीति विज्ञान 153
अनुसूचित जाति अनुशिक्षण इकाई 155
भौतिक विज्ञान विभाग 156
राष्ट्रीय सेवा योजना की मुख्य गतिविधियाँ 157
छात्रसंघ निर्वाचन परिणाम 2019–20 163
छात्रसंघ निर्वाचन परिणाम 2017–18 164
छात्रसंघ निर्वाचन परिणाम 2018–19 165
मातृभाषा दिवस 166
'विलोल वीचि वल्लरी' कविता पुस्तक का लाकार्पण 167

सम्पादकीय

यह विश्व हर घड़ी किसी वसंत के इंतज़ार में रहता है...

हिमालय पर वसंत देर से उतरता है । देर से चंचल होती है हवा, उमगता है मौसम, सरसती हैं टहनियाँ । आहिस्ते चढ़ता है रुत का रोमान ! अपने नैसर्गिक और अकृत्रिम रंगों, ध्वनियों, खुशबुओं और स्पर्श की आंतरिक सिहरन से इसे भर देने के लिए ।

किसी ने कहा है वसंत आता नहीं, ले आया जाता है । शायद यही वज़ह हो इसके देर से आने की । जैसे कोई माँ, अपने बच्चों को शीत के दिनों में नहला–धुला, कपड़े बदलकर, उन्हें धूप और हवा में उछलते देख विभोर हो रहती है । अपनी सुध–बुध खोए...! हिमालय पर मधुऋतु कुछ ठहर कर आती है, इसकी श्रृंखलाओं का श्रृंगार कुछ विलंब से होता है, यह गिरि–जननी कुछ रुक कर, अचकचा कर सँवरती है । आखिर यह ऋतुओं की जननी है ।जीवधारियों के ज़रूरियात का कारखाना । इसकी हिमानियाँ, सदानीरा नदियाँ, मरकत उड़ेलती घाटियाँ और नानावर्णी–नानागंधी औषधियों, लता–पुष्पों, तरुओं से भरी वनावलियाँ इस महादेश में जीवन भरती हैं ।

यदि मैं कहूँ कि हिमालय पर वसंत का कुछ ज़ल्दी आना एक डरावनी बात होगी, तो शायद आप वैसे ही चौंक उठें, जैसे मैं गोपेश्वर की एक सभा में चंडीप्रसाद भट्ट को सुन कर चौंका था । वह गहरी व्यथा से कह रहे थे कि बुरांश, अब कुछ पहले खिलने लगे हैं । हिमालय धीरे–धीरे गर्म हो रहा है । प्रकृति अपना संकेत दे रही है । कहीं हम विकास की हड़बड़ी में ऋतु–चक्र की मर्यादा को क्षति न पहुँचा दें । डर है ।

एक डर तो मुझे यह भी है कि इस महा–गिरि को 'जननी' कह देने से कहीं आप बिदक न गए हों ! यह जानिए कि सद्गुणों में जो श्रेष्ठतम है, वह जननियों में अकूत है । कबीर की सुनें –– 'हरिजननी मैं बालक तेरा..!' अब उस परवरदिगार–परमेश्वर को कबीर ने खट से 'जननी' कह दिया । इससे तो ईश्वर की महिमा कुछ बढ़ ही गई होगी ।

कबीर 'हरि' को 'हरिजननी' कह दिए तो अब आप इस फ़िक्र में न गलिए कि इस हरि की भी कोई जननी होनी चाहिए कि नहीं । 'वस्तुओं के अनुक्रम' की इस खोज–बीन में मैं नहीं पड़ता । यह ऊँचे दर्ज़े के बुद्धिजीवियों का शगल है । बुद्ध इसी क्रोनोलॉजी के चक्कर में दर–दर भटके और 'प्रतीत्य–समुत्पाद' खोज लाए । कार्य–कारण की कड़ियाँ उठा लाए ; और ईश्वर की संभावना से ही हाथ धो बैठे थे । बहरहाल !

कृष्ण ने महाभारत के शुरुआत में ही, अपने को 'ऋतूनां कुसुमाकरः' और श्स्थावराणां हिमालयरूश बता दिया था । कि जिसमें वसंत का रोमान न हुआ, उसमें हिमालय सा स्थैर्य कहाँ ? और यह वासंती हवा जिसे विह्वल न कर दे, उसे अपना चोला वासंती–रंग में रंगाने की ज़रूरत क्यों होगी ? कवियों ने बार–बार इसे काम–क्रोध का चोलना पहिराया; और बारह माह वसंत में रमने वालों ने इसे उतार–उतार फेंका । कि यह अपरिभाषेय बना रहे । इसी में इसकी अर्थवत्ता है । वह सृजन ही क्या जिसका ओर–छोर पहले से ही अनावृत्त हो । कहा न, वसंत एक गतिशील क्रिया–कलाप है । कभी न ठहरने वाला कारोबार । पुरातन का ध्वंस और नवोन्मेष है । प्रतिरोध और अनुरोध है । उदास पलकों पर उतरा

ख़्वाब है । यह विश्व हर घड़ी, किसी वसंत के इंतज़ार में होता है । यह मुश्किल घड़ियों में आता है । ठूँठ पर आता है । संताप के कंधे पर चढ़ा आता है । विपदा से, विरह से, आह से खिंचा चला आता है । सुभद्रा कुमारी चौहान ने कभी इस गुलाम देश के युवकों से यह जानना चाहा था : 'वीरों का कैसा हो वसंत ?' और निराला ने सुझाया कि "अभी–अभी ही तो आया है मेरे वन में मृदुल वसंत , अभी न होगा मेरा अंत।" तब उन्होंने वसंत को अनंत(कारी) बताया ।

यही है वसंत ! आशा का अमर संदेश !! अनंत का उद् घोष !!! यह वसंत हमारे हर ओर बिखरा हुआ होता है । वैसे ही जैसे अनंत । लेकिन हमें इसका भान नहीं होता । हम इसी अनंत के वाशिंदे हैं । हमारी साँसें ही हमारा जीवनाधार–कार्ड हैं । कोई सूरदास को बताए कि कबीर का 'निर्गुन' भी कहीं इसी देश का वासी होगा । जो यहाँ न हुआ तो कहीं का न होगा । जो है, बस यहीं तो है, इसके परे कुछ नहीं । और यह अनंत–देश, यानी समूचा पदार्थ–जगत क्षण–क्षण रूपांतरित होता चलता है । पक्की बात है कि जो है, वह बदलता हैं । वसंत की आहट कहीं देर से आए तो क्या ? किसी बाग में, किसी ललाट पर, किसी मन में वह उतरा होगा । उसकी दस्तक देर–सवेर हर ओर सुनाई देने लगेगी । आप सदाहरित देवदारु और कैल को देख वसंतागमन का कोई अनुमान नहीं लगा सकते । वनस्पतियों के अनन्य–सखा कल्याण सिंह रावत बताते हैं कि इनके शंकुकाय पत्ते एक–एक कर कब गिरते और आते हैं, यह जाना नहीं जा सकता । यानी यह रूपांतरण सूक्ष्म और विराट–जगत में अनवरत होता रहता है । निर्बाध । वसंत, सृष्टि के इसी रूपांतरण की बेला है । लाल–लाल बुरांश जब बुलावा देते हैं, हिमालय की ढलानों पर, सृष्टि सरक आती है एक नई ओर, अगले चरण की ओर । वसंत की यह सृजन–चर्या ही, संसार की बमयतमाम, उसके जीवों और वनस्पतियों की उत्तरजीविता है ।

यहाँ मैं हिमालय की तलहटी में एक सख्त तने वाले दरख्त को छू कर देखता हूँ । जैसे कोई बहार की नाइंसाफी से खिन्न, मुँह फ़ेरे ऐंठा हो । इसके कोटरों से चींटियों की पंक्तियाँ आँसुओं की तरह निकल आईं हैं । सहसा मुझे हिमवंत के कवि चंद्रकुंवर याद आते हैं । "जिनसे नव वसंत फूलों के हास छिपाता, ... धन विषाद में निशिदिन डूबी रहने वाली, विक्षिप्तों सी पृथ्वी भर में फ़िरने वाली ! ये मेरी आँखे हैं, जिनको कुछ न सुहाता । जिनसे नव वसंत अपना मृदु हास छुपाता।" यह हाहाकार, मधुमास की आँख से खून की तरह टपक पड़ता है । हमें कभी उन वंचितों के वसंत के बाबत भी सोचना चाहिए । कवि के हिसाब से 'नव वसंत में, जिनके यौवन को मरना है ।' चंद्रकुवँर सा हिमालय का दूसरा कौन कवि हुआ जो कहे 'मेरा घर है वहाँ, जहाँ बच्चियों जैसी, नाच नाच बहती हैं, छोटी–छोटी नदियाँ ।' उन नदियों के बारे में आप सुंदरलाल बहुगुणा से संवाद–रत होते तो शोक की नदी में डूब जाते । चंद्रकुंवर फ़िर कहते हैं ' मैं सूने शिखरों से आया । दावानल ने सुलग जिन्हें तरु की छाँहों से रहित बनाया । कभी न जिन पर पड़ी जल–भरित सावन के मेघों की छाया ।' क्या हिमालय में कोई ऐसा भी शिखर होगा जिन पर जल–भरित मेघों की छाया न पड़ती हो ? फ़िर क्या कहते हैं चंद्रकुवँर, कोई जानना चाहेगा ? लेकिन वसंत में 'धन–विषाद' से विक्षिप्त हो फ़िरने वाली आँखों से आँखें कौन मिलाए। और कौन जयशंकर प्रसाद की कामायनी–श्रद्धा के उस विचित्र प्रश्न से जूझे जो वह वसंतागार हिमालय को देख पूछ बैठी है कि "दृष्टि जाती जब हिमगिरि ओर, प्रश्न करता मन अधिक अधीर । धरा की यह सिकुड़न गंभीर, आह कैसी है क्या है पीर..." निस्संदेह, इस प्रश्न का रिश्ता सिर्फ़ हिमालय की पीर से नहीं: जीवन के संकटों और प्रकृति के तज्जनित संकेतों के अंतर्संवाद से है ।

कहना चाहता हूँ कि वसंत, पीले सरसों की क्यारियों से उतना नहीं , जितना ज़र्द पड़ गई ख़्वाहिशों से बाबस्ता है । वसंत कुछ और नहीं, वसंत की अधीर अभिलाषा है । मुक्तिबोध की भाषा में प्रजननशील–प्यास है । मेरे पास वसंत को व्याख्यायित करने के लिए एक शब्द हुआ करता था –– पुनर्नवता । लेकिन अब मुझे यह एक क्रिया–रहित, अपाहिज़ पद लगने लगा है । इस दुनिया के असंख्य मनुष्यों की धूल–धूसरित कामनाएँ हमारी छाती पर चढ़ कर पूछती हैं कि वसंत कोई पत्रा की तिथि है क्या ? हमारे जीवन में वसंत का आना किसी मौसम का मोहताज है क्या ? क्या बहारों से उठने वाली हूक वसंत नहीं ? क्या नाउम्मीदी की कचोट वसंत नहीं ? क्या बदलाव की आतुरता वसंत नही ? सुना नहीं, वसंत आता नहीं, ले आया जाता है... ।

✧✧✧

हमारी दुनिया आज मुश्किल में है । और कहा जा रहा है कि हमें इन मुश्किलों के साथ जीने की आदत डालनी होगी । हमें कोरोना वायरस के साथ जीने की आदत डालनी होगी । हमनें बार बार साबुन से हाथ धोते रहने की आदत डाल ली है । फ़िर भी

हमें किसी अन्य संभावित अनहोनी के साथ जीने की आदत डालनी होगी । हमें युद्धों के साथ जीने की आदत डालनी होगी । हमें प्रदूषण और दुर्गंध और शोर शराबे के साथ जीने की आदत डालनी होगी । हमें क्रूरता और मनुष्यता के क्षरण के साथ जीने की आदत डालनी होगी । हमें असीमित संपन्नता और असहज करने वाली विपन्नता के साथ जीने की आदत डालनी होगी । क्या आज हमारे पास कोई ऐसा साहसपूर्ण विचार नहीं है ; जो हमें इन मुश्किलों से आँख मिलाने का हौसला दे सके.. !

हाल ही में हमने महात्मा गाँधी की डेढ़ सौंवीं सालगिरह मनाई । क्या उनसे कुछ बात की जाए...

हम देखते हैं कि हमारे युग के संकट का एक बड़ा हिस्सा विकास की हमारी अवधारणा से जुड़ा हुआ है । विकास के बारे में हमारी समझ प्रायः नृकेंद्रीय (एंथ्रोपोसेंट्रिक) प्रत्यय से घिरी रही है ; बावजूद इसके मनुष्य प्रजाति के लिए भी ––– यह गंभीर संकट उत्पन्न करने वाली शै साबित हुई है । इसने लोभ लालच, हिंसक उपभोक्तावाद, असमानता और दारुण –दारिद्र्य के चित्र हमारे सामने रखे । निरंतर चलने वाले युद्धों और हिंसा का बोलबाला, विकास के पहलू के रूप में चिन्हित हुआ ; वहीं इसने पर्यावरणीय संतुलन को भी तहस–नहस करने में कोई कसर नहीं उठा रखा । हमने स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आशय वाले जिस आधुनिक सभ्यता को खुशी–खुशी अपनाया ; कहना होगा, अनालोचनात्मक ढंग से अपनाया उस में छिपे हुए संकट के बीज हमारी दृष्टि से ओझल रहे । हालांकि न सिर्फ़ गाँधी बल्कि रूसो, रस्किन, टॉलस्टॉय, बौदलेयर, मिल और थोरो आदि ने भी इस आधुनिक सभ्यता के टेक्नो–साइंटिफिक रूप में अंतर्निहित मनुष्य की यंत्राधीनता की तीव्र भर्त्सना की थी । वर्ष 1909 में महात्मा गांधी ने 'हिंद स्वराज' में इसे 'शैतानी सभ्यता' के विशेषण से नवाजा । लेकिन दुनिया ने इन स्वरों को नजरअंदाज किया । जॉन स्टूअर्ट मिल ने कहा की जनसंख्या और संपत्ति की अमर्यादित वृद्धि के कारण यदि पृथ्वी का सौंदर्य नष्ट हो रहा हो तो हमें यह वृद्धि और विकास छोड़ देना चाहिए । क्या हमें यह छोड़ने को तैयार हैं ? बौदलेयर ने कहा कि जिससे हम जीने की इच्छा रखते हैं, उसी चीज से हमारा विनाश होगा । यंत्रों का यह राक्षस यंत्रासुर और हमारा अमेरिकीकरण कर देगा । तथाकथित प्रगति हमारी आध्यात्मिकता को नष्ट कर देगी। यह सर्वनाश सबसे मुख्य तो हृदय की नीचता में दिखाई देगा । हमारी बच्ची खुशी सामाजिकता इस पाशवीपन का शायद ही मुकाबला कर सकेगी ।

थोरो तो इस सर्वस्व बाजारवादी मनोवृत्ति को कविता विरुद्ध, दर्शन विरुद्ध और जीवन के विरुद्ध बड़ा से बड़ा अपराध मानते हैं । रूसो जो कि मनुष्य को स्वभाव से स्वार्थी नहीं मानते परंतु उसके ऊपर औद्योगिक सभ्यता के पाशविक आक्रमण से विचलित होकर कहते हैं कि इसने नैतिक मनुष्य और अनैतिक सभ्यता के बीच विसंगति पैदा कर दी है । रस्किन आधुनिक समय में मनुष्य को अनीति की ओर जाते देखते हैं तो गांधी 'हिंद स्वराज' में चेतावनी देते हैं कि यंत्रों ने यूरोप को उजाड़ना शुरु किया है तथा उसकी हवा हिंदुस्तान में भी है । यंत्रों को आधुनिक सभ्यता की निशानी, मुख्य निशानी रेखांकित करते हुए वह उसे 'महापाप' और 'सर्प के बिल' की संज्ञा देते हैं । जिसमें एक ही सर्प नहीं होता, सैकड़ों होते हैं । हम देखते हैं कि एक ज्ञानात्मक प्राणी के रूप में इस पृथ्वी पर रहने के लिए मनुष्य को जिन वस्तुओं विचारों और न्यूनतम सुविधाओं की अपरिहार्यता है उनका तीव्र गति से ह्रास हो रहा है । 'प्राण वायु' कहीं कहीं प्राणघातक–वायु के रूप में बह रही है । जल, जो लंबे समय तक पीने योग्य नहीं रह जाने वाला है । उसके अभाव के संकेत भी मिलने लगे हैं । अन्न, अपने नैसर्गिक उत्पादन की क्षमता खो कर जेनिटिकली मोडीफाइड और टर्मिनेटर सीड के रूप में हमारे जीवन और स्वास्थ्य के लिए एक चुनौती पेश कर रहा है । हमारी सामाजिकता और मिलजुल कर रहने व श्रम करने की प्रवृत्ति खतरे में पड़ गई है । हमारा अध्ययन, हममें दैहिक श्रम के प्रति हीन दृष्टि उत्पन्न कर रहा है । ज्ञान की जिज्ञासा ; समृद्धि और विलास की खोज में बदलती जा रही है । आधुनिकता के बहुत से पाठ प्रचलित हैं । इसी भांति विकास के भी । किंतु आज भी इसके कोर में वही नृ–केंद्रीय प्रत्यय मौजूद है । हालांकि प्रकृति से मनुष्य की अंतर्संबद्धता की अपरिहार्यता के विचार से दुनिया आज अनभिज्ञ नहीं है । प्रश्न उठता है कि क्या यह पृथ्वी सिर्फ मनुष्य की शरण स्थली है ? हम प्रकृति के शेष प्राणियों के प्राणाधिकारों के रक्षा की बात किससे करें ? अभी तो यह प्राणियों में सिरमौर, मनुष्य ही बहुत से मनुष्यों को भी जीने का समान अवसर देने के विचार से कन्नी काटता आया है । साथ ही शौकिया तौर पर प्राणियों की रक्षा के आंदोलन भी चलते रहे हैं । निसंदेह 'मनुष्य की उत्तरजीविता' पर विकास के इस प्रचलित रूप ने गहरा संकट पैदा किया है । आश्चर्य की बात यह है कि जिन राष्ट्रों और और समाजों ने विकास के आसमान में जितनी ऊंची छलांग लगाई है ; उनके मनुष्यों की उत्तरजीविता के सम्मुख उतने ही बड़े ख़तरे उपस्थित हैं ।

वस्तुतः मनुष्य की उत्तरजीविता का संबंध प्रकृति के जैव–अजैव रूपों से अंतर्संबद्ध है । हम देखते हैं कि विकास के मनुष्य–केंद्रीय प्रत्यय ने हमारे सामाजिक और पर्यावरणीय–संतुलन के लिए विक्षोभकारी परिणाम उत्पन्न किए हैं । एक चेतना संपन्न प्राणी के रूप में हमारा शेष प्राणियों और वनस्पतियों के प्रति एक उदात्त और संवेदनशील संबंध होना, स्वयं हमारे अस्तित्व के लिए भी अनिवार्य होता जा रहा है । हमें धरती की जैव व वानस्पतिक विविधता को बचाने का ज़िम्मा लेना होगा । हमें शिक्षा और विकास की एक नई अवधारणा पर विचार करना होगा । इसका पुनर्प्रत्ययन करना होगा । विडंबना ही है कि इस सभ्यता ने ––––– जहाँ तक इसका प्रसार हो सका ; नाना संस्कृतियों के मनुष्यों की जीवन शैली को यंत्रों के अधीन करने का लक्ष्य, जो उनके जीवन को और अधिक सुखद बनाने के दावे के चलते पाया था ।इस सभ्यता के मूल में उपभोक्ता वस्तुओं की अति–उत्पादकता और कृत्रिम आवश्यकताएँ सृजित कर के ढेरों मुनाफा कमाना रहा । कुछ कंपनियों के लिए यह अकूत संपदा

बटोरने वाला खेल साबित हुआ और इसने मानव जाति को शारीरिक और मानसिक रूप से अधिकाधिक अक्षम बनाया । मानव शरीर को टालस्टॉय की ही भांति गांधी भी एक नायाब यंत्र मानते हुए उस पर पड़ते मशीनों के प्रभाव का जमकर विरोध करते हैं । इसका अर्थ यह नहीं कि गांधी जी ने मशीनों को त्याग देने का प्रस्ताव दुनिया के सामने रखा । रोमाँ रोला ने इस बारे में उनके विचार को और अधिक स्पष्ट करते हुए लिखा था कि आज के गांधी, मशीनों और औद्योगिक तकनीकों की मुख़ालफत नहीं करते । बल्कि वह औद्योगिक सभ्यता से उत्पन्न एक उपभोक्ता समाज की श्रमहीन संस्कृति को विकृति मानते हैं । इस सभ्यता में खुशहाली कुछ के लिए ही थी । शेष के लिए 'दरिद्रता, अंधकार और कलह–कोलाहल' ही था । और इसके मूल में हर तरह की हिंसा अनुस्यूत थी । ग्रेग ने मशीनों के कारण पनपी परजीविता को रेखांकित किया और बताया कि युद्धों से भी अधिक लोग मशीनों के कारण मरते और अपाहिज होते हैं।

आज गाँधीजी को याद करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम दुनिया के मौजूदा संकटों को ले कर उनसे संवादरत हों । अहिंसा और अपरिग्रह के विचारों में वह हमें मर्यादित विकास की कुंजी सौंप गए हैं । सुनिए वह कह रहे हैं.. 'अपने उपयोग से अधिक वस्तुओं का संग्रह भी हिंसा है'।

✧✧✧

'धरोहर' का यह अंक देर से आया है । पाँच सत्रों ––– 2016–17 से 2020–21 ––– के इस अंक की अनिरंतरता की ज़िम्मेदारी, बेहतर होगा कि मैं ही ले डालूँ । इन तमाम वर्षों में यह काम मेरे ही ज़िम्मे रहा होता ; तब भी इससे बेहतर नतीज़े की उम्मीद न थी । लेकिन यह क्या है...! मिशेल फूको किसी हिस्टॉरिकल कन्टीन्युटी को नहीं मानते । (हम उनसे असहमत हो सकते हैं कि वह तो सत्य को भी एक पदानुक्रम का विमर्श ही मानते हैं ।) वह इनिगमेटिक डिस् कंटीन्यूटी और रप्चर ––– रहस्यमय अनिरंतरता और टूट–फूट, दरार... की बात करते हैं । हालाँकि भाषा की ओर लौटने के उद् घोष के साथ वह फ़ार्मुलेशन / विवेचन में फाँक को रेखांकित करते हैं । यह विवेचन या निरूपण तो एक टूल है, जिसका इस्तेमाल हम किसी वस्तु या समस्या को खोलने के लिए करते हैं । इसलिए क्या यह उचित नहीं होगा कि विवेचन या निरूपण (में) की अनिरंतरता और टूट फूट / दरार... के स्रोत का पीछा करें । कि इसका उत्स क्या है । फ़िर कहीं वह स्रोत वह उत्स खुद उस निरुपेय समस्या के भीतर ही न पा लिया जाए ... ।

क्या हमारी यह समस्या सचमुच 'कार्य करने की निरंतरता' का भंग होना है । यदि हाँ तो इससे बचने का यही एक रास्ता है कि कार्य की निरंतरता को बनाए रखा जाए । ... क्या बग़ैर यह जाने कि –– कार्य क्या है.. ––हम उस कार्य की निरंतरता बनाए रख सकते हैं ? सृजन–कर्म ! क्या इस कर्म के लिए 'कार्य के प्रति निष्ठा' और 'कर्मठता' एक निणार्यक तत्व हैं ? क्या रचनात्मकता की खानापूर्ति मुमकिन है ?

एक संपादक के लिए सबसे अधिक तक़लीफ़देह पहलू यह होता है कि उसके पास प्रकाशनार्थ जो सामग्री आती है ; उसके लिखने वाले प्रायः 'रचना' के अर्थ से ही बिल्कुल अपरिचित होते हैं । और ऐसे ग़ैररचनात्मक लेखन को एक पिटारे में समो लेने से खुद उस संपादक (जो कि संभव है सूक्ष्म संवेदनाओं से युक्त लेखक भी हो) पर क्या गुज़रती होगी, इसका कोई अनुमान है । इस तरह तो वह एक लेखक या संपादक के रूप में फ़िनिश हो जा सकता है । रचनात्मक लेखन को इतनी शिद्दत से समझने समझाने के माने ये कतई नहीं कि बाकी लेखन निस्सार हैं । बल्कि दुनिया का काम तो उन्हीं से चलता है । ज्ञान, विज्ञान, समाजिक–आर्थिक–चिंतन, बाज़ार–वाणिज्य आदि से.. । बेशक, पत्रिका में अकादमिक लेखन / ज्ञानात्मक लेखन वग़ैरह की सम्मानजनक जगह होती है । तमाम ज्ञानानुशासनों के प्रति जिज्ञासा की पूर्ति भी किसी शैक्षणिक परिसर की पत्रिका की एक ज़रूरी विशेषता है । इस अंक में हमारे विद्वान अध्यापकों / अध्यापिकाओं और मेधावान विद्यार्थियों के ऐसे कई लेख हैं ।

बावजूद इसके, रचनात्मक लेखन के बग़ैर किसी पत्रिका के बारे में नहीं सोचा जा सकता.. । आप यह जानिए कि एक पत्रिका खोलते ही कोई पढ़ना चाहेगा ––– मौलिक कविताएँ, कहानियाँ, आलोचना, निबंध, एकांकी, संस्मरण, यात्रावृत्तांत, भविष्य के सपने, जीवन की कल्पनाएँ वगैरह वगैरह...। इस अंक में हमारे सम्माननीय साथी श्री नवीन नैथानी की कहानी 'चढ़ाई' और उनकी कहानियों पर डॉ. पल्लवी मिश्रा का वैदुष्यपूर्ण आलोचनात्मक लेखन पढ़िए ।

जब हम किसी रचना की मौलिकता पर विचार करते हैं तो उसके माने सिर्फ़ यह नहीं है कि वह किसी दूसरे की लिखी हुई न हो कर ; मेरे द्वारा लिखी हुई हो । बल्कि रचना को उसके मूल से, लेखक ने अपनी सूक्ष्म संवेदनाओं और जीवन जगत के अपने निजी अनुभवों के भीतर से ग्रहण किया हो । उसे लिखनेवाला अपने चारों ओर, और अपने भीतर बन और बिखर रही दुनिया का अवलोकन करता रहा हो । अनुभूति की सूक्ष्मातिसूक्ष्मताएँ उसे संवेदित और गतिशील करती रहीं हों । और तब वह उन्हें अभिव्यक्त करने के लिए बाध्य हो जाए...। यह रचनात्मक बेचैनी ही मौलिकता है । इसमें लेखक के विशद अध्ययन और लोगों से मिलने जुलने, व्यक्ति चरित्रों के अनुशीलन का भी अपना रोल होता है । तो इस राह से वह (लेखक) एक मौलिक रचना की ओर कदम बढ़ाता है । इन सब बातों के बग़ैर तो रचना–कर्म मुमकिन नहीं । अगर है तो वह 'रचनाभास' है...।

हालांकि लेखन–कर्म मनुष्य के लिए कोई अनिवार्य वस्तु नहीं । वह अपने को अभिव्यक्त करने के दूसरे उपाय भी रखता है । मसलन, अभी कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान हमने देखा कि बाकी लोगों की तरह हमारे तमाम विद्यार्थियों ने भी अपनी सामर्थ्य से आगे बढ़ कर लोगों की मदद की, उन्हें रक्त दिया और प्रायः किसी कराह को अनसुना नहीं होने दिया । महाविद्यालय के एन० सी० सी० कैडेट्स ने कोरोना–संकट के दौरान प्रशासन को उल्लेखनीय सहयोग दिया और सम्मान अर्जित किया । बेशक, जब लोग संकट में हों, तो अपने को संकट में डालकर उनका साथ दो । क्यों कि तुम कष्ट उठा रहे लोगों की अवहेलना कर के तो ख़त्म ही हो जाओगे... । एक मनुष्य के रूप में बचे नहीं रह पाओगे । यही है उच्चतर श्रेणी की रचनात्मकता । अपने जीवन को औरों के जीवन की रक्षा के लिए खपा देने से अधिक सृजनात्मक कार्य कोई दूसरा भी है क्या !

एक पत्रिका को परिसर की सृजनात्मक उथल–पुथल का दस्तावेज होना चाहिए । वह किसी समाज के रचनात्मक कर्म का कारखाना होती है । उसमें तरह तरह की गूँजें अनुगूँजें सुनाई देनी चाहिए । बहुत से लेखकों की पहली रचना ऐसी ही किसी पत्रिका में छपी है । मैं अपने प्रिय विद्यार्थियों से कहना चाहता हूँ कि वे अपने लेखन को गंभीरता से लें । पत्रिका हेतु अपनी रचना भेजने के लिए अगर आप इंटरनेट / गूगल और व्हाट्सएप की ओर रुख़ करते हैं तो आप अपनी सृजनात्मकता को वह अवसर नहीं देना चाहते ; जिसके लिए यह पत्रिका निकल रही है । आप कोई सृजनात्मक कार्य करने जा रहे हैं तो बराए–मेहरबानी उस कलाकर्म से कुछ परिचित ज़रूर होइए । चाहे वह लेखन हो, पेंटिंग हो, गायन हो या अभिनय। उस कलाकर्म के अंतर्गत पहले के और अपनी समकालीन दुनिया में हुए कार्यों को देखिए सुनिए... । फ़िर हो सकता है कि आप उससे कुछ अलग और कुछ बेहतर भी कर दिखाएँ । एक बार पानी में उतरिए, हो सकता है आप तैर लें...

कहते हैं कि लय टूट जाती है तो उसे उठाना मुश्किल होता है । अब मुझे बेझिझक यह कहना होगा कि एक लंबे अंतराल के बाद यह पत्रिका 'धरोहर' सिर्फ़ इसलिए प्रकाशित हो सकी कि हमारे आदरणीय प्राचार्य महोदय डॉ. डी. सी. नैनवाल साहेब ने सुदीर्घ और स्नेहयुक्त संबंधों को एक ओर रखते हुए, बेहद कठोरता से, जितनी जल्दी हो सके पत्रिका प्रकाशित करने के लिए मुझे बाध्य कर दिया । बस ग़नीमत ये रही (और मेरी खुशकिस्मती भी) कि जिस टीम के साथ मुझे काम करने का अवसर मिला, उनमें से प्रत्येक, अकादमिक और सृजनात्मक लेखन के क्षेत्र में मुझसे बेहतर था । लिहाजा इस पत्रिका की परिकल्पना, अंतर्वस्तु की रूप रेखा, सामग्री–चयन और मुद्रित–शोधन (प्रूफ़रीडिंग) में मुझे अपने साथियों की क्षमता का अवर्णनीय लाभ मिला । फ़िर भी जो ख़ामियाँ इसमें रह गईं ; बिलाशुबहा वे मेरी ही हैं : लेकिन वे उनकी तुलना में बहुत कम हैं, जो मुझमें पहले से ही प्रचुर हैं ।

पत्रिका के प्रति महाविद्यालय के प्राध्यापकों की गहरी जिज्ञासा, उत्सुकता और भाँति–भाँति के सहयोग ने मुझे उत्साहित किया और पत्रिका के संपादन के दुष्कर कार्य को आसान बनाया । यह ज़रूर है कि अपने साथियों के इस यकीन के चलते कि हमारी टीम पत्रिका निकाल कर ही दम लेगी ———— मैने अपनी लापरवाहियों पर कड़ी नज़र रखी । इनमें हम उन प्राध्यापक साथियों को भी याद करते हैं, जो हमें छोड़ कर खामखा विश्वविद्यालय चले गए । महाविद्यालय के कर्मठ और निष्ठावान कर्मचारियों की जब जहाँ ज़रूरत महसूस हुई, उन्होंने अपना सहर्ष सहयोग दिया । छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक पुरी ने अपने सामर्थ्य और संपर्क का इस्तेमाल कर छात्रसंघ–पदाधिकारियों की तीन वर्षों की सूची के अनुसार अधिकतर तस्वीरें मुहैय्या कराईं । बाकी रह गईं कुछ तस्वीरें मेरे विद्यार्थी आसिफ़ हसन ने तलाश कर भेजीं । मुझे याद आ रहा है कोरोना की दूसरी लहर में आसिफ़ , मनीष यादव और उनकी टीम ने जहाँ कहीं खून और प्लाज़्मा की ज़रूरत हुई, मदद पहुँचाई । धरोहर का फ्रन्ट कवर और लगभग सभी तस्वीरें महाविद्यालय के पूर्व छात्र और श्रेष्ठ फोटोग्राफर श्री पवन कुमार तिवारी का छाया चित्र है। बैक कवर भी पूर्व छात्र श्री उत्तम कुमार की पेंटिंग है। संपादक–मंडल के साथियों ने शब्दों और चित्रों को जिस कौशल से अपने हाथों में उठा कर 'धरोहर' को संजोया है ; वह कहते नहीं बन पड़ रहा है ।

अंत में मैं अपने विद्यार्थियों से कहना चाहूँगा कि महाविद्यालय की अकादमिक और ज्ञानात्मक गतिविधियों की दलहीज़ के बाहर चलने वाले रचनात्मक क्रिया–कलापों की ओर भी रुख़ किया कीजिए । और नए स्वप्नों, कल्पनाओं और विचारों को अपने मन–मस्तिष्क में आकार ग्रहण करने दीजिए...



चढ़ाई

–डा0 नवीन कुमार नैथानी
भौतिक विज्ञान विभाग

वह बूढ़ा बंसखेड़ियों के झुंड के पास पहुंचकर रुक गया। उसने ऊपर नजर दौड़ाई – साल के नंगे पेड़ों के बीच गायों के अधछिपे शरीर हरकत कर रहे थे। उसने अपनी लाठी आहिस्ता से आम के पेड़ के सहारे टिकायी, अपने बदन को पेड़ का सहारा दिया और थकान मिटाने के लिए बैठ गया। उसने अपनी आँखें मूँद लीं।

उस स्थिति में चौकीदार नहीं लग रहा था। हालाँकि लोग उसे चौकीदार कहा करते क्योंकि तीस साल पहले तक वह चौकीदार हुआ करता था। तीस साल पहले जब वह बूढ़ा हुआ, उसके मालिकों ने उसकी छुट्टी कर दी। तीस साल बाद भी वह बूढ़ा था ...।

उसने आँखें खोलीं जैसे नींद से जागा हो। उसके सामने बच्चों का झुंड था। उसे आश्चर्य हुआ – बच्चे जेसे बिना आहट किये आकाश से टपक पड़े।

"तुमको मार पड़ी थी ना?" उनमें से एक बोला।

"दाद्दाजी तुम चोर थे?" दूसरे ने कहा।

फिर सब बच्चे खिलखिलाये। वह मुस्कराया, उसकी बेतरतीबी से छितरी मूँछें थोड़ा हिलीं। उसने लाठी उठायी और उन्हें दिखायी। वे सब दूर भागे। हँसे। फिर नजदीक सरक आये।

"पता है, कै बरस पहले की बात है?" वह गम्भीर हो गया। उसने लाठी फिर पेड़ के सहारे टिका दी।

"बहोत पेले की।" उनमें से कोई बोला।

"हाँ।" उसने पीठ पेड़ के तने से जमीन की तरफ खींच ली और पेड़ को तकिये की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश करता लेट–सा गया। "तब यहाँ एक साधु रहता था। समझे? उसकी मुर्गियाँ थीं, मुर्गियाँ ....बहोत सारी। आठ, दस, पन्द्रह, पच्चीस, पचासों मुर्गियाँ। मैं पत्थर मारूँ, वो भाग जाएँ। एक मर्तबा उस साधु ने मुझे पकड़ लिया।"

बच्चे हँसे। बूढ़ा उनकी हँसी की बरसात रुकने का इन्तजार करता रहा। वे थमे। बूढ़े ने करवट ली, "फिर उसने मुझे लाठी मारी। समझे। लाठी से पीटा।"

बच्चे चुप थे। वे उसके चेहरे पर देख रहे थे। उसका लम्बा–सा मुँह। छितरे हुए दाँत, छितरी हुई मूँछें। सर पर छितरे हुए बाल .....

"मैं चोर था।" साल के मरे हुए पत्ते चरमराये। वह आहिस्ता–आहिस्ता उठते हुए बैठ गया। उसने लाठी उठायी और उसे बच्चों की तरफ हिलाते हुए कहा, "गायें, उजाड़ पे गयी हें। जल्दी भागो।"

बच्चे हड़बड़ाकर उठे। पहाड़ी की तरफ दौड़े। उनके दौड़ते कदमों के नीचे साल के पत्ते चरमराये। वह लाठी टिकाये धीरे–धीरे उठ खड़ा हुआ। पीछे से लुढ़कते पत्थरों की आवाज के बीच गायों की घंटियाँ टनटनायी। बच्चे गायों को हाँकते दूर चले गये।

उसने एक कदम आगे बढ़ाया और फिर रुक गया। वह सड़क बंसखेड़ियों के आगे सँकरी हो गयी थी। उसने नीचे की तरफ देखा – एक लम्बी ढलान। झाड़ियाँ – बेतरतीबी से छितरी हुई। यहाँ–वहाँ पेड़ों की छाँह तले वे घनी हो आयी थीं। उसने हवा खींची, अपना बायाँ हाथ कमर पर रखा और आगे बढ़ गया।

चार कदम चलने के बाद उसे लगा जैसे कोई उसके पीछे–पीछे तेजी से आ रहा है। वह रुक गया और धीरे–धीरे एक लय के साथ पीछे मुड़ा। सामने से कोई चालीस बरस का आदमी चला आ रहा था। उसे वह अजीब–सा चेहरा लगा। ऐसे चेहरे उसने पहले कभी नहीं देखे थे, चौकीदारी के उन बरसों में भी नहीं। एकदम गोरा चेहरा, जिस पर हरी आँखे चोकोर लम्बे चौखटे के ऊपर किसी माणिक–सी चमक रही थीं।

वह उससे कोई पाँच कदम दूर रुक गया। उसके शरीर से पसीने की गन्ध आ रही थी। बूढ़ा पसीने की गन्ध से परेशान था– शायद नहीं भी था। अजनबी आदमियों से परेशान नहीं होना चाहिए। उन पर नजर रखनी चाहिए, चौकीदारी का यह गुर उसने ईजाद किया था और अब भी उस पर अमल करता था। हालाँकि अब वह चौकीदार नहीं था।

"जी, सुनिए ....जरा एक मिनट।" अजनबी की आवाज बड़ी बारीक थी और उसकी एक उँगली हथेली से अलग निकल आयी थी।

बूढ़ा मुस्कराया। उसकी मूँछें थरथरायीं। वह सड़क के बीच में बैठ गया।

"बैठो।"

"जी.... लम्बा रास्ता है।" अजनबी ने कहा और सड़क के किनारे आसपास कुछ तलाश करने लगा। एक उभरा पत्थर देखकर वह वहाँ तक चला गया और उस पर बैठ गया। "मैं बड़ी दूर से आया हूँ। क्या सौरी का रास्ता यही है?"

बूढ़े ने सिर उस अन्दाज में हिलाया जिसका मतलब सिर्फ हाँ होता है।

"खुदा का शुक्र है। मैं मना रहा था कि यही रास्ता हो।" बूढ़ा चुप रहा। अजनबी भी चुप हो गया।

दूर जंगल में कहीं मुर्गा कुड़कुड़ाया।

अजनबी जेब से रूमाल निकालकर पसीना पोंछने लगा।

बूढ़ा चुपचाप बैठा रहा। कई पल इसी तरह गुजर गये। इस बीच सिर्फ झाड़ियों में पीछे से बटेर निकलकर नीचे ढलान की तरफ उतरे... एक तोता नजदीक किसी पेड़ पर उतरा और दूर से बन्दर नीचे उतरे।

"मैंने लोगों से पूछा था। उन्होंने बताया था कि सौरी के लिए बहुत चढ़ाई है। अब तीन किलोमीटर चल आया हूँ। कोई खास चढ़ाई नहीं है।"

बूढ़े ने सुना और सिर्फ सिर हिलाया। उसने लाठी अपने हाथ में ले ली।

"रास्ता यही है ना?"

"हाँ।" इस बार बूढ़ा बोला।

"मैंने सोचा कहीं गलत रास्ता न बता दिया हो।"

"हमारे यहाँ लोग ऐसा करते नहीं।" बूढ़े ने फिर लाठी जमीन पर रख दी।

"सौरी में कोई रामप्रसाद जी हैं। छियानब्बे साल की उमर है उनकी।"

बूढ़े ने आँखें मूँदी और सिर हिलाया।

"उनमें काफी आब है। मैं उनसे मिलने जा रहा हूँ। आप सौरी में ही रहते हैं?"

बूढ़े ने सिर हिलाया। फिर धीरे–से कहा, "हाँ।"

"आप रामप्रसाद जी को जानते होंगे।"

"हाँ।"

"वे मिल जाएँगे?"

"शायद।"

"मैंने सुना है वो बुढ़ापे से नहीं डरते।"

"हो जाता है। अब बुड्ढों का क्या भरोसा।"

फिर कुछ पल चुप्पी छाई रही। वह अजनबी उठ खड़ा हुआ, "कितनी दूर और है?"

"जितना चल आये हो उतना और चलना पड़ेगा।"

"जी लगता है पहले यहाँ घना जंगल रहा होगा।"

"था। बहोत घना था।"

"आप रोज इस रास्ते से जाते हैं?"

"तकरीबन रोज।"

"आगे चढ़ाई तो नहीं है?"

"है। बहोत लम्बी।"

"कितना आगे से शुरु होगी?"

"सामने। मोड़ दिखता है। उसके बाद एक मोड़ कोई पचास कदम बाद। फिर बस। चढ़ाई–ही–चढ़ाई, पूरे सौरी तक। "

"जी धन्यवाद।" उसने कहा और आगे बढ़ गया। साल के मरे हुए पत्ते उसके जूते तले चरमराये।

बूढ़ा उठा और लय के साथ पीछे की तरफ मुड़ा। अजनबी दूर जा रहा था। उसकी नीली कमीज धीरे–धीरे मोड़ के पीछे गुम हो गयी। अब वह फिर अकेला था। सौर में शायद एक दिन आएगा जब अकेला वही रह जाएगा। तीस बरस पहले, जब बुढ़ापा उस पर असर दिखाने लगा और नौकरी से छुट्टी हो चुकी थी, सौरी में तीस घर थे। अब तीस बरस बाद सौरी में छह घर रहे गये। उसने कदम आगे बढ़ाये– कुछ अपने दम पर, कुछ लाठी के सहारे।

साल का कोई पत्ता लाठी के नीचे आता या उसके पैरों के नीचे, अजीब चरमराहट होती। फिर सब चुप हो जाता। पहले ऐसा नहीं होता था। तब पूरी सड़क साल के पत्तों से भरी होती। पूरा जंगल एकाएक नंगा लगने लगता और पतझड़ एक बेशर्म मौसम लगा करता। नीचे जलधार से ही जंगल ऊबा हुआ लगता था। अब तो जलधार से जंगल दीखता ही नहीं। बरसों में आहिस्ता–आहिस्ता सब खत्म हो जाता है और पहचानना बहुत मुश्किल कि यहाँ पहले क्या था। अपने तरीके से बूढ़ा इस बात को सोचता रहा और सोचते–चलते मोड़ के पास पहुँच गया।

ठीक सामने मोड़ के साथ–साथ सौरी की वह प्रसिद्ध चढ़ाई शुरू होती थी। जब वह जवान था तो घंटे भर में बिना थके यह चढ़ाई चढ़ जाया करता था। तब वह चौकीदार था। अब वह चौकीदार नहीं। अब वह जवान भी नहीं है। उसे लगा चढ़ाई तो उतनी ही छोटी है, बस तनिक आराम करने की जरूरत है। उसने एक पेड़ के सहारे अपनी लाठी और पीठ टिकायी और आँखें बन्द कर लीं।

कुछ पल बाद नजदीक की कदमों की आहट हुई और एक आवाज उभरी, "नमस्ते चौकीदार जी..."

"कौन? फरती..." उसने आँखें बन्द रखीं।

"ना, सिताब सिंह।" जवाब आया।

"नहीं, सिताब सिंह।"

उसने आँखें खोलीं। सामने खिचड़ी बालों वाला फरती था। उसकी कमीज के बटन टूटे थे और पाजामें पर जगह–जगह पसरे पैबन्द यहाँ–वहाँ से उधड़ रहे थे।

"तू। मेरे सामने पैदा हुआ था। समझे।" बूढ़ा बोला।

"जी... हाँ जी। चौकीदार जी।"

"चौकीदार के बच्चे। तू बच्चा है।"

"हाँ जी...हाँ जी...बच्चा हूँ।"

"तू बच्चा है। समझे। तेरी मूँछ कहाँ है? जब मैं तेरी उमर का था...समझे। कै साल पहले?"

"जी बहोत पहले।"

"कै साल?"

"पचास साल..."

"हूँ... पचास साल। समझे... मेरी मूँछ जरा हिलती तो तहलका मच जाता। बाबू हनुमन्त कहते कि रामप्रसाद! तेरी मूँछ सलामत रहे। मेरी इज्जत सलामत रहेगी।" बूढ़ा बोलते

हुए फरती के चेहरे को पढ़ता रहा। यह बेहद कमजोर चेहरा था। फरती के खिचड़ी बाल उस चेहरे पर बेशर्मी झुके थे।

"डागदर ने कुछ बताया?" अब बूढ़े को चिन्ता हो आयी।

"आज बुलाया है?"

"सरकारी डागदर। सरकारी, कुछ कहा, क्या रोग है?" बूढ़े ने लाठी हाथ पर ले ली और अपने को पेड़ से अलग किया।

"डागदर ने कुछ नहीं बताया चौकीदार जी। मैंने बहोत कहा कि डागदर साहब बता दो। हम डरपोक नहीं हैं। डागदर ने कहा शायद टी.बी. है, अभी जाँच होगी।"

"हूँ... चिन्ता मत कर। मामूली चीज है। समझे, जा जल्दी जा।" बूढ़े की आँखें नम हो गयीं। फरती नीचे की तरफ धीरे–धीरे चलते हुए गुम हो गया। नीचे – जहाँ जलधार है। सरकारी अस्पताल है। बूढ़े ने चढ़ाई पर चढ़ना शुरू कर दिया। दूर कहीं तीतर बोलने लगा– टिड... टिड... टिटिटिड...

पहले इस हिस्से में भी साल थे, अब नहीं रहे। इधर आम और जामुन के पेड़ फासलों को ढकते हुए खड़े हें। ढलान पर आम के दो पेड़ मरे पड़े थे–टूटे हुए। अब जंगल को भी क्षय रोग हो गया है। नहीं बचेगा।

"बाबा! सौरी कितना और है..." पीछे से एक तीखी आवाज आयी।

यह बड़ी बेसब्री आवाज थी। वह रुक गया और इन्तजार करने लगा। पीछे से जो भी आ रहा होगा, उसके सामने पहुँच जाएगा। उसे कदमों की आवाज से लगा कि एक से ज्यादा लोग हैं।

वे दो थे। लड़का और लड़की। लड़का पतला था और लम्बा... उसकी उँगलियाँ पतली थीं। और हाँफ रहा था। लड़की इस बात से अनजान थी कि उसे देखा जा रहा है। वह पसीने से नहायी हुई थी, उसके माथे पर गोल बिन्दी आधी घुल गयी थी। वह लड़के के कन्धे का सहारा लेकर खड़ी रही और साँस खींचती रही।

"सौरी क्या बहुत दूर है?" लड़के की आवाज में सब्र नहीं था।

"नहीं। तीन मील है। बस।" बूढ़े ने धीरे से कहा।

"हम जलधार से चले थे..."

"हूँ..."

"बीच में कोई बस्ती होगी?" लड़की ने लड़के के कन्धे का सहारा छोड़ते हुए थकी आवाज में पूछा।

"नहीं।" बूढ़े का स्वर रूखा था।

"देखा? मैंने कहा था ना..." लड़के ने लड़की की तरफ देखा।

"आगे चढ़ाई इसी तरह है?" लड़की बूढ़े को देख रही थी।

"हाँ..." बूढ़ा मुस्कराया। उसकी बेतरतीबी से छितरी मूँछें थोड़ा हिलीं। उनके बीच बातचीत के लिए शायद अब कुछ नहीं बचा। वहाँ मौन हो गया। नीचे ढलान अपना विस्तार खो रही थी। पतझड़ एकाएक घना हो गया। आदमियों के बीच जब बातों के पत्ते छूटकर गिर जाते हैं तो पतझड़ घना हो जाता है। तभी जंगल में दूर कहीं मुर्गा कुड़कुड़ाया।

बूढ़ा चौंक गया। लड़की धीरे से हँस दी। बूढ़े को यह हँसी अच्छी लगी। वह भी मुस्करा दिया–उसकी मूँछें थरथरायीं।

"बाबा तुम्हारी उम्र कितने साल है?" लड़का एकाएक बोला।

"क्या करोगे?" बूढ़े ने कहा।

"यह कहती है, अस्सी है। मैं कहता हूँ बयासी है।"

"...," बूढ़ा सिर्फ मुस्कराया।

"हाँ बाबा, बताओ।" लड़की बोली।

बूढ़ा फिर मुस्कराया, "बहोत है"

"फिर भी। कितनी?"

"कौन जाने।"

"बाबा पुराने लोग गिनती भूल जाते हैं।" लड़की हँस दी। "मेरी कसम... बाबा बोल दो नब्बे साल, तब हम दोनों की बात गलत हो जाएगी।"

"छियानब्बे साल," बूढ़ा मुस्कराकर बोला।

वे दोनों चौंके। फिर चौंके ही रह गये। जैसे–जैसे चौंकते रहे वहाँ मौन भरता रहा। आखिरकार लड़की ने मौन तोड़ा, "तुम्हारी बुढ़िया भी बूढ़ी होगी।"

"हूँ..." बूढ़े ने सिर्फ एक आवाज निकाली।

"तुम्हारी लड़ाई होती है?"

"ना।"

"ना।"

"फिर दोनों प्यार से रहते हो?" लड़की खिलखिलायी।

"ना।"

"वह खाना पकाती है?"

"ना।"

"तुम्हारे साथ रहती है?"

"ना।"

"तुम भी अजीब हो।"

"हूँ..." बूढ़ा इस बार मुस्कराया नहीं। वह ढलान को देख रहा था। अगर कोई फिसला तो फिसलता ही चला जाएगा। पार साल किशन सिंह के नाती की गऊ फिसल गयी थीं

"चलो..." लड़के की बेसब्र आवाज से वह चौंका। एक–दूसरे से सटे–सटे वे चढ़ाई पर दूर होते गयें लड़की की साड़ी का पीला धब्बा दूर से उनके होने की पहचान बना रहां अब कई रंग बूढ़े की नजर से परे हो गये हैं आगे कहीं मोड़ के बाद वे गुम हो गये।

अब उस लम्बी चढ़ाई पर बूढ़ा अकेला था। वह धीरे–धीरे चढ़ाई चढ़ने लगा– लाठी पर अपने बदन का बोझ डाले। सड़क चौड़ी थी और ऊबड़–खाबड़ थी। पहले जब पगडंडी थी, तब ऊबड–खाबड़ नहीं थी। तब एक ही आदमी एक जगह चल पाता था। तब अकसर वह परमेसुरी के साथ आता। तब उसकी चाल में तेजी हुआ करती थी और परमेसुरी पीछे छूट जाती थी। तब लोग पगडंडी पर से चलते थे। अब यह सड़क है और अब लोग उस पर नहीं चलते। अब लोग नहीं हैं। वे पता नहीं कहाँ खो गये? साल के पत्तों की तरह...

उसकी लाठी साल के पत्ते पर पड़ी। एक पहचानी चर्राहट सुनकर उसे सुकून मिला। साल के पत्तों से उठती यह आवाज हर पतझड़ उसके लिए संगीत–सी उठती। यह चर्राहट कहीं घनी होती, कहीं विरल और कहीं बिल्कुल चुप। उसका घनापन बूढ़े को सुख देता, इस आवाज का छितरा होना उसे अवसाद का धुँधला आभास देता और इसका बिल्कुल न होना रेगिस्तान–सा दुःख देता। सड़क के उस हिस्से में पेड़ नहीं होते, वह कठोर हो जाती क्रूर और निर्दय ...

सड़क संकरी हो गयी तो वह रुक गया। आगे मोड़ था और वहाँ से सौरी ढाई मील था। परमेसुरी पूछती थी, "कितना और है?" वह कहता, "बस तनिक और, ढाई मील..." वे दोनों एक बड़े पेड़ की छाँह तले बैठ जाते थे। दसेक बरस हुए होंगे वह पेड़ आँधी से उखड़ गया। बूढ़ा वहाँ उभर आयी खाई को देखने लगा–हर बरसात खाई चौड़ी होती गयी और हर पतझड़ साल के पत्ते उसे भरने की कोशिश करते रहे।

एक छोटे पेड़े के सहारे बूढ़ा बैठ गया और आँख बन्द कर थकान मिटाने लगा।

ऊपर से आती पदचाप सुनकर उसने आँखें खोलीं। रघु और बचना आ रहे थे। रघु ने बचना का सहारा ले रखा था।

"नमस्ते चौकीदार जी!" बचना बोला।

"आओ बैठो।" बूढ़े ने तने पर पीठ टिकाये–टिकाये एक तरफ सरककर उनके लिए जगह की गोया वे किसी बस में सफर कर रहे हों। रघु बैठते हुए धीरे–से कराहा।

"ठीक हो जाएगा।" बूढ़े ने मुलायम आवाज में कहा।

"तीन दिन से अस्पताल जा रहे।" बचना बोला।

बूढ़े ने रघु की तरफ देखा। इसका पाँव मोटा हो आया था।

"फरती मिला... ?" रघु बड़ी मुश्किल से बोल सका।

"हूँ..."

"उसे टी.बी. है।" बचना ने कहा।

"हूँ..."

"बड़ा खराब रोग है।"

"नहीं।" बूढ़े ने ढलान की तरफ देखते हुए कहा।

"सच, चौकीदार जी, खराब है।"

अचानक बूढ़े की आँखें गीली हो गयीं। वहाँ आँसू निकल आये–पता नहीं कहाँ से। कोई अगर देख पाता तो वहाँ परमेसरी डबडबाती दीख जाती–टी.बी. से दम तोड़ती हुई।

"चलो..." बचना की आवाज उभर आयी। कराहता हुआ रघु उठा और वे देनों ढलान में उतर गये। बूढ़े के आँसू सूखने लगे थे। उसे गालों पर अजीब चिपचिपाहट महसूस हुई। वह उठा और बढ़ गया।

यह सबसे कठिन चढ़ाई थी। इस चढ़ाई के बाद एक मोड़ है फिर चढ़ाई कम है और सड़क के किनारे आम के पेड़ हैं, बड़ी–बड़ी चट्टानें हें, जिन पर आराम से लेटा जा सकता है। जब वह चौकीदार था तो बिना कहीं रुके सीधा सौरी पहुँचकर ही दम लेता था। सामने से कोई उसे घूरते हुए आ रहा था। बूढ़ा उसे पहचान नहीं पाया।

"नहीं पहचाने?" वह आदमी मुस्कराया।

बूढ़े ने सिर हिलाया।

"मैं रामफल हूँ..."

"ओ... मुमिरत लाल के लड़के। हूँ... कब आये?"

"परसों। आपके घर गया था। कुंडी लगी थी। पता चला चार दिन से आये ही नहीं।"

"हाँ... जरा जलधार रुका रहा। कै दिन हो?"

"अब कहाँ जाना चाचा। जिन्दगी गुजर गयी।"

"होश में है?"

"चाचा अब रिटायर हो गया।"

"ठीक है। अच्छा है। आराम करो।"

"कैसे कटेगी?"

"जैसी मेरी कटी..." अब वह बूढ़ा नहीं लग रहा था।

"पर चाचा तुम्हारी बात और थी।"

"क्या थी? तीस साल काट लिये। परमेसुरी गयी। फिर चौकीदारी गयी।" वह फिर से बूढ़ा हो गया।

"अच्छा चाचा एक बात पूछूँ! बुरा मत मानना।"

"पूछ।"

"आपकी उम्र कितनी होगी?"

"छियानबबे साल।"

"चाचा पिछले साल भी आप यही बता रहे थे।"

"सतानब्बे होगी।"

"उससे पिछले साल भी छियानब्बे बतायी थी।"

"तो अठानब्बे होगी।"

"चाचा क्या बात है? आप पिछले कई सालों से छियानब्बे से आगे नहीं बढ़े।" रामफल ने हँसते हुए कहा।

"तो निन्यानबे होगी।" बूढ़े ने धीरे–से कहा और आगे बढ़ गया।

चढ़ाई चढ़ते हुए उसकी साँस फूलने लगी। वह आगे चलता चला गया। अब हाँफने लगा था। उसने आगे मोड़ के

बाद किसी चट्टान में बैठकर सुस्ताने का फैसला किया।

मोड़ आया और चढ़ाई कम हो गयी। दूर किसी चट्टान पर पीला धब्बा इधर–उधर सरक रहा था। बूढ़ा रुक गया। हवा में लड़की की हँसी दूर से उभर आयी। बूढ़ा आगे बढ़ गया। अब वे दिखायी दे रहे थे। लड़का चट्टान पर सुस्ता रहा था। लड़की की साड़ी का पीला रंग एक धब्बे की तरह चट्टान और लड़के के बदन पर छिटका हुआ था बूढ़ा उनके नजदीक पहुँचा तो खाँसा। वह जब भी घर जाता तो खाँसता था और औरतें ओट कर लेतीं।

चट्टान पर कुछ बदलाव नहीं था। पीला धब्बा उसी तरह पसरा रहा–निष्कम्प। बूढ़े ने अपना मुँह बायीं तरफ कर लिया। चट्टान के नजदीक चूड़ी खनखनायी। वह तेजी से आगे निकल गया। पीछे से उसे खिलखिलाहट सुनाई दी। वह लड़की की हँसी थी जो उसके कानों से टकरायी और हवा में चूर–चूर होकर बिखर गयी।

बूढ़ा बहुत थक गया था। वह सड़क पर बैठ गया। बैठने के लिये वह हमेशा पेड़ के तने का सहारा लेता। वह इस तरह बैठता कि सड़क दूर तक नजर आती थी ऊपर भी और नीचे भी। वह आँख बन्द कर सुस्ताने लगा।

"अच्छा बाबाजी..." इस आवाज से बूढ़ा चौंक गया। उसने आँखें खोलीं। ऊपर से वही अजनबी नीचे उतर रहा था। वह बूढ़े के सामने पहुँचकर रुक गया।

"चल दिये?" बूढ़े ने कहा।

"हाँ जी। रामप्रसाद जी तो मिले नहीं।"

"हूँ..."

"उनके घर कुंडी चढ़ी थी। लोग उन्हें चौकीदार कहते हैं। बड़ी दिक्कत हुई। लोग तो नाम नहीं जानते।"

बूढ़ा चुपचाप अजनबी को घूरता रहा।

"चार दिन से गायब है। उनके लड़के भी सालों पहले चले गये थे। सारी मेहनत बेकार गयी।" अजनबी ने फिर हाथ जोड़े। वह नीचे की तरफ तेजी से उतरर गया।

बूढ़ा खड़ा हुआ। उसे दूर जाते अजनबी की चाल में कोई गहरी निराशा दिखाई दी।

"सुनो।" उसने जोर से कहा। उसकी आवाज थोड़ा आगे पहुँचकर खत्म हो गयी। वह अजनबी को नीचे जाते देखता रहा। मोड़ के पार वह भी गुम हो गया।

बूढ़े ने लाठी उठायी और सामने देखा। सौरी मील भर दूर था। सामने की चढ़ाई पाँच फर्लांग तक जाती थी और इस पूरे फासले में कोई मोड़ नहीं था। उसने चढ़ाई में फिर चलना शुरू किया–कुछ अपने दम पर, कुछ लाठी के सहारे।

उत्तराखण्ड हिमालयः
परिस्थितिकीय समृद्धि एवं भविष्य की चुनौतियां

–डा0 सूरत सिंह बलूड़ी
एसो0 प्रो0, (भूगोल विभाग)

आज से सात करोड़ वर्ष पूर्व हिमालय पर्वत के स्थान पर एक लम्बा संकरा जलमग्न 'टेथिज सागर' था, जिसके उत्तर व दक्षिण में क्रमशः अंगारालैण्ड एवं गौंडवानालैण्ड नामक कठोर स्थल पिण्ड स्थित थे। अंगारालैण्ड एवं गौंडवानालैण्ड की नदियां अपरदित होने वाले पदार्थ को सागर में जमा करती थी। महान हिमालय श्रेणियों के दोनों ओर दो सामानान्तर मूसन्नतियां थीं। तृतीय महाकल्प (07 करोड़ वर्ष पूर्व) के अन्त में सम्पूर्ण भू–खण्ड में बड़े पैमाने पर भूसंचलन एवं पटल पिवणन की क्रियायें हुई, टेथिज सागर के दोनो पार्श्वों के कठोर भू–भागों में संचलन की क्रिया के फलस्वरूप सागर से निक्षेपित पदार्थ पर तीव्र दबाव पड़ा जो कालान्तर में बलित होकर (मुड़कर) पर्वत श्रेणियों के रूप में प्रकट हुआ। हिमालय के उत्थान की प्रक्रिया कई चरणों (क्रिटेशियस, इओसीन, मायासीन, प्लयोसीन, प्लीस्टोसीन युगों) में सम्पन्न हुई जिससे कमिालय की तीन श्रेणियों में पुनरुत्थान हुआ और एक अग्रगर्त का निर्माण हुआ। जब निर्माण सामग्री समाप्त हुई हो चुकी थी, यही गर्त कालान्तर में सिन्धु–गंगा–ब्रह्मपुत्र का मैदान बनी।

प्लीस्टोसीन युग के बाद भी वर्तमान समय तक हिमालय का उत्थान मन्द गति से जारी है। भारत के कश्मीर से अरुणाचल तक 2400 कि.मी. की लम्बाई में विस्तृत पूर्व में नमचा बखा से पश्चिमी में नंगा पर्वत के मध्य उन्नतामदर चाप की आकृति के समान है।

हिमालय की चौड़ाई पश्चिमी भाग में अधिक जबकि पूर्वी भाग में कम है जबकि ऊँचाई की दृष्टि पूर्वी हिमालय अधिक ऊँचा है। विश्व के कई सर्वोच्य शिखर माऊण्ट एवरेस्ट (8,848 मी.), कंचनजंगा (8,598 मी.), मैकालू (8481 मी.) तथा धोलागिरी (8172 मी.) प्रमुख है।

उत्तराखण्ड हिमालय का भौगोलिक विस्तार 2843' से 31°27' अंक्षाशो व 77°34' से 81°02' पूर्वा देशान्तरों के मध्य अवसिथत है। इसका कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 53,483 वर्ग कि.मी. है। इसकी पूर्वी सीमा नेपाल से उत्तर दक्षिण में प्रवाहित काली नदी तथा पश्चिमी सीमा हिमाचल प्रदेश से टौंस नदी द्वारा निर्धारित होती है। इस प्रकार सम्पूर्ण क्षेत्र दन्तुर पर्वत श्रेणी (Serrated Mountain), विशाल प्रवण (Large Cirque) बर्फ से आच्छादित पर्व प्रवण (Snow Clade Mountain Slopes), लटकती घाटियां (Hanging Valleys), सोपानी सरितायें (Cascade Rivers), नदी वेदिकायें, हिमादी से युक्त है। यह ग्रेनाइट, ग्रेवो, क्वार्टजाइट, काग्लोमरेट, बलुवा पत्थर, स्लेट, सफ्टिक नीस आदि चट्टानों से निर्मित है। इसमें 07 जिले– गढ़वाल मण्डल (देहरादून, उत्तराकाशी, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग चमोली, हरिद्वार) और कुमायूँ मण्डल (ऊधमसिंहनगर, नैनीताल, चम्पावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़) हैं।

उत्तराखण्ड हिमालय के अपवाह तन्त निर्माण में यमुना, टौंस, भगीरथी, भिलंगना, अलकनन्दा, पिण्डर, घौलीगंगा, मन्दाकिनी, नयरा, रामगंगा, सुखरौ, कोसी, गोला, काली, लोहावती नदियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर भारत की प्रमुख सदानीरा गंगा, यमुना, काली या शारदा नदियों का उद्गम उत्तराखण्ड हिमालय से ही होता है। यहां पर प्रमुख पंचप्रयाग स्थित हैं– देवप्रयाग (भगीरथी–अलकनन्दा), रुद्रप्रयाग (मन्दाकिनी–अलकनन्दा), विष्णुप्रयाग (घौलीगंगा–विष्णुगंगा), कर्णप्रयाग (पिण्डर–अनकनन्दा) एवं नन्दप्रयाग (नन्दाकिनी–पिण्डर)।

अपनी विशिष्ट बलित अपनगीय एवं अभिनयीत संरचना

के कारण उत्तराखण्ड हिमालय में एक साथ उपोष्ण, शोतोष्ण, अल्पाइन एवं हिमालयी जलवायु के दिग्दर्शन होते है। साथ ही यहां की एक बन्द एवं विवृत घाटियों में अपनी अलग मौसमी दशायें हैं। इनमें स्थानीय मौसम से चलने वाली हवाओं एवं पर्वतीय समीर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

महान हिमालय क्षेत्र में स्थित पर्वतों के चारों ओर हिमानियां मालाओं के रूप में स्थित हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन पर्वत शिखरों ने सफेद हिम की माला पहनी हुई है। इस उच्च हिमानी क्षेत्र में पश्चिम से पूर्व की पर्वत चोटियां इस प्रकार हैं– बन्दरपुंछ (6,320मी.), गंगोत्री (6,672 मी.), केदारनाथ (6,968 मी.), चौखम्बा (7,138 मी.), कामेंट (7,756 मी.), नन्दा देवी (7,817 मी.), दूनागिरी (7,066 मी.), त्रिशूल (6,480 मी.), नन्दाकोट (6,861 मी.), पंचाचूली (6,904 मी.), कुटी–शांग्टांग (6,480 मी.)। इस हिमालय क्षेत्र में हिमनदों के रूप में विशाल जलराशि संचित है जो नदियों को स्वच्छ जल के समृद्ध स्रोत हैं। प्रमुख हिमानियां इस प्रकार से हैं– भगीरथी–खरक, चोरावाड़ी, द्रोणागिरी, डोकरियानी, गंगोत्री, खतलिंग, मिलय, नन्दादेवी, पंचाचूली, सतोपंथ, सोना, यमुनोत्री हिमानी जिनसे यमुना, भगीरथी, अलकनन्दा, काली नदियां निकलती हैं। महान हिमालय तथा मध्य हिमालय के मध्य मके अनेक गुम्फित श्रेणियां एवं गहरी मोड़दार घटियों का जाल फैला है। मध्य हिमालय के दक्षिणी दलानों (3500–6000 मी. की ऊंचाई) पर छोटे–छोटे घास के मैदान पाये जाते हैं जिन्हें बुग्याल या पयार कहा जाता है। इनमें द्वारा, वेदनी, मुफसो, पावली, काठा प्रमुख बुग्याल हैं जिनमें बुगी, ममला इत्यादि मृद घासें मिलती हैं। इसी तुंगता पर ब्रह्मकमल, वत्सनाम, शालमपंजा, सोम, निर्विशी, कद्रवन्ती, विषकंडार आदि असंख्य जलीय पुष्प पाये जाते हैं।

वनोषधियों में खैर, ढाक, रीठा, हरण, मुलेठी, आंवला, मूसाकन्द, कयनार, वासा, सालम मिश्री, सालमपंजा, कुटकी, अतीस, जरामासी, अरारवर्ग, अश्वगन्धा, सर्पा, अजगरी, रुद्रवती मुख्य है। मध्य हिमालय के दक्षिण शिवालिक श्रेत्री के निम्नवर्ती भागों में 24 से 32 कि.मी. चौड़ी तथा 350 से 750 मीटर ऊंची संरचनात्मक घाटियां मिलती हैं, जिनमें देहरादून, पाटलीदून, पछवादून, पूर्वीदून, चड़ीदून, कोटादून, हर की दून, कोटा दून, मध्य दून की सुन्दर घाटियां विद्यमान हैं। हिमालय के सबसे नवीन भू–भाग शिवालिक श्रेणियां हैं जिसका निर्माण टरशियरी युगीन शैलो बलुआ पत्थर, चिकनी मिट्टी से हुआ है। इसके बाद 08 से 12 कि.मी. की चौड़ाई में पत्थरों एवं कंकड़ों की बहुतायत वाले पथरीले दलुआ धरातल वाला भाबर प्रदेश स्थित है। यह क्षेत्र वन–सम्पदा तथा वन्य जीवों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इससे लगा हुआ 15 से 30 कि.मी. क्षेत्र की चौड़ाई में दलदली एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की अधिकता वाला तराई क्षेत्र है जहां हाथी घास तथा कोंस जैसी ऊंची घासों के विकास की अनुकूल परिस्थितियां पाई जाती हैं। यहां आर्द्र जलवायु के कारण रोगाणुओं की प्रचुरता मिलती है। इसकी संरचना में छोटे कंकड़, पत्थरों, रेत एवं चिकनी मिट्टी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भौमकीय एवं तुंगता की विविधता के कारण उत्तराखण्ड हिमालय में भरपूर वनस्पतिक समृद्धता दिखने को मिलती है। परिस्थितकीय सन्तुलन बनाये रखने तथा स्थानीय लोगों की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में इन वनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस प्रदेश के 3799.6 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में वन सम्पदा का विस्तार है जो कि 71.05 प्रतिशत है जिसमें ज्ञातव्य है कि प्रदेश की 90 प्रतिशत भूमि पहाड़ी एवं पर्वतीय उच्चावय वाली है। ऊंचाई के अनुसार 100 से 900 मी. तक उपोराण जलवायु, 900 से 1800 मी. तक गर्म शीतोष्ण जलवायु, 2400 से 3000 मी. तक शीत जलवायु, 3000 से 4200 मी. तक अल्पाइन जलवायु, 4200 मी. से अधिक हिमानी जलवायु पायी जाती है।

इसी जलवायु का अनुसरण करती विविध प्रकार की वनस्पतियां इन ऊंचाइयों पर स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। 800 से 1500 मी. की ऊंचाई पर चीड़ के वृक्षों की बहुतायत मिलती है। आंतरिक हिमालय में ये 2100 मी. की ऊंचाई तक पाये जाते हैं। इनसे तारपीन का तेल एवं लीसा की प्राप्ति होती है। 1500 से 2800 मी. की ऊंचाई पर बांज, बुरांस, केल, माऊ खर्सू, बर्च, साइप्रेस, काफल, सेब, अखरोट पाये जाते हैं जबकि उपोष्ण वन क्षेत्र में साल, कंजू, सेमल, हल्दू, खैर, तुन, सेज मुख्य वृक्ष पाये जाते हैं जिनसे प्राप्त उत्पाद आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। 2800 से 3800 मी. की ऊंचाई पर देवदार, स्प्रेस, सिल्वर, फर, ब्लू पाइन, भोजपत्र के नुकीली परती वाले वृक्ष पाये जाते हैं जिनकी सुगन्धित, मुलायम तथा टिकाऊ लकड़ियां बहुत मूल्यवान हैं।

इन विविध पारिस्थितकीय विशेषताओं से भरपूर उत्तराखण्ड हिमालय का यह वानस्पतिक क्षेत्र मानवीय अतिक्रमण का शिकार हो रहा है। एक लम्बी अवधि तक उत्तराखण्ड हिमालय की वन उपजों का अवैज्ञानिक रूप से दोहन करने के पश्चात सरकारों का ध्यान शाश्वत विकास हेतु गया है। हिमालयी भागों में हाल के वर्षों में औद्योगिकीकीण, शहरकरण, जनाधिम्य, वन–विनाश, आग लगाना, सड़कों का निर्माझा, जल–विद्युत परियोजनायें, नदियों के प्रवाह भागों पर होटल, लॉज का निर्माण प्रमुख रहा है। नदियों में मलबे तथा .अवशिष्टों के निक्षेप, सड़क निर्माण के विस्फोटों, वन जीवों के अवैध शिकार से पर्यावरणीय असन्तुलता बढ़ रही है। जिसके फलस्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, भूकम्पन, मिट्टी कटाव, एवालांच, बाढ़ आदि परिस्थितियों में उत्तराखण्ड का पर्यावरण लगातार प्रभावित हो रहा है। उत्तराखण्ड हिमालय की इस अमूल्य प्राकृतिक सम्पदा को संरक्षित रखने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार को संरक्षण प्रदान करना होगा साथ ही लोगों में जागरुकता लाने की नितान्त आवश्यकता है।

महिला नेतृत्व एवं राष्ट्र का सशक्तीकरण

डॉ0 राखी पंचोला
विभाग प्रभारी

''मातृदेवो भवः'' के अनुपम घोष से अनुप्रमाणित हमारी भारतीय संस्कृति में महिलाओं का सदा से ही अत्यन्त गौरवपूर्ण स्थान रहा है। नारी करूणा, ममता, स्नेहद्व सहिष्णुता आदि से ओतप्रोत होती है। पुरूष और नारी जीवन रूपी गाडी के दो पहिये हैं। एक के बिना दूसरा अपूर्ण, अस्तित्वहीन है। प्रत्येक मनुष्य की सफलता के पीछे किसी न किसी का सहयोग होता है। तुलसी को तुलसीदास बनाने का श्रेय उनकी पत्नी रत्नावली को है। कालिदास को पत्नी विद्योत्तमा ने महाकवि बना डाला। महिला घर का निर्माण करती है। अतः उसे गृहणी कहा जाता है। महिला के बिना घर की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए कहा गया है ''न गृहे गृह मित्याडुः गृहणी गृहमुच्यते''। इतिहास साक्षी है कि भारतीय महिलाओं ने सतीप्रथा और जौहर प्रथा को अपने बलिदान से स्वीकृति प्रदान करी। महर्षि रमण के अनुसार ''पति के लिए चरित्र, संतान के लिए ममता, समाज के लिए शील और जीव मात्रा के लिए करूणा सजोने वाली महाकृति का नाम नारी है''।

वर्तमान समय में महिलाओं के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। आधुनिक महिला अब घर की चार–दिवारी तक सीमित नहीं है। महिलाएं हर तरह से अपनी क्षमता और उपयोगिता को महसूस कर रही है। उन्होने तकरीबन हर क्षेत्र में बाधाओं का दूर किया है। देश की कुल आबादी में महिलाओं की हिस्सेदारी तकरीबन आधी है। सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भूमिका में बढोतरी हुई है। महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से वर्तमान घटनाक्रम उत्साहजनक है। भारतीय वायुसेना में महिला लडाकू पायलट की नियुक्ति की गयी है। महिलाएं अब सेना में युद्ध से जुडी भूमिका में भी जा सकती है। ओलिम्पिक, राष्ट्रमण्डल खेल, क्रिकेट, बेडमिंटन आदि अनेक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भारतीय महिलाओं का शानदार प्रदर्शन रहा है। भारत में

मंगलयान मिशन की सफल शुरूआत और 104 नैनो उपग्रह को एक रॉकेट के जरिये कक्षा में स्थापित करने वाली टीम में महिला वैज्ञानिक भी शामिल थी।

फीसदी तक पहुँच गयी। भारत में काम काजी महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। एक तिहाई सर्टिफाइड इंजीनियर महिलाएं हैं। प्राथमिक स्तर पर तीन चौथाई से भी ज्यादा स्वास्थ्यकर्मी भी महिलाएं ही है। एक अनुमान के मुताबिक तकरीबन एक तिहाई सभी चिकित्सा क्षेत्र में शोध करता, बैंकिग कर्मचारी, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कर्मी और चार्टड अकाउंटेंट महिलाएं है। देश में लगभग 20 फीसदी महिला उद्यमि है।

राजनीति में भी महिलाओं की भागीदारी बढी है। पंचायतों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या तकरीबन 46 फीसदी है। ग्रामीण स्तर पर 13 लाख से भी अधिक महिला प्रतिनिधियों के कारण जमीनी स्तर पर बदलाव आया है। 1957 के चुनाव में सिर्फ 45 महिलाओं के आम चुनाव लडा था। जबकि 2014 के आम चुनाव में 668 महिलाओं चुनावी मैदान में थी।

देश की आजादी के बाद संविधान निर्माताओं और राष्ट्रीय नेताओं ने महिलाओं को पुरूषों के समान स्थान दे दिया। बाद में सभी सरकारों ने महिलाओं को पुरूषों के समान स्थान दिया। केन्द्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं की विमुक्ति की दिशा में कार्य किया किन्तु आज भी महिलाएं असमानताओं में जी रही है।

किसी भी राष्ट्र का सशक्तिकरण महिलाओं के बिन अधूरा है। महिला सशक्तीकरण का उद्देश्य एक न्यायपूर्ण एवं सम–समाज की स्थापना करना है। क्योंकि लैंगिक समानता को सुशासन की कुंजी कहा जाता है। यद्यपि विश्व भर में लगभग आधी संख्या महिला मतदाताओं की है। किन्तु उनमें से सिर्फ 18ः ही संसद है। नार्डिक देशों में 41ः अमेरिकी देशों में 21.8ः, यूरोपीय देशों में 9.6ः और भारत के संदर्भ में राष्ट्रीय विधायकों में महिला भागीदारी 11.8ः है। देश भर में कुल 4118 विधानसभा सदस्यों में से केवल 9ः महिलाएं है।

मानव विकास रिपोर्ट 2015 के अनुसार भारत में लैंगिक असमानता सूचकांक में 188 देशों में भारत का 130 वां स्थान है। भारत में बालिकाओं का औसत स्कूलिंग बालकों की तुलना में 3.6 वर्ष कम है। जनगणना 2011 के अनुसार देश में स्त्री और पुरूष का अनुपात असंतुलित है। 0 से 06 वर्ष तक की आयु तक की आयु तक के बच्चों में लड़कों की संख्या ज्यादा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ 11ः है। नई दिल्ली में 99 सचिव स्तरीय पदों में से केवल आठ पद महिलाओं के पास है और 65 अतिरिक्त सचिवों में से केवल 04 महिलाएं है। 283 संयुक्त सचिवों में 37 महिलाएं हैं। भारतीय पुलिस सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी 5.6ः के आसपास है। भारतीय वन सेवा में महिला भागीदारी नगण्य है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार वेतनदायी कार्य में महिलाओं की कुल संख्या 15ः है। अर्थात् 85ः महिलाएं नियति वशीभूत है। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि महिलाएं आज भी वंचना कि शिकार है। अतः राष्ट्रों के सशक्तिकरण हेतु महिला सशक्तिकरण एक आवश्यक पूर्व शर्त है।

भारत में महिलाओं के समान अधिकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीयों अभिसमयों तथा मानवाधिकार तत्वों का समर्थन किया है। भारत द्वारा मैक्सिकों कार्ययोजना (1975) नैरोबी फारवर्ड लूकिंग स्ट्राटेजी (1985) बीजिंग घोषणा तथा कारवाई मंच (1995) व 21वीं शताब्दी में महिला पुरूष समानता और विकास एवं शान्ति पर संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में अंगीकार किए गए निष्कर्ष दस्तावेज को भी मानता है। सितम्बर 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ के 69वें महासभा अधिवेशन द्वारा चलाये गए विश्व अभियान 'ही फॉर शी' में भी भारत सम्मिलित हुआ।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि किसी भी राष्ट्र की परम्परा और संस्कृति उस राष्ट्र की महिलाओं से पता चलता है महिलाएं समाज की रचनात्मक शक्ति होती है। वर्तमान समाज को समृद्ध करने एवं भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हमें महिलाओं की स्थिति को सुधारना होगा। उसके लिए समाज की मानसिकता बदलनी होगी एवं अपनी पुरानी मानसिकता का त्याग करना होगा। स्वामी विवेकानन्द की उक्ति को चरितार्थ करना होगा कि ''जब तक महिलाओं कि स्थिति में सुधार नहीं होगा विश्व के कल्याण कि कोई संभावना नहीं होगी''।

विज्ञान, टेक्नोलॉजी और समाज

–डा0 नवीन कुमार नैथानी
भौतिक विज्ञान विभाग

विज्ञान और टेकनोलोजी एक दूसरे से जुडे हुए किन्तु अलग–अलग क्षेत्र हैं. सामान्य बातचीत में प्रायः इन्हें एक दूसरे के पर्याय के रूप में देख लिया जाता है. टेकनोलोजी उतनी ही पुरानी है जितनी सभ्यता. सभ्यता को विज्ञान तक पहुंचने में सदियां लग गयीं. मनुष्य टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल प्रागैतिहासिक समय से ही करता रहा है। आग टेकनोलॉजी के प्रारंभिक दौर की ही देन है. टेकनोलोजी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये हर युग से मनुष्य के साथ रही है. सभ्यता जिस तरह से विकास करती रही, उसी के साथ–साथ टेक्नोलॉजी का भी विकास होता गया. विभिन्न औजारों का बनाना और खेती का विकास करना टेकनोलोजी के बिना संभव नहीं था. मनुष्य अन्य प्राणियों से अलग इसीलिये है कि वह प्रकृति के भरोसे नहीं बैठ गया.उसने अपनी शारीरिक सीमाओं का अतिक्रमण कर प्राकृतिक घटनाओं के बीच हस्तक्षेप की चेष्टा की. इन्हीं प्रयासों के दौरान विज्ञान सामने आया. प्रारंभ में शायद नदी किनारे की सभ्यताओं में बारिश, बाढ़ ,ओला–वृष्टि जैसी प्राकृतिक घटनाओं की पुनरावृत्ति से उत्पन्न पैटर्न को समझने की कोशिशों से विज्ञान की आधारशिला पड़ी. आज हम जिसे विज्ञान कहते हैं वह निश्चित रूप से प्रकृति और जीवन को जानने और समझने की विशेष पद्धति है जो सदियों के अनुभवों, प्रेक्षणों और तर्क–शक्ति के निरंतर उपयोग से अस्तित्व में आयी है. वस्तुनिष्ठता और प्रयोगों की सार्वभौमिकता इस पद्धति के आधार–स्तंभ रहे हैं .

प्रारंभिक दौर में जितनी आसानी से टेकनोलोजी और विज्ञान के फ़र्क को बतलाया जा सकता था आज वह अन्तर बहुत महीन रह गया है– बहुधा दोनों एक दूसरे की सीमाओं में निर्बाध संचरण कर जाते हैं. यह बात बिल्कुल सच है कि प्रारंभ में विज्ञान के विकास ने टेकनोलोजी के उत्थान में बड़ी भूमिका निभाई.बाद में टेकनोलोजी ने विज्ञान के लिये नये रास्ते खोले. आज हम सूक्ष्म जगत के बारे में इतना कुछ जानते हैं तो टेकनोलोजी के कारण! उसी तरह ब्रह्माण्ड की विराटता का अनुभव भी टेकनोलोजी के कारण ही कर पा रहे हैं.विज्ञान की थर्मोडायनामिक्स जैसी शाखा तो औद्योगिक क्रान्ति से ही उपजी है जिसके मूलभूत नियम विज्ञान के बहुत सारे अनुशासनों की आधार–भूमि हैं.

इसी सन्दर्भ में विज्ञान और दर्शन के परस्पर संबन्धों पर भी बात की जा सकती है..आधुनिक विज्ञान जब प्रकृति के मूलभूत नियमों की ओर जाता है तो दर्शन के सवालों से भी टकराता है.पहले वैज्ञानिक इन सवालों से बचने की कोशिश करते थे. अब वे इन प्रश्नों से कतरा कर नहीं निकल जाते बल्कि विज्ञान की सीमाओं के भीतर रह कर इन से जूझने की कोशिश करते भी देखे जा सकते हैं.कुछ क्षेत्र तो ऐसे भी हैं जहां हम विज्ञान, टेक्नोलॉजी और दीगर अनुशासनों में बहुत ज्यादा भेद नहीं कर पाते!उदाहरण के लिये आजकल बहुतायत में इस्तेमाल होने वाले पद 'कृत्रिम बुद्धि' (आर्टिफ़िशिअल इन्टेलिजेंस) को लें .सामान्य आदमी के लिये यह टेक्नोलॉजी का मसला है.रोजर पेनरोज़ ने लगभग तीस साल पहले एक किताब लिखी थी 'एम्परर्स माइंड'.यह मुख्यतः कृत्रिम बुद्धि से संबद्ध समस्याओं के साथ गणित,भौतिकी और मनोविज्ञान के भीतर डूबते हुए चेतना के सवालों को पाठकों के सामने रखती है.तब उस किताब से गुजर कर आश्चर्य हुआ था.लगा था कि विज्ञान की जटिलताओं से अछूते पाठक के लिये इसे आत्मसात करना मुश्किल होगा. आज उस किताब को एक आम पाठक ज्यादा सहजता के साथ ग्रहण कर सकेगा.उस वक्त पेनरोज़ विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक जिज्ञासाओं को सामने रख रहे थे .आज हम जिस समय में रह रहे हैं वहां टेक्नोलॉजी के कारण वे सब चीजें अमूर्त प्रतीत होती अवधारणाओं से बाहर निकल कर हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी हैं.

अगर सरल भाषा में कहें तो टेक्नोलॉजी व्यवहार से उपजी और विज्ञान जिज्ञासा से फलीभूत हुआ. विज्ञान के मूल

में यह जिज्ञासा दर्शन की जिज्ञासा से थोड़ा अलग है.दर्शन सिर्फ़ विचार और चिन्तन के जरिये सत्य तक पहुंचने का प्रयास करता है;विज्ञान सतत निरीक्षण और नियन्त्रित प्रयोगों पर आधारित सिद्धांतों को पुनः प्रयोगों की निर्मम कसौटी पर कसने के पश्चात ही सत्य के निकट पहुँच पाने की कोशिश करता है.साथ ही अन्तिम सत्य जैसी अवधारणा से भी भरसक बचने की कोशिश करता है. वस्तुगत होने की बाध्यता के चलते विज्ञान के साथ एक और चीज जुड़ गयी– परिमाणात्मकता.किसी चीज या गुण को अगर हम मात्रा के रूप में व्यक्त कर सकें तो उसका वैज्ञानिक निरीक्षण और परीक्षण वस्तुनिष्ठ हो सकेगा!कंप्यूटर यही करता है.आधुनिक प्रबंधन की बहुत सारी प्रणालियां इसी कोशिश का नतीजा हैं. यहां तक कि पसंद / नापसंद जैसे नितांत व्यक्तिनिष्ठ भाव भी नाप जोख की प्रणालियों में बदल दिये जाते हैं.इस काम के लिये बहुत से गणितीय माडल विकसित किये गये .

जब हम अतीत की तरफ देखते हैं तो एक प्रजाति के रूप में मनुष्य होने के प्रति गर्व की भावना से भर उठते हैं.विज्ञान (साथ में टेक्नोलॉजी भी) आज जहां तक पहुंच पाया है, वह अनगिनत व्यक्तियों और समूहों के अथक प्रयासों का नतीजा है.आप कल्पना कीजिये कि आज से बाइस सौ साल पहले इरेटोस्थिनीज़ ने ज्यामिती के तथ्यों और ज्ञात दूरी के दो शहरों पर सूर्य की परछाई को नाप कर इस विशाल धरती की परिधी का अनुमान कर डाला था.यह विशुद्ध विज्ञान था! टेक्नोलॉजी एक दूसरे रास्ते से आगे बढ़ रही थी.एक प्रजाति के रूप में मनुष्य की गतिशीलता जैसे–जैसे बढ़ी वैसे–वैसे उसके लिये टेक्नोलॉजी में और सुधार की जरूरतें भी बढ़ती गयीं.जहां–जहां आर्थिक गतिविधियां बढ़ती गयीं , वहां–वहां वैज्ञानिक गतिविधियों के लिये अधिक अवसर मिलते रहे. आधुनिक काल की शुरूआत में जब आर्थिक हलचलों का केन्द्र यूरोप हुआ तो वैज्ञानिक गतिविधियां भी यूरोप–केन्द्रित रहीं.बाद में आर्थिक गतिविधियां यूरोप से हट कर अमेरिका की तरफ अधिक होने लगीं और वैज्ञानिक अनुसंधानों के नये केन्द्र भी अमेरिका में स्थापित हुए.

विकास के क्रम में धीरे–धीरे विज्ञान की टेकनोलोजी पर निर्भरता बढ़ती चली गयी. टेक्नोलॉजी अब शुद्ध मानवीय जिज्ञासा और उपयोगिता तक ही सीमित नहीं रह गयी बल्कि आर्थिक,व्यावसायिक एवं राजनैतिक सत्ताओं को भी प्रभावित करने लगी.इसके लिये पूंजी की भूमिका महत्वपूर्ण हो उठी. आज विज्ञान की मूलभूत खोजों के लिये बेहतरीन मस्तिष्कों के साथ बहुत ज्यादा संसाधन और पूंजी की भी जरूरत होती है.यह समझना बहुत आसान है कि आज क्यों कुछ देश वैज्ञानिक गतिविधियों में बहुत आगे हैं और बहुत सारे देश बहुत पीछे हैं.विज्ञान के साथ राजनीति उसी तरह जुड़ी है जिस तरह आर्थिक गतिविधियों के साथ.

अगर यह कहा जाये कि आधुनिक विज्ञान की नींव में व्यापार की बहुत बड़ी भूमिका है तो गलत न होगा.समुद्री रास्तों पर नाविकों के पथ–प्रदर्शन की जरूरत ने वेधशालाओं को सक्रिय और अधुनातन होने के लिये बाध्य किया. फलस्वरूप खगोलविद टायको ब्राहे के तीस सालों के प्रेक्षणों पर आधारित केपलर के नियमों ने ग्रहों की गति के पैटर्न को समझा और थोड़े ही वक्त बाद न्यूटन का आविर्भाव हो गया. यह कोई संयोग नहीं था कि न्यूटन के आगमन से पहले गैलीलियो ने एक पुष्ट आधारभूमि तैयार कर ली थी. दूरबीन का आविष्कार हो चुका था और गैलीलियो के मन में खयाल आया कि इस दूरबीन को आकाश की तरफ उठा कर भी देखा जाये!

विज्ञान के भीतर शुरू से एक निरन्तरता रही है. लेकिन निरन्तर विकास की यह यात्रा इतनी सरल भी नहीं रही. विज्ञान को एक दूसरे मोर्चे पर सघन चुनौतियां मिलती रहीं. सत्ता पर वर्चस्व की लड़ाई में धर्म बहुत पहले से एक प्रमुख कारक बना रहा है! विज्ञान को अपनी विकास–यात्रा में संस्थागत धर्म के साथ संघर्ष करना पड़ा.गैलीलियो की जिन्दगी से हम सब परिचित हैं. वर्चस्व की यह लड़ाई आज भी जारी है .

आज यह संघर्ष बहुस्तरीय और जटिल हो गया है. सामान्यतः यह धारणा व्याप्त है कि विज्ञान हमारी बहुत सारी समस्याओं को आसानी से हल कर देगा.अतीत में जिस तरह चिकित्सा के क्षेत्र में महान खोजों ने मानव जीवन को अधिक आयुवान और बेहतर बनाया ,इस धारणा का बनना स्वाभाविक ही था. विज्ञान और टेकनोलोजी की इस जुगलबन्दी ने आर्थिक विकास के लिये मजबूत आधारशिला रख दी.लेकिन इस विकास के लिये पूंजी पर निर्भरता भी बढ़ती चली गयी. यह स्वाभाविक ही था कि इन अनुसंधानों का आर्थिक लाभ उठाया जाये. मानव जीवन के उन्नयन की सदेच्छायें निवेशकों के हितों की बलि चढ़ गयीं! विज्ञान हमेशा मनुष्य की बेहतरी के लिये है, इस बात पर अब भरोसे के साथ विश्वास करना संभव नहीं रहा.

भारत के सन्दर्भ में हम इस बात को औपनिवेशिक जमाने की दो महान प्रतिभाओं के उदाहरण से समझ सकते हैं. जगदीश चन्द्र बोस और सी.वी.रमन के नाम और काम से दुनिया परिचित है.रेडियो तरंगों के क्षेत्र में बोस का काम सारी दुनिया जानती है.उसी वक्त मार्कोनी भी इन तरंगों पर काम कर रहा था.बोस को कुछ यूरोपीय कंपनियों द्वारा इस खोज के व्यावसायिक दोहन के लिये आकर्षक प्रस्ताव दिये गये. 1901 में बोस ने रवीन्द्र नाथ टैगोर को लिखे एक पत्र में इस संबन्ध में लिखा था . बोस ने अपने काम को पेटेंट नहीं कराया.बोस मानते थे कि विज्ञान पर मनुष्य के लिये है.इसी तरह 'रमन–प्रभाव' के नाम से प्रसिद्ध खोज के व्यावहारिक उपयोगों के बारे में रमन बहुत अधिक उत्सुक नहीं थे और उन्होंने भी इस खोज का पेटेंट नहीं कराया.लेज़र–युग की

शुरूआत के बाद रमन प्रभाव पर आधारित 'रमन स्पेक्ट्रोमिट्री' रासायनिक विश्लेषण का एक महत्वपूर्ण औजार बनकर सामने आया है.

विज्ञान के विकास के लिये एक चीज बहुत जरूरी है– तथ्यों और सूचनाओं का निर्बाध संचार.वर्चस्व की राजनीति सबसे पहले इन्हीं पर अंकुश लगाती है.दूसरे विश्व–युद्ध के समय और उसके बाद शीत–युद्ध के दौर में यह प्रवृत्ति खूब पनपी .शीत–युद्ध की समाप्ति के बाद कुछ लोग उम्मीद कर रहे थे कि अब खुली विश्व–व्यवस्था में सूचनाओं का प्रसार बिना रोक–टोक के जारी रहेगा.लेकिन हम सब गवाह हैं कि यह सिर्फ सदिच्छा ही थी।

कुल मिलाकर विज्ञान और टेकनोलोजी के क्षेत्र समाज और इसकी राजनीति से अलग नहीं है.वस्तुपरकता विज्ञान का एक प्रमुख मूल्य है.यह वह प्रमुख गुण है जिसे हमें आत्मसात करना चाहिए.वैज्ञानिक दृष्टि से संपन्न समाजों में वस्तुनिष्ठता एक प्रमुख जीवन–मूल्य होना चाहिए.लेकिन व्यवहार में हम इसे नहीं पाते.यहां विज्ञान एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल होता है.नयी खोज और अनुसंधानों की दिशा वैज्ञानिक तथ्य तय नहीं करते बल्कि आर्थिक/राजनैतिक शक्तियां इन्हें तय करने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं.

यहाँ एक और बात पर ध्यान देना जरूरी है.कई बार सत्ताओं द्वारा वैज्ञानिक तथ्यों का इस्तेमाल अपने बर्चस्व को बढ़ाने के लिये किया जाता है.इससे बचने के लिये हमें अपने विवेक को हमेशा जागृत रखना होगे – वह विवेक जो मनुष्य के पक्ष में देख सकने की दृष्टि देता है.

इसे हम आनुवांशिकी के उदाहरण से समझने की कोशिश कर सकते हैं.आनुवांशिक गुणों के बारे में वैज्ञानिक खोजों ने हमारे जीवन में बहुत प्रभाव डाला है.बल्कि बहुत से रोगों के निदान और उपचार के नये मार्ग भी खुले हैं.यदि कुछ नस्लवादी शक्तियां इन खोजों का हवाला देते हुए नस्लीय श्रेष्ठता के सिद्धान्तों को हवा देते हुए मनुष्य विरोधी विचारों को स्थापित करती हैं तो हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते. आनुवांशिकी के क्षेत्र में जो नये क्रांतिकारी अनुसंधान हुए हैं उन्होंने हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाने की नयी समस्याओं से परिचित कराया है.इनके समाधान के लिये हमें विज्ञान से बाहर सामाजिक ढांचे तरफ़ देखना होगा. सामाजिक समरसता और प्राकृतिक बहुलता ही जीवन को आगे ले जाने का बीज–मन्त्र है.इसके लिये हमें मनुष्य होने के ज्ञान से अर्जित विवेक का सहारा लेना होगा. हमारा यह विवेक ही हमें बतायेगा कि विविधता और बहुलता प्रकृति का गुण है .प्रकृति के साथ सामंजस्य ही मनुष्यता को आगे ले जा सकता है.

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।

– स्वामी विवेकानन्द

विभिन्न लोकसभा चुनावों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व

–डा0 अंजलि वर्मा
राजनीति विभाग

भारत के स्वतंत्रता संग्राम की अनेक विशेषताओं में से एक महत्वपूर्ण विशेषता है – महिलाओं की प्रतिभागिता। महात्मा गाँधी ने आरंभ से ही महिलाओं को स्वतंत्रता संग्राम में सम्मिलित होने के लिये प्रोत्साहित किया और कई छोटे–छोटे आंदोलनों द्वारा उन्हें इसमें शामिल किया। अतः पूरे देश में राजनीतिक जीवन और सामाजिक आंदोलनों में महिलाओं को संविधान ने बिना संघर्ष के अधिकार प्रदान किये। वे हैं स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं से लेकर लोकसभा तक के सभी चुनावों में मतदान करने का अधिकार। इन सभी चुनावों में प्रत्याशी बनने का अधिकार। इस पृष्ठभूमि पर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विगत 75 वर्षों में महिलाओं का मतदान तथा उनकी जीतने की संख्या कैसे बढ़ती गयी, ये देखना उद्‌बोधक होगा।

लोकतंत्र शासन – व्यवस्था स्वीकृत देश में सामाजिक जीवन में बदलाव लाने हेतु प्रगति को गति देने हेतु और देश का भविष्य बनाने का एक प्रभावी माध्यम है – संसद। संसद के माध्यम से समाज के विविध घटकों का विकास करना हो तो सभी घटकों को संसद में आवश्यक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

भारतीय चुनाव आयोग ने सन् 1952 से 2019 तक लिये गये चुनावों की समीक्षा प्रकाशित की है। इस समीक्षा के आधार पर कुछ महत्वपूर्ण मुद्‌दों पर चर्चा करने का प्रयास किया है।

1. इन सभी चुनावों में मतदाता के रूप में महिलाओं का कार्य कैसा है?
2. उम्मीदवारों की संख्या कितनी है?
3. उम्मीदवार का चुनाव जीतने का प्रमाण क्या है?
4. चुनी गयी महिला प्रतिनिधियों की लोकसभाा में कितनी संख्या है?

चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित जानकारी के आधार पर इस बाबत संख्यात्मक स्थिति को जाना जा सकता है। लोकसभा में प्रतिनिधित्व पाने के बाद वे इस पद का कितने प्रतिशत प्रभावी रूप से तथा किस प्रकार इस्तेमाल करतीहे, ये एक अलग पहलू है।

मतदान तथा महिला – स्त्री एवं पुरूष मतदाताओं की संख्या

मतदाता के रूप में महिलाओं का चुनाव में क्या योगदान है, इसके आँकड़े सारिणी क्र० 1 में दिये गये हैं।

सारिणी क्र० 1

विविध लोकसभा चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान करने वाली महिलाओं एवं पुरूषों का अनुपात

वर्ष	कुल मतदान	पुरूष	महिला	पुरूष एवं महिलाओं के अनुपात में अंतर
1957	45.4	56.0	38.8	17.2
1962	55.4	63.3	46.6	16.7
1967	61.0	66.7	55.5	11.2
1971	55.2	60.9	49.1	11.8
1977	60.4	65.6	54.9	10.7
1980	56.9	62.1	51.2	10.9
1984	63.6	68.1	58.6	9.5
1989	61.9	66.1	57.3	8.8

वर्ष	कुल मतदान	पुरूष	महिला	पुरूष एवं महिलाओं के अनुपात में अंतर
1991	56.7	61.5	51.3	10.2
1996	57.9	62.0	53.4	8.6
1998	61.9	65.7	57.6	8.1
1999	59.9	63.9	55.6	8.3
2004	58.0	61.6	53.6	8.0
2009	58.1	61.0	55.8	5.2
2014	66.4	67.1	65.7	1.4
2019	67.11	69.4	69.47	0.07
औसतन	58.5	63.40	9.7	

(भारतीय चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित अहवाल 1951 से 2019 तक भारत सरकार)
(असम एवं पंजाब में 1985 में हुए चुनावों का समावेश नहीं। पंजाब में 1992 में हुए चुनावों का समावेश) नहीं।

सारिणी क्र० 2

विविध चुनाव लड़ने वाले महिला–पुरूष

वर्ष	कुल उम्मीवार	पुरूष प्रत्याशी संख्या	स्त्री प्रत्याशी संख्या
1957	1519	1474	45
1962	1985	1919	66
1967	2369	2301	68
1971	2784	2701	83
1977	2439	2369	70
1980	4629	4486	143
1984	5312	5150	162
1989	6160	5962	198
1991	8668	8342	326
1996	13952	13353	599
1998	4750	4476	274
1999	4648	4364	284
2004	5435	5080	355
2009	8070	7514	556
2014	8232	7590	644
2019	8049	1117	724

(भारतीय चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित अहवाल 1951 से 2019 तक भारत सरकार असम एवं पंजाब में 1985 में हुए चुनावों का समावेश नहीं। पंजाब में 1992 में हुए चुनावों का समावेश) नहीं।

1951 से 2019 के दौरान हुए लोकसभा चुनावों में खड़े उम्मीदवारों के आँकड़े दर्शाने वाली ये सारिणी है। उस पर एक नजर डालें तो स्त्री–पुरूष समानता का दिखावा करने वाला हमारा समाज राजनीति के फलक पर महिलाओं का कर्तव्य कैसे आँकता है, ये सहजता से संज्ञान में आता है। चुनावों में विविध पक्षों से कुछ स्वतंत्र प्रत्याशी खड़े होते हैं। महिलाओं की उम्मीदवारी को नाममात्र प्रतिनिधित्व देते हैं। सन् 1951 में जो उम्मीदवार थे, उनमें महिला उम्मीदवारों की संख्या 2.9% थी, जो धीमी गति से बढ़ते–बढ़ते 2014 में 7.8% हुई और 2019 में 14.3% हुई। यहाँ एक और बात ज्ञातव्य है कि चुनाव लड़ने वालों में सफल उम्मीदवारों में पुरूषों की अपेक्षा महिलाएं आगे हैं। उदाहरण किसी चुनाव में यदि पुरूष प्रत्याशी हों तो उनमें से लगभग 25 यानी 5 पुरूष चुनाव जीतते हैं और यदि 10 महिला प्रत्याशी हो तो आमतौर पर 5 महिलाएं चुनाव जीतती हैं।

लोकसभा में प्रतिनिधित्व :

लोकसभा के सभी चुनावों में महिला प्रत्याशियों के जीतने की संख्या पुरूषों की तुलना में अधिक होने पर भी लोकसभा में प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की संख्या पुरूषों की तुलना में अत्यंत अल्प है। ये निम्न सारिणी द्वारा ज्ञात होता है।

सारिणी क्र०

विविध लोकसभा चुनावों में जीतने वाले महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों की संख्या

वर्ष	कुल प्रतिनिधि	पुरूष संख्या	स्त्री संख्या
1957	403	381	22
1962	494	463	31
1967	520	491	29
1971	518	489	29
1977	542	523	19
1980	529	501	28
1984	514	472	42
1989	529	500	29
1991	521	484	37
1996	543	503	40
1998	543	500	43
1999	543	494	49
2004	543	498	45
2009	543	484	59
2014	543	482	61
2019	542	464	78
कुल	8370	7729	641
औसतन	522	484	37

(भारतीय चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित अहवाल 1951 से 2019 तक भारत सरकार असम एवं पंजाब में 1985 में हुए चुनावों का समावेश नहीं। पंजाब में 1992 में हुए चुनावों का समावेश) नहीं।

उपरोक्त सारिणी से कुछ महत्वपूर्ण मद्दे स्पष्ट होते हैं।

सन्1957 में कुल 403 प्रतिनिधि चुने गये थे। इनमें 22 महिलाएं थीं। यानी संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 4.5% था। 1971 तक महिला प्रतिनिधियों की संख्या 55. 5% हुई। 1977 में आपालकाल के बाद के चुनावों में लोकसभा में केवल 3.5% महिलाएं विजयी हुईं। आज तक के चुनावों में ये सबसे कम संख्या है। शायद आपातकाल के विरोध में विविध पक्षों के कार्यकर्ताओं ने आंदोलन किया, उसके फलस्वरूप प्रस्थापितों के विरोध में मतदान करके जनता ने नए प्रतिनिधियों को अवसर दिया। इसमें पुरूष आगे रहे। अर्थात आपालकाल के विरोध में विविध पक्षों की महिला कार्यकर्ता भी सक्रिय थीं। उन्होंने कई बार आंदोलनों का नेतृत्व भी किया फिर भी लोकसभा में उनका नेतृत्व नहीं बढ़ सका। महिलाओं को प्रस्थापित होते समय अधिक प्रतिकूल सामाजिक परिस्थितियों से लड़ना पड़ता है। तत्पश्चात् 1984 की लोकसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 8.4% की अधिक वृद्धि हुई।

1990 के बाद राज्य स्तर पर कुछ महिलाओं का नेतृत्व उभरा। उदाहरण पश्चिम बंगाल में सुश्री ममता बैनर्जी, तमिलनाडु–जयललिता, उत्त प्रदेश–सुश्री मायावती, इ. राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभाव पड़ा किंतु लोकसभा में महिलाओं की संख्या धीमी गति से बढ़ती रही।

2014 तक धीमी गति से बढ़कर ये संख्या 11.2% हो गयी है। 2014 में 543 सदस्यों वाली संसद में महिलाओं की संख्या केवल 61 है। 2019 में यह संख्या 78 हुई है। इस गति से महिलाओं की संख्या बढ़ती रही तो 50% तक पहुंचने में और कितने वर्ष लगेंगे?

50% न हो तो भी लोकसभा में महिलाओं के लिये 33% आरक्षित स्थान रखें जायें, ऐसा विधेयक कई बार प्रस्तुत किया गया है। कोई भी विचारधारा की सरकार हो, फिर भी इस विधेयक का विरोध करने में सभी पक्ष एकमत हो जाते हैं। इसीलिये विधेयक अभी भी पारित नहीं हुआ। देखा जाये तो लोकसभा में 50% महिलाओं के प्रत्यक्ष सहभाग बाबत इतनी में चुनाव लड़ने का अधिकार दिया गया है फिर भी लोकसभा में महिलाओं के प्रत्यक्ष प्रतिभागिता में इतनी निराशाजनक परिस्थित क्यों है? इसके पीछे के कारण की चर्चा करें तो प्रकृति और समाज ने महिलाओं पर जो जिम्मेदारी सौंपी हैं, वो ही महिलाओं के राजनीतिक सहभाग में सबसे बड़ी बाधा है।

प्रकृति ने महिलाओं पर मातृत्व की जिम्मेदारी सौंपी है। 20 से 40 वर्ष उम्र तक का समय संतानोत्पत्ति और उसके पालन–पोषण में चला जाता है। साथ ही, भारत जैसे पुरूष प्रधान समाज में पितृसत्तात्क समाज व्यवसीा होने से परिवार के देखभाल की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं पर आती है। सभी मध्यमवर्गीय, निम्नवर्गीय, ग्रामीण और शहरी महिलाएं जिम्मेदारी सम्भालती हैं। नारी उच्च शिक्षित हों, ऊँचे पदों पर हों, फिर भी घर की जिम्मेदारी से महिलाएं मुक्त नहीं होतीं। ऐसी परिस्थिति में राजनीतिक क्षेत्र के विषय में सोचना व सहभागिता करना अत्यंत दुष्कर हो जाता है। कोई भी राजनीतिक दल इस विषय पर गम्भीर नहीं है। महिलाओं की सहभागिता में केवल चुनाव प्रचार व मतदान तक या संगठत तक ही सीमित रखना चाहते हैं।

विश्व स्तर पर महिला नेताओं का शासन काल

- श्रीलंका की सिरिमाओं भंडार नायके – दुनिया की पहली महिला राष्ट्रप्रमुख
- 1960 में उनकी नियुक्ति के बाद आजतक दुनिया में 63 महिला राष्ट्रप्रमुख
- आइसलैंड को लिी सर्वाधिक 16 वर्षों तक महिला राष्ट्रअध्यक्ष
- अमेरिका में आजतक एक भी महिला राष्ट्रअध्यक्ष नहीं बनी
- प्रगत राष्ट्रों की बजाए अप्रगत राष्ट्रों में महिला राष्ट्रअध्यक्षों की संख्या अधिक
- आजतक 79 देशों में महिला राष्ट्रप्रमुख नहीं हैं
- भारत सहित 5 राष्ट्रों को लिा 15 वर्ष से अधिक महिला नेतृत्व

विश्व स्तर पर जहाँ लोकतंत्र शासन पद्धति है, ऐसे देशों में महिलाओं का संसद में प्रतिनिधित्व कैसा है, देखना जरूरी है। Inter Parliamentary Union द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में विविध देशों में संसद में महिलाओं का कितना प्रतिनिधित्व है, इसकी जानकारी दी है। विविध देशों में लोकसभा में महिला एवं पुरूषों का कितनीी संख्या में प्रतिनिधित्व है, इसका समय–समय पर अवलोकन किया गया। 1995 में तथा 2019 में विविध देशों से संसद सदनों में महिलाओं की कितनी संख्या थी, इस बाबत जानकारी दी गयी है। ये जानकारी इकट्ठी दी जा सके, इस हेतु दुनिया के विविध देशों का भौगोलिक स्थान पर आधारित समूह बनाकर इकट्ठा जानकारी दी है। उदाहरण यूरोपियन देशों का समूह, एशियाई देशों का समूह है। विश्व स्तर पर देखें तो महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। 1995 में महिला प्रतिनिधियों का औसत अनुपात 11.3% था, 2015 में बढ़कर 22.1% हुआ है। और 2019 तक विश्व प्रतिनिधित्व विविध देशों में 24% हुआ महिला प्रतिनिधित्व अभी तक –

- नॉडिक देशों मे – 41.5%
- यूरोपियन देशों में – 25%
- अमेरिका एवं लैटिन अमेरिका में – 26.4%
- सब सहारन अफ्रीका समूह के देशों में – 22.3%
- एशियाई देशों में – 18.5%
- अरब देश समूह में – 16.1%
- रवांडा देश में – 63.8%
- बोलिविया में – 53.11%
- क्यूबा में – 48.91%

- स्वीडन में – 43.61%
- स्नेगल में – 42.71%
- फिनलैंड में – 42.51%
- इक्वाडर में – 41.51%
- भारत में – 121%

भारत में 1995 से 2015 तक की कालावधि में महिला प्रतिनिधियों का अनुपात 4.81% तक बढ़ा है। 1995 में भारत की संसद में महिलाओं का अनुपात 7.21% था और 2015 में 121% हुआ है। इस प्रकार विभिन्न देशों का परिदृश्य भी कुछ देशों को छोड़कर अत्यधिक उत्साहजनक नहीं है। महिलाएं चाहे किसी भी देश की हों, परिस्थितियां सभी की लगभग एक समान है। वहाँ चुनौतियां भी एक समान प्रतीत होती हैं।

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो
हम ही हैं जो अपनी आंखों पर हांथ रख लेते हैं
और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

– स्वामी विवेकानन्द

लॉकडाउन के समय में मानसिक स्वास्थ्य, समस्या व समाधान

डॉ. पूनम पाण्डे
असि. प्रो., मनोविज्ञान विभाग

कोरोना वायरस के चलते, लागू लॉकडाउन में लोगों का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। प्रमुख अखबारों, सोशल मीडिया, न्यूज चौनलों के आधार पर इस दौरान तनाव, चिंता ,घरेलू हिंसा, आत्महत्या के मामले बढ़ गए है।

नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज की एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें साइकोलॉजिकल हेल्पलाइन में पहले दिन 1000 फोन कॉल्स आए और दूसरे दिन यह फोन कॉल 3000 हो गए। जिन्हें थोड़ी सी भी मानसिक दिक्कत थी उनमें और इजाफा हो गया। असल में लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग की जो अवधारणा है वह हमारे लिए बिल्कुल नई है। लगातार घरों में बैठे रहने और बाहर नहीं निकल सकने की बंदिश व कई प्रकार की अनिश्चितताओं के कारण लोगों में तनाव बढ़ रहा है। हम सबके लिए इससे उबरना मुश्किल है। इसका असर व्यक्तियों के मानसिक स्तर पर पड़ना स्वाभाविक है। कोलकाता के मेंटल हॉस्पिटल एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के संस्थापक डॉ तपन कुमार रे का कहना है कि उन्होंने कोरोना वायरस के दौरान अपने हॉस्पिटल में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कई मरीजों में कोरोना वायरस की चिंता देखी है। इस समय पर ठीक से दवाइयों और काउंसलिंग का मिलना बहुत जरूरी है।

लॉकडाउन के दौरान चिंता, निराशा, घबराहट के दौरे ,भूख में अचानक वृद्धि, अनिद्रा, अवसाद, मनोदशा में परिवर्तन, भ्रम, भय और आत्महत्या की प्रवृत्ति जैसी चीजें आम बात है। शरीर व व्यवहार दोनों पर इसका असर दिखाई दे रहा है। बार–बार सिर दर्द का होना, थकान, ब्लड प्रेशर में उतार–चढ़ाव, बुरे ख्यालों का आना, नकारात्मक सोच जैसे नौकरी चली गई तो क्या होगा, कोरोनावायरस से ग्रसित हो गए तो फिर क्या, अपने सगे संबंधियों को कुछ हो गया आदि खयाल। एक काम पर ध्यान ना लगना, शराब, तंबाकू, सिगरेट का ज्यादा सेवन, ज्यादा टीवी देखना, ज्यादा चीखने चिल्लाने लग जाना या फिर चुप्पी साध लेना जैसी व्यवहारिक समस्याएं।

इन सब समस्याओं हेतु ऑनलाइन मनोचिकित्सकीय सलाह व मदद दी जानी चाहिए। जिससे कि तनावग्रस्त व्यक्ति का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन कर उसे उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके। लॉकडाउन के दौरान सबसे पहला काम होना चाहिए कि इससे लड़ें नहीं इसे स्वीकार करें। पहले समस्या थी की काम और घर पर संतुलन नहीं बना पा रहे थे परिवार के लिए समय निकाल पाना मुश्किल हो रहा था और अब अचानक उनके पास समय ही समय है। लेकिन वे नहीं जानते कि इसके साथ क्या करना है ख्ऐसे समय में मानसिक स्वास्थ्य तब तक ठीक नहीं होगा जब तक सकारात्मक नहीं रहेंगे। परिवार से जुड़ेंगे नहीं और सोशल मीडिया से अन्य लोगों से संपर्क में नहीं रहेंगे।

दिन में कम से कम 1 से 2 घंटे खुद को टीवी, फोन, लैपटॉप आदि से बिल्कुल दूर रखें। ताकि आसपास की जानकारी के अति प्रवाह से निपटने में मदद मिल सके। इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज के निदेशक डॉक्टर निमेश जी देसाई कहते हैं 'इसके लिए जरूरी है कि लोग उतनी खबरें देखें और पढ़ें जितना जरूरी है उन्हें समझना होगा कि एक ही चीज बार–बार देखने से उनके दिमाग में वही चलता रहेगा। इसलिए दिन भर का एक समय तय करें और उसी वक्त न्यूज चौनल देखें।' अतः अपने कार्यकलापों की लिस्ट बनाएं, रूटीन सुनिश्चित करें सोना, उठना, सही समय पर खाना और काम करने का एक नियमित चक्र बनाएं, जिससे कि मानसिक रूप से व्यवस्थित रखने में मदद मिलेगी और अपने कार्यों को करने की संतुष्टि भी मिलेगी।

दिमाग व्यस्त रखने के लिए गार्डनिंग करें, पेंटिंग बनाएं, डांस करें, म्यूजिक वीडियोस बनाएं। दिमाग व्यस्त रहेगा तो तनाव महसूस करने या लक्षणों के बिगड़ने की आशंका कम होगी। व्यायाम, ध्यान, प्रार्थना मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। होम वर्कआउट के द्वारा आसान व्यायाम करने का प्रयास करना चाहिए। शरीर को थोड़ा हिलाने की कोशिश व स्ट्रेच करें। इसके पश्चात आप थोड़ा बेहतर महसूस करेंगे, फिर थोड़ा ध्यान व प्रार्थना करें। छत पर टहलें, बाल्कनी में खड़े होकर सुबह की धूप का आनंद लें, अपनी कोई भी हॉबी को पूरा करें, भावनाओं को जरुर व्यक्त करें।

घबराहट या चिंता से निपटने के लिए आसपास की चीजों में ध्यान केंद्रित करें। कुछ देर चिड़ियों की चहचहाहट को सुनें, ठंडे पानी में हाथों और पैरों को डुबोयें, गहरी–गहरी सांसे लें, आसपास के फूलों को छुएं, अपने गमले के पौधे के हरे रंग को निहारे, सीढ़ियां चढ़े और उतरे, अपने फ्रिज की आइस ट्रे से एक बर्फ के क्यूब को लेकर थोड़ी देर तक पकड़ें, पसंदीदा परफ्यूम लगाएं और उसकी खुशबू को महसूस करें, ऐसी छोटी–छोटी चीजें करने से भी आपकी चिंता का स्तर कम होगा।

कुछ मनोवैज्ञानिकों के अनुसार पेरेंट्स को अपने बच्चों के साथ कुछ भी ज्यादा जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए उन्हें उनकी बायोलॉजिकल शेड्यूल के अनुसार चलने दें, बदली हुई परिस्थिति में एडजस्ट होने दें। कुछ समय अकेले छोड़ दें, तो वे कुछ समय बाद खुद ही अपना समय निर्धारित करेंगे, और कुछ ना कुछ जरूर क्रिएटिव करेंगे।

आधुनिकयुगे संस्कृतस्योपयोगिता

डॉ0 रेखा नौटियाल
असिस्टेंट प्रोसेसर, संस्कृत विभाग

संस्कृतभाषा विश्वस्य सर्वासु भाषासु प्राचीनतमा। आधुनिका भाषाशास्त्रणाविचक्षणा निर्विवाद स्वीकुर्वन्ति यत् – भारोपीयभाषापरिवारस्यादिमं लिखितं प्रमाणं ऋग्वेद एवास्ति। ऋग्वेदश्च संस्कृतस्यभाषायामेव निबद्धः। इत्थं संस्कृतस्यभाषा विद्भभाषाणामं, विशेषतस्तु एवास्ति सर्वासां भारतीयाभाषाणां जननी कथ्यते। यथा जननी दुग्धादिदानेन शिशून् संवर्धयति तथैव संस्कृतं स्वशब्दकोषदानेन सर्वाः भाषाः समृद्धयति। संस्कृता परिष्कृता व्याकरणनियमपरिशुद्धा भाषाविज्ञाननिकषोपलपरीक्षिता च या भाषा सैव – ''संस्कृतभाषा'' – इति नाम्ना ज्ञायते।

संस्कृतं न केवलं भारतीयानां जीवने विशिष्ट स्थानं धारयति अपितु वैदेशिकानां हृदये अपि गरिमाम्आदधाति। अयं भारतवर्षः धन्यः यत्र इयं भाषा विलसति। विविधशब्द सन्दोहप्रवासिनी इयं भाषा प्राचीन कालाद्एवं निखिलेषु वाङ्मयेषु सर्वश्रेष्ठा प्रशस्ता च आसीत्। इयं भाषा देवभाषा देववाणी सुरभारती गीर्वाणवाणी संस्कृत भाषा प्रभृतनाम्ना प्रख्याता च अस्ति। छात्राणाम्अध्यनाय यद्यपि विज्ञान वाणिज्यादयः बहवः विषयाः सन्ति तथापि यादृशं विपुलं उदात्तं वाङ्मयं, यादृशी अध्यात्मपरता, चरित्र निर्माणाय प्रेरणा, अन्यत्र। इयं भाषा विविधभाषाणां जननीं वेदवेदाङ्गपुराणतिहासस्मृति ग्रन्थानाम् उत्पादयित्री च वर्तते। वेदेषुउपनिषत्षु, स्मृतिषु, धर्मशास्त्रेषु, रामायणमहा– भारतपुराणेतिसादिषु, अन्येषु च संस्कृतनाटकादिषु या संस्कृतिर्या वा सद्विचारसरणिवर्णिता तामनुसृत्य विश्वकल्याणं सुकरं। अस्ति वेदमन्त्रषु विश्वबन्धुत्वस्योपदेशः।

तद्यथा –

''मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।''
''सर्वा आशा मम भिन्नं भवन्तु।''
''बन्धुमें माता पृथ्वी महीयम्''।

सर्वभूतहितमयी भावना मानवसंस्कृतेः पराकाष्ठा। सा तु यथा–

एतादृशी उदात्तभावना देववाण्यामेव प्रथमं प्रादुर्बभूव। यदीयं भव्यभावना विश्वमानवमानसेषु प्रतिश्ठामाप्नुयात् तर्हि न क्वचिदपि किंचिदपि क्लेशों रागद्वेषलेशों वा भवेत। विश्वशान्तिस्थापनाय संस्कृतस्य अध्ययनं आवश्यकं वर्तते। अधुना वैदेशिका अति अस्मां शास्त्रेषु निहितानां शान्तिपरक वाक्यानाम् अध्ययनेन, भाषणेन प्रेरिता सन् शान्तयर्थ बहुषु आश्रमेषु संस्कृतं पाठ्यमाना दृश्यन्ते। संस्कृतभारती तु भारते एवं न अपितु अमेरिका देशे विंशतिवर्षाद् संस्कृत समृद्धिये प्रचाराय च यतमाना अस्ति। पूर्ववर्षेथाइलैण्डदेशस्य षोडशस्य विश्व संस्कृत सम्मेलनस्य आयोजनम् अभवत्। यस्य उद्घाटनं अस्माकं देशस्य भूतपूर्व विदेश मंत्रिणा श्रीमत्या सुषमा स्वराज महाभागया कृतम्। स्वकीये सम्बोधने सा अकथयत् यत् संस्कृत भाषा वर्तते। विश्वेसप्त–सप्तधिकैकशतेषु देशेषु योगस्य अनुयायिनः सन्ति। संस्कृतस्य बिना योगस्य अध्ययनम्अपूर्णम्। अतः अद्य संस्कृतं अत्यन्तं वेगेन प्रसरत् निरन्तरं वर्धमानं च वर्तते। संस्कृत भाषा न केवलं भारते देशे अपितु बहुषु देशेषु संस्कृतस–म्भाषणशिविराणाम् आयोजनं करोति। संस्कृतभाषा सामान्य भाषा नास्ति। इयं प्राचीन भारतस्य शिल्पकृषिरसायनखगोल भूगोल पशुविज्ञान अर्थशास्त्र राजनीति प्रभृतीनां विविध शास्त्राणां भाषा वर्तते।

आधुनिकयुगे संस्कृतोपयोगित्वादिविषयेषु विचारार्थ अन्येषु च शास्त्रीयविषयेषु शोधपूर्णचर्चार्थ विविध विश्वविद्यालयेषु शोधसंस्थानेषु च काले काले संस्कृतसम्मेलनानि शोधगोष्ठयश्च समायोज्यन्ते। विशिष्टावसरेषु संस्कृत कविसम्मेलनान्यपि क्रियन्ते। संस्कृतस्य शोधकार्यहेतवः अपि संगणके विविध साधनानि सन्ति। संस्कृतस्य प्रचाराय विविधः पत्रिकाः अपि सन्ति यासु सम्भाषणसंदेशः, सुधर्मा, संस्कृत रेडियों दूरदर्शने वार्तावली च अन्तर्जालपुटे उपलब्धाः। बहवः संस्कृतसंस्थाः अपि संस्कृतस्य प्रचाराय यतमाना सन्ति यासु संस्कृत अकादमी, संस्कृत भारती, वेदविज्ञान गुरूकुलम्, देहली, हरिद्वार, उज्जैन, कर्नाटक, जयपुर, हैदराबाद स्थिता संस्कृत अकादमी, संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठानम् अन्ताराष्ट्रिय संस्कृताध्ययन समवायः अन्तर्जालयुता सन्ति। बहवः संस्कृत गोष्ठ्यः अपि ई मेल माध्यमेन जिज्ञासूनां छात्राणां संशयच्छेदनाय तत्पराः सन्ति। विविधाः संस्कृत विश्वविद्यालयाः अपि संस्कृत समृद्धस्ये प्रयत्नवस्यः सन्ति येषु देहली – तिरूपति उत्तराखण्डे स्थितं राष्ट्रिय संस्कृत संस्थानम्, कर्णाटक – वाराणसी – जयपुर – जबलपुर – देहली आदि प्रान्तेषु स्थितः संस्कृत विश्वविद्यालयाः अपि संस्कृतस्य उन्नत्यै प्रयासरता सन्ति।

आधुनिकसमये संस्कृतस्य आधुनिकविषयेः सह योजनं, समकालीन साहित्यस्य निर्माणं, संस्कृत ग्रन्थानां वैज्ञानिका दृष्ट्या अध्ययनम्आवश्यकम् अस्ति। आधुनिकसमये संस्कृतस्य शिक्षणे सम्भाषणविधेः परिष्कार, पठन–पाठन पद्धते, नवीनीकरणं, समुचित पाठय्क्रम निर्धारणं, लघुवाक्येषु परस्परं सम्भाषणं सरलतया विधिना व्याकरणं सुत्राणां पाठनम् संस्कृतभाषयाम् एवं शोधकार्य, शोधकार्य संरक्षणाय समयदां, भाविभारतस्य आवश्यकतानुसां भाविसंस्कृत विदुषां निर्माणं, संस्कृते निहितं ज्ञानविज्ञानदीनां वर्तमान परिस्थिति उपयोगः कालस्य पररवर्तनानुरूपं अद्यतनीनाम् आवश्यकतानां पूर्तिहेतवे संस्कृतस्य महत्वं प्रतिपादनीयम्।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. यजुर्वेद 36/18, **2.** अथर्ववेद 19/15/6,
3. ऋग्वेद 1/164/33

भगवान का भेजा गया मानव के लिये एक तोहफा "माँ"

–जितेन्द्र सिंह नेगी
कनिष्ठ सहायक

सभी को जितेन्द्र सिंह नेगी (जीती) का प्यार भरा नमस्कार! आपने पहले भी **"धरोहर"** पत्रिका के माध्यम से **"माँ"** पर कहानियां पढ़ी हैं। जैसे अगर ईश्वर नहीं दिखता, तो माँ को देख लीजिए। माँ का प्यार, माँ जैसा कोई नहीं, जिसको आपने बहुत सराहा है। इसी के साथ मैं आपके लिये एक और माँ पर कहानी लेकर आया हूँ। जिसका आपको बहुत बेसब्री से इंतजार रहता है, जिसके लिये मैं आप सभी का दिल से धन्यवाद करता हूँ। इस बार भी सभी को बहुत बेसब्री से इंतजार था कि जितेन्द्र इस बार फिर माँ पर कुछ नया लेकर आयेगा। मेरे को सभी ने पछा कि इस बार भी क्या माँ पर कुछ लेकर आयेगा? तो मुझे बहुत अच्छा लगा सुन के कि सभी को कितना इंतजार है माँ पर कहानी का, क्योंकि दुनिया में शायद ही कोई ऐसा होगा, जो अपनी माँ को प्यार ना करता है। सभी करते हैं।

कुछ दिन पहले मुझे हमारी आदरणीय प्राचार्य महोदया जी ने भी मुझसे पूछा कि इस बार आपने **"धरोहर"** पत्रिका के लिये कुछ नहीं दिया? जब उन्होंने कहा कि माँ पर तो मुझे ये सुनकर बहुत अच्छा लगा और ये सोचने लगा कि सभी माँ पर कहानी पढ़ना पसंद करते हैं। इसी के साथ आज मैं सभी के लिये माँ पर कहानी लेकर आया हूँ।

भगवान का भेजा गया मानव के लिये एक अनमोल तोहफा "माँ" का नाम दिया है। एक बच्चे का भगवान से पूछा गया बहुत ही सुन्दर सवाल – एक बच्चा, जिसने अभी तक जन्म भी नहीं लिया था। उसका जन्म होना वाला था। उसने जन्म से कुछ ही समय पहले भगवान से पूछा – 'मैं इतना छोटा और मासूम हूँ। मैं खुद से कुछ नहीं का पाऊंगा, तो इतनी बड़ी धरती पर अकेला कैसे रहूंगा? भगवान, आप मुझ छोटे से बच्चे को अपने पास रहने दो, मैं धरती पर कभी नहीं जाना चाहता हूँ।' उस मासूम की बातों कोसुनकर भगवान बोले – 'हे बच्चे! मेरे पास बहुत सारे फरिश्ते हैं, उन फरिश्तों में से एक मैं तुम्हारे लिये चुन के भेजूंगा, जो आपको बहुत प्यार करेगा और आपका ख्याल रखेगा। आप मुझे बताइये कि मैं यहां स्वर्ग में कुछ नहीं करता हूँ। बस गीत गाता हूँ और मुस्कराता हूँ। मेरे लिये खुश रहने का यह एक बहुत प्यारी और सुन्दर जगह है। जिस फरिश्ते को मैं आपके लिये भेजूंगा, वह फरिश्ता आपके लिये गायेगा भी और तुम्हारे लिये मुस्करायेगा भी। तुम उसके प्यार को महसूस करोगे और खुश रहोगे।'

'जब मुझे किसी से बात करनी होगी तो या लोग मुझसे बात करेंगे, मैं उनकी बातों को और भाषा को कैसे समझूंगा। मुझे उनकी भाषा नहीं आती।' बच्चे ने कहा।

भगवान ने कहा – 'मेरा भेजा गया फरिश्ता तुमसे बहुत ही मीठे और प्यारे बोल बोलेगा और बात करेगा। वो ऐसे प्यारभरे शब्दों में तुमसे बात करेगा, जो तुमने यहां नहीं सुने होंगे और वो तुम्हें बहुत ही धैर्यपूर्ण ढंग से बोलना सिखायेगा। वह तुम्हें प्रार्थना करना सिखायेगा, जिससे तुम मुझसे बात कर सकोगे और मिल सकोगे।'

बच्चा बोला – 'हे भगवान, धरती पर पर बहुत ही बुरे प्राणी रहते हैं। उन गन्दे और बुरे प्राणियों से मुझे कौन बचायेगा?'

'मेरा भेजा गया फरिश्ता हर बुराइयों से तुम्हारी रक्षा करेगा, चाहे उसकी जान ही क्यों न चली जाये और सबसे बड़ा दुख मेरे लिये यह होगा कि मैं आपको नहीं देख पाऊंगा। इसकी चिन्ता तुम बिल्कुल मत करना, तुम्हारा प्यारा फरिश्ता हमेशा तुम्हें मुझसे मिलने के बारे में बतायेगा कि तुम वापस मेरे पास कैसे आ सकते हो।'

उस बच्चे के इतने प्यारे और मासूम सवालों को सुनकर व भगवान के इतने स्पष्ट उत्तर सुनकर स्वर्ग में एक असीम शांति थी मगर पृथ्वी से किसी के रोने व कराहने के स्वर सुनाई दे रहे थे। वो प्यारा व छोटा बच्चा समझ गया कि अब उसे भगवान को छोड़कर फरिश्ते के पास जाना है। उसने बहुत ही करुणामयी शब्दों में रोते–रोते कहा – 'हे भगवान, अब तो मैं धरती पर जाने वाला हूँ। आपसे विनती है कि मुझे इतना प्यार और दुलार देने वाले फरिश्ते का नाम क्या है?' तो भगवान बोले – 'उस फरिश्ते का बहुत बड़ा महत्व है, जिसको हर प्राणी नहीं समझ पाता, वह मेरे द्वारा भेजा गया मानव के लिये एक अनमोल तोहफा है और मेरा मानना है कि बच्चे के लिये उससे बेहतर इस दुनिया में ना कोई है और ना ही माना जा सकता है। मेरा दूसरा रूप है वह ओर सागर से गहरा है। उसका प्यार व घर कोई स्वर्ग से कम नहीं है। जहां उस फरिश्ते को मेरे से ऊपर का स्थान मिला है और मेरे से पहले पूजा जाता है। और अगर प्यार और सच्चे मन से उनका सम्मान और सेवा कर ली तो समझो सारे तीर्थ ओर मन्दिर घूम लिये। सारे भगवान की पूजा कर ली। बच्चे, तुम बस इतना जान लो कि तुम उस फरिश्ते को प्यार से 'माँ' कहकर पुकारोगे।'

"मेरे शब्दों में माँ का अर्थ" मैं माँ के बारे में क्या बोलूं। मुझे लगता है, माँ वो है, जिसके हाथों में बच्चा अपने–आपको सबसे सुरक्षित मानता है। उसे लगता है कि दुनिया में अगर स्वर्ग है तो बस माँ की गोद में है, क्यों मैंने चलती–फिरती आँखों से अदा देखी, जन्नत तो नहीं देखी पर मैने माँ देखी है। वो कहते हैं ना माँ शब्द अपने–आपमें परिपूर्ण है। दुनिया

में हम चाहे कितने भी रिश्तों में क्यों न बंधे हुए हों लेकिन बिना माँ के हमारा जीवन अधूरा होता है। हर रिश्ते को आपसे कुछ पाने की आस रहती है लेकिन माँ का पुत्र के बीच एक ऐसा रिश्ता है, जो सिर्फ प्यार चाहता है। माँ और बेटे का प्यार, जिससे बढ़कर बच्चे के लिये दुनिया में कुछ भी नहीं है। जो एक माँ अपनी संतान को सुन्दर अच्छा जीवन देना चाहती है, माँ भूखी सो सकती है लेकिन कभी भी अपनी संतान का भूखे पेट सोना सपने में भी नहीं देखना चाहती है। माँ तो हरवक्त अपनी संतान के कल्याण की बात सोचती है कि किस प्रकार उसी संतान आगे बढ़े और जग में नाम करे, क्योंकि बच्चे की जिन्दगी का पहला गुरु और दोस्त भी माँ ही है। जिन्दगी भी माँ और जिन्दगी देने वाली भी माँ है। लेकिन माँ भले ही पढ़ी–लिखी हो या ना हो पर संसार का महत्वपूर्ण ज्ञान हमें माँ से प्राप्त होता है। इससे ज्यादा मैं माँ के लिये क्या लिखूं। माँ को शब्दों में नहीं तोला जा सकता है। संसार के सभी प्राणियों के लिये 'भगवान' का भेजा गया एक अनमोल तोहफा 'माँ' है।

कमजोर कभी माफ़ी नहीं मांगते। क्षमा करना तो ताकतवर व्यक्ति की विशेषता है।

– महात्मा गाँधी

राष्ट्रीय सेमिनार : इतिहास विभाग

–डा0 नूर हसन
असि. प्रोफेसर, इतिहास
संयोजक सेमिनार

शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय, डोईवाला देहारादून के इतिहास विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR) नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "भारतीय साहित्य और परम्पराओं में सामाजिक सहिष्णुता" नमक विषय पर दिनांक 23–24 मार्च 2021 ई० को आयोजित किया गया, जिसमे देश के प्रसिद्ध बुद्धिजीवियों, प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया व शोध पत्र प्रस्तुत किए ।

सेमिनार का उदघाटन सत्र प्रोफेसर डी० पी० सकलनी के उदबोधन से प्रारम्भ हुआ, जिनके द्वारा भारतीय संस्कृति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। तदुपरान्त प्राचार्य प्रोफेसर डी० सी० नैनवाल एवं सेमिनार के संयोजक डॉ नूर हसन के द्वारा सेमिनार के थीम्स पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक विविधताओं का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण भारत है, जोकि विश्व का एक मात्र ऐसा देश है जहाँ अनेक प्रकार की विविधताएँ व्याप्त है। पंथीय, क्षेत्रीय, जातीय विविधताओं के साथ–साथ भारत में नस्लीय, भाषाई, भौगौलिक, एवं सांस्कृतिक विविधताएँ भारत को विश्व के अन्य देशों से पृथक करती है। लगभग 1652 भाषाएँ एवं बोलियाँ भारत में बोली जाती है, 30 लाख वर्ग किमी से भी अधिक भूभाग वाला उपमहाद्वीप क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व में सातवाँ स्थान रखता है । विश्व में व्याप्त सभी धर्मों के मानने वालें लोग इस भूभाग में निवास करते है। ऐन्थ्रोपौलोजिकल सर्वे आफ़ इण्डिया (2002) के अनुसार भारतीय भू–भाग पर लगभग 4635 विभिन्न समुदाय निवास करते है जिनकी अपनी – अपनी आनुवांशिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व भाषाई विशेषताएँ हैं।

सेमिनार के की नोट वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रमेश मेहता के द्वारा सामाजिक सहिष्णुता के उदाहरण प्रस्तुत किए गए। दिल्ली विश्वविद्यालय के अन्य प्रोफेसर डॉ अलीम अशरफ खान के द्वरा फारसी साहित्य में सामाजिक सहिष्णुता पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ कमर आलम के द्वारा भी सामाजिक सहिष्णुता पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया । सेमिनार के प्रथम दिन कि संध्या में मुशायरा का आयोजन किया गया जिसमें देश विदेश के प्रसिद्ध शायरों ने भाग लिया । सम्मिलित होने वाले शायरों में डॉ खालिद आज़मी, अफजल मंगलौरी, असलम खतौल्वी, मीरा नवेली और ओम प्रकाश नूर ने अपनी गजल प्रस्तुत की।

सेमिनार के दूसरे दिन प्रोफेसर सिराज मुहम्मद, प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता, डॉ प्रमोद भारतीय के द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सेमिनार ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों प्रकार से आयोजित किया गया जिसमे लगभग 400 विद्वजनों ने प्र्तिभाग किया।

क्विज प्रतियोगिताओं द्वारा करियर गाइडेंस्

डॉ अफ़रोज़ इकबाल
विभाग

शहीद दुर्गामल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला, देहरादून में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अफ़रोज़ एकबाल जो की करियर गाइड के नाम से मशहूर हैं।

प्रथम कोरोना काल में अपने यू ट्यूब के माध्यम से सामान्य ज्ञान /सामान्य अध्ययन की तैयारी वैज्ञानिक तरीके से करा रहे हैं। उत्तराखंड में सर्वप्रथम राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर डा अफ़रोज़ एकबाल ने क्विज प्रतियोगिता एव निबंध प्रतियोगिता प्रारंभ किया था।साथ ही साथ उन्होंने इस प्रतियोगिता को लगातार नियमित रूप से अभी भी कराते रहते हैं।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर 2अक्टूबर, 2021 से ै/च्ै की तैयारी ऑनलाइन करा रहे हैं। इसके लिए 25 व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाए गए हैं जिसमे देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है और तैयारी कर रहे हैं।

अपने चौनल के माध्यम से निः शुल्क ARMY, POLICE, FOREST GUARD, SSC, GROUP C, VDO का सम्पूर्ण कोर्स 3 महीने के लिए तैयार किया गया है।साथ ही साथ ै/च्ै /छम्ज के लिए एक साल का कोर्स उपलब्ध है। कोर्स निः शुल्क है ।अगर कोर्स के बारे में समझना है तो डा अफ़रोज़ एकबाल से संपर्क करें।

डा अफ़रोज़ एकबाल का विद्यार्थियों को मैसेजः

प्रिय विद्यार्थियों,

आप सभी इस बात से परिचित है कि वर्तमान युग प्रतियोगिता का युग है , प्रत्येक वर्ष हजारों प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है।

भारत की आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए हमने आप सभी विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का एक ऐसा मंच संचालित किया है जहा आप निःशुल्क सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते है और अपने भविष्य को एक नई दिशा दे सकते है। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए आप यू ट्यूब पर कैरियर गाइड डॉ अफ़रोज़ इकबाल/क्विज़ गुरु डा अफ़रोज़ इकबाल सर्च कीजिए, चौनल को सब्सक्राइब कीजिए।

आप इस जानकारी को अपने सभी मित्रों के साथ भी शेयर करें जिससे सभी विद्यार्थी इस कार्यक्रम का लाभ उठा सकें।

हमारे इस चौनल में आपको सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन, इतिहास,राजनीति, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र आदि विषयों से संबंधित प्रतियोगी प्रश्नों की वीडियो उपलब्ध कराई गई है।

आप इन प्रश्नों को रोज सुनिए नोट कीजिए यदि कोई प्रश्न समझ में न आए तो आप कॉमेंट बॉक्स में लिख सकते है आपके प्रश्नों का जवाब देना हमारा प्रथम कृत होगा। कैरियर काउंसलिंग से संबंधित कोई भी प्रश्न हो तो वह भी आप पूछ सकते हैं। हम सदैव आपके मार्गदर्शन के लिए तत्पर है ।

हमारा यह कार्य क्रम सभी प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे समूह ग,बैंक,रेलवे, फॉरेस्ट गार्ड ,सीडीएस,आर्मी ,पुलिस , बी एड, टी ई टी और साथ साथ नेट, पीसीएस, यूपीएससी जैसे सम्मानित परीक्षाओ में भी सहायक होगा।

अगर आप आईएएस,पीसीएस की तैयरी करना चाहते है तो उसके लिए भी सामान्य ज्ञान ,सामान्य अध्ययन अति आवश्यक है।इसके साथ ही एनसीईआरटी इतिहास, भूगोल,विज्ञान ,राजनीति, समाजशास्त्र की पीडीएफ भी इस कार्यक्रम के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी ।

आप अभी जिन्दगी के जिस पथ पर है हम पथिक बनकर उस पथ से निकल चुके है, हमारी सभी बातें स्वयं के अनुभव पर आधारित है। आपके मार्गदर्शन और बेहतर भविष्य के लिए यह कार्यक्रम संचालित किया गया है।

सभी परीक्षाओं की तैयारी हेतु वॉट्सएप पर अलग अलग कक्षाएं संचालित की जाती है मूल्यांकन हेतु प्रति सप्ताह,प्रति माह ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन भी किया जाता है ।

आप सभी अपने बेहतर भविष्य के लिए हमारे इस कार्यक्रम से जुड़कर हमें कृतार्थ करें।

कोई भी प्रश्न हो आप बिना किसी संकोच के किसी भी माध्यम से हमसे पूछ सकते है। हम हमेशा आपके उचित मार्गदर्शन हेतु तत्पर है।।

डॉ. राकेश जोशी की ग़ज़लें

डॉ. राकेश जोशी
एसोसिएट प्रोफ़ेसर (अंग्रेज़ी साहित्य)

1

लाचारी के दौर में कोई लाचारों के साथ नहीं था
तूफ़ानों के डर से कोई मछुआरों के साथ नहीं था

जंगल, बस्ती जहां कहीं भी आग लगाई थी जिस दिन भी
उस दिन कोई भी अंगारा अंगारों के साथ नहीं था

हर युग में लड़ने वाला हर सैनिक खूब लड़ा था, पर वो
हथियारों के बीच में रहकर हथियारों के साथ नहीं था

सच्चाई के नाम पे जब–जब झूठ छपा था अख़बारों में
अख़बारों का अक्षर–अक्षर अख़बारों के साथ नहीं था

बिकने वाले की कीमत तो तय कर दी बाज़ारों ने, पर
बिकने वाला माल कभी भी बाज़ारों के साथ नहीं था

जंगल–जंगल, पर्वत–पर्वत, भटका लेकिन क्या जानूं मैं
क्यों बंजारा होकर भी मैं बंजारों के साथ नहीं था

2

हर नदी के पास वाला घर तुम्हारा
आसमां में जो भी तारा हर तुम्हारा

बाढ़ आई तो हमारे घर बहे बस
बन गई बिजली तो जगमग घर तुम्हारा

तुम अभी भी आँकड़ों को गढ़ रहे हो
देश भूखा सो गया है पर तुम्हारा

फिर तुम्हें कोई मदारी क्यों कहेगा
छोड़कर जाएगा जब बंदर तुम्हारा

ये ज़मीं इक दिन उसी के नाम पर थी
वो जिसे कहते हो तुम नौकर तुम्हारा

दूर उस फुटपाथ पर जो सो रहा है
उसके कदमों में झुकेगा सर तुम्हारा

3

सर छुपाने के लिए छप्पर नहीं था
लोग कहते हैं कि उसका घर नहीं था

इन ग़रीबों के लिए केवल सड़क थी
दौड़ पड़ने का कोई अवसर नहीं था

जो बनाने के लिए भटका बहुत वो
घर वहीं था, बस वही घर पर नहीं था

हम ही उसके गांव में रहने लगे थे
सच, हमारे गांव में बंदर नहीं था

पांव थे जो चल रहे थे बेवज़ह ही
मैं सफ़र में था, मगर अक्सर नहीं था

आज सब कुछ है मगर है नींद ग़ायब
वो भी दिन थे, नींद थी, बिस्तर नहीं था

फ़्लैट में रहकर अकेले थे बहुत हम
सर पे छत तो थी मगर अंबर नहीं था

गालियां तो हमने थीं जी–भर के दे दीं
हाथ में बस, आपका कॉलर नहीं था

तोड़ देते सभ्यता के कांच सारे
क्या करें पर, हाथ में पत्थर नहीं था

4

अंधियारों से तो ये डर बोलेगा जाकर
दरबारों से कौन मगर बोलेगा जाकर

ये बोलेगा इससे, उससे वो बोलेगा
सरकारों से कौन मगर बोलेगा जाकर

तू भी है उस पार कहीं, इस पार कहीं मैं
दीवारों से कौन मगर बोलेगा जाकर

चांद, समंदर, साजिश, कश्ती, ख़ामोशी है
मछुआरों से कौन मगर बोलेगा जाकर

जंगल–जंगल आग लगी है, बुझना होगा
अंगारों से कौन मगर बोलेगा जाकर

थोड़ा चूल्हा सुलगाओ कुछ धुआं दिखे तो
बंजारों से कौन मगर बोलेगा जाकर

क्या लिखना है, क्या लिखते हो, शर्म करो कुछ
अख़बारों से कौन मगर बोलेगा जाकर

5

अगर जंगल में रहना है तो डर क्या है
तेरा है हाथ सर पर तो फ़िकर क्या है

सफ़र क्या है, नदी से पूछकर आना
समंदर क्या बताएगा सफ़र क्या है

अँधेरे में बता मत तू कि है जगमग
उजाले में बता तेरा शहर क्या है

ख़बर वो है जो तुझको खूब चौंका दे
अगर तुझको ख़बर है तो ख़बर क्या है

किसी फुटपाथ पर सोई ग़रीबी से
किसी मज़दूर से पूछो कि घर क्या है

ये बादल तो है अनपढ़ क्या बताएगा
फ़सल ही अब बताएगी ज़हर क्या है।

सामाजिक अनुभूति

शकीला
एम.ए. (मनोविज्ञान विभाग)

सामाजिक अनुभूति मनोविज्ञान के विभन्न शाखाओं का एक विषय है जो इस बात पर केन्द्रित है कि लोग अन्य लागों और सामाजिक स्थितियों के बारे में कैसे जानकारी एकत्रित व संग्रहित करते हैं, यह उस भूमिका पर केन्द्रित है। दो संज्ञानात्मक प्रक्रिया सामाजिक अंतः–क्रियाओं में निभाती है।

अधिक तकनीकी रूप से सामाजिक अनुभूति से तात्पर्य है कि कैसे लोग (एक ही प्रजाति के सदस्य) या यहां तक की प्रजातियों (जैसे पालतु) की जानकारी के साथ चार चरणों में शामिल होते हैं– 1. एंड–कोडिंग, 2. भंडारण, 3. पुनः प्राप्ति, 4. प्रसंस्करण। सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में सामाजिक अनुभूति एक विशेष दृष्टिकोण को संदर्भित करती है। इसमें संज्ञानात्मक मनोविज्ञान और सूचना प्रसंस्करण सिद्धांत के तरीकों के अनुसार इन प्रक्रियाओं पर अध्ययन किया जाता है। 'इस दृष्टिकोण के अनुसार सामाजिक अनुभूति विश्लेषण का एक स्तर है,' जिसका उद्देश्य उन संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के जांच करके सामाजिक मनोवैज्ञानिक घटनाओं को समझना है जो रेखांकित करती है।

'दृष्किोण की प्रमुख चिंताएं'– सामाजिक उत्तेजना की धारणा निर्णय और स्मृति में शामिल प्रक्रियाएं हैं। सूचना प्रसंस्करण पर सामाजिक और भावनात्मक कारकों का प्रभाव और संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के व्यवहार और पारस्परिक परिणाम।

विश्लेषण के इस स्तर को सामाजिक मनोविज्ञान के भीतर किसी भी सामाग्री क्षेत्र पर लागू किया जा सकता है जिसमें इंटरपर्सनल और इंटरग्रुप प्रक्रियाओं पर शोध शामिल है। सामाजिक अनुभूति शब्द का उपयोग मनोविज्ञान और संज्ञानात्मक तंत्रिका विज्ञान में कई क्षेत्रों में किया जाता है। सबसे अधिक बार आत्म केन्द्रित में बंधित विभिन्न सामाजिक क्षमताओं को सदंर्भित करने के लिए। शिजोफेनिया और मनोरोगी संज्ञानात्मक तंत्रिका विज्ञान में सामाजिक अनुभूति के जैविक आधार की जांच की जाती है। विकासात्मक मनोविज्ञान में सामाजिक अनुभति क्षमताओं का विकास अध्ययन करते हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

–तमन्ना परवीन
बी.कॉम द्वितीय वर्ष, सेमेस्टर 4

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार प्रकट करते हुए इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, राजनीति और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष में यह उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।

भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है– 'यस्य पूज्यते नार्यस्तु तत्त रमन्ते देवताः', अर्थात्, जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। किन्तु वर्तमान में जो हालात दिखाई देते हैं उसमें नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे भेग की वस्तु समझकर आदमी अपने तरीके से इस्तेमाल कर रहा है। यह बेहद चिंताजनक बात है। लेकिन हमारी संस्कुति को बनाये रखते हैं, नारी का सम्मान कैसे किया जाये किस तरह नारी का सम्मान करना जरूरी है।

माता का हमेशा सम्मान हो

माँ अर्थात् माता के रूप में नारी धरा पर सबसे पवित्र रूप में है। माता ही जननी, माँ को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है क्योंकि ईश्वर की जन्म ढात्री भी नारी ही रही है। मां देवकी (कृष्ण) तथा मां पार्वती (गणपति) को हम भगवान के रूप में मां के स्थान पर रखते हैं।

महिलाओं का आसमान छूना

अगर आजकल की लड़कियों पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि लड़कियां आजकल बहुत बाजी मार रही हैं। उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए देखा जा सकता है। विभिन्न परिक्षाओं की मेरिट लिस्ट में लड़कियां तेजी से आगे बढ़ी हैं। किसी समय उन्हें कमजोर कमजोर समझा जाता था किन्तु उन्होंने अपनी मेहनत और मेधा शक्ति के बल पर हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर ली हैं। इन की इस प्रतिभा का सम्मान किया जाता है।

कंधे से कंधा मिलाकर चलती नारी का सारा जीवन पुरुष के साथ कंधे से मिलाकर चलने में ही बीत जाता है। पहले पिता की छत्रछाया में उसका बचपन बीतता है। पिता के घर

में भी उसे काम करना पड़ता है, साथ में अपनी पढ़ाई भी जारी रखनी होती है। उसका यह क्रम विवाह तक जारी रहता है। उसे इस दौरान घर के कामकाज के साथ पढ़ाई–लिखाई की दोहरी जिम्मेदारी भी निभानी होती है। जबकि इस दौरान लड़कों को पढ़ाई–लिखाई के आलावा और कोई काम नहीं रहता है। कुछ नवयुवक तो ठीक से पढ़ाई भी नहीं करते हैं जबकि उन्हे इसके अलावा और कोई काम ही नहीं रहता है। इस नजरिए से देखा जाये तो नारी सदैव पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तो चलती ही है, बल्कि उससे भी अधिक जिम्मदारियों को निर्वज्ञ भी करती ळै। नारी इस तरह से भी सम्मानीय है।

किन्तु बदलते समय के हिसाब से संतानों ने अपनी अपनी मां को महत्व देना कम कर दिया है। यह चिंताजनक पहलु है। सब धन लिप्सा व अपने स्वार्थ में डूबते जा रहे हैं। परंतु जन्म देने वाली माता के रूप में नारी का सम्मान अनिवार्य रूप से होना चाहिए जोकि वर्तमान में कम हुआ है। यह सवाल आजकल प्रश्नचिन्ह की तरह चहुंओर पांव पसारता जा रहा है।

नारी के अन्दर ईष्वर ने ऐसी क्षमता दी है कि पुरुष उसे जो भी देता है उसे वह पुरुष को बढ़ा कर ही देती है। जैसे एक पुरुष अनाज देता तो नारी उस बदले में उसे पकाकर भोजन देती है। पुरुष नारी को इज्जत व सम्मान देता है तो वह उसे कई गुना बढ़ाकर देती है और अपने पति को भगवान के रूप में स्वाभीमान मानती है। परंतु वही महिला अगर अपने अधिकारी चाहती है और पृरुष उसे दर्द देता है, तो वह उसे सबक भी सिखा ही देती है।

कृपया नारी का दिल से सम्मान करें, भारत की नारी जिन्दाबाद।

नारी के ऊपर कुछ पंक्तियां

नारी तो बर नारी है, नारी तो बस नारी है।
नारी को मान दो, नारी को सम्मान दो।
नारी तो बर नारी है, नारी तो बस नारी है।
प्यार और दुलार की मूर्ति है नारी
ममता की मूर्ति है नारी।
बच्चों से लेकर बूढ़ों तक
सभी को संवारती है यह नारी।
नारी तो बर नारी है।
उसकी महिमा जो समझ जाये
वह इस दुनिया से तर जाये।
नारी का सम्मान करो
उसे भी उड़ने दो गगन में।
अपनी स्वतंत्रता से और फिर
देखो नारी का असली रूप।

गणित के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान

–गौरव बिंजोला
बी.एससी. पीसीएम, द्वितीय सेमेस्टर

हमारे राष्ट्रीय जीवन का शायद ही कोई हिस्सा ऐसा है, जहाँ महिलाओं की उपस्थिति ही नही, उनका योगदान भी बड़ा अहम है। लेकिन, पुरूषों की तुलना में उनकी संख्या न सिर्फ कम है, बल्कि समाज के द्वारा उपस्थित की गई बाधाओं का उन्हें सामना करना पड़ता है, वे अवरोध पेशेवर जीवन में भी रास्ता बाधित करते है। गणित भी कुछ ऐसा ही क्षेत्र है, जिसमें महिलाओं के उत्कृष्ट योगदान और क्षमता के बावजूद उन्हें प्रोत्साहन और अवसर नहीं मिल रहे हैं।

वैसे तो गणित के क्षेत्र में कई पुरूष गणितज्ञों ने अपना झंडा गाडा है जैसे कि आर्यभट्ट, रामानुजन आदि जाने कितने गणितज्ञों ने अपना नाम बनाया पर महिलाएँ भी इस क्षेत्र में पीछे नहीं रही है। मरियम मिर्ज़ाखानी, शकुन्तला देवी, ऐडा लवलेस, कैथरीन जॉनसन और भी कई महिला गणितज्ञ ऐसी हुई हैं जिनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। तभी तो कहते है :–

''सिर्फ खेलकूद और विज्ञान में नहीं, इन्होने गणित में भी परचम लहराया है।

ये वो महिलाएँ है, जिनके नाम से यह जग जगमगाया है।''

इन्हीं में से एक गणितज्ञ 'मरियम मिर्ज़ाखानी' जो ईरान–अमेरिका से संबंध रखती थीं उनका योगदान गणित में बड़ा अहम है। यह फिल्ड मेडल प्राप्त करने वाली प्रथम महिला थी। फील्ड मेडल मैथस की दुनिया का सबसे बड़ा सम्मान है जो पाने वाली यह पहली महिला बनी। इन्हें इनकी 'कॉम्पलेक्स जियोमेट्री एंड डायनामिकल सिस्टम' के लिए फील्ड्स मेडल से नवाजा गया। ये हॉवर्ड यूनिर्विसटी में प्रोफेसर भी रह चुकी थी। सिर्फ यह ही नहीं, इनके जैसी कई महिला गणितज्ञ ने अपना नाम रौशन किया है। उसी प्रकार 'हाईपाटिया' नाम महिला गणितज्ञ थी जिनकी वज़ह से महिलाओं का गणित में रूझान बढता चला गया और 'सोफी

गेरसिन' को तो भूला नहीं जा सकता, जिनका योगदान अतुलनीय है। इनको फ्रमेट के अंतिम प्रमेय पर अपने काम के लिए जाना जाता है। लोग सिद्धांत के बारे में लिखने के लिए जर्मन पेरिस विज्ञान अकादमी से पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला बनी और न जाने कितनी महिलाओं ने अपना योगदान इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में दिया है। सिर्फ दुनिया की ही नही बल्कि भारत की भी कई महिला गणितज्ञ है जिन्हें पूरी दुनिया जानती है। उन्हीं में से एक है 'शकुन्तला देवी' जिन्हें आम तौर पर 'मानव कम्प्युटर' के नाम से जाना जाता है। इनकी इसी प्रतिभा को देखते ही इनका नाम 1982 में 'गिनिज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस' में भी शामिल किया गया। सिर्फ शकुन्तला देवी ही नहीं, सरस्वती अम्मा और भी कई भारतीय महिलाओं ने भी इसमें अपना योगदान दिया है। लेकिन सवाल यह उठता है इतना सारा योगदान के बाद भी महिलाएँ इस क्षेत्र में इतनी कम क्यों है घ आइयें जानते हैं।

गणित के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या कम क्यों है :–

वैसे आपको बता दूँ कि 'फील्डस मैडल' के चार विजेताओं में से एक थी मंजुल भार्गव जो कि यह उपलब्धि दर्ज करने वाली प्रथम भारतीय मूल गणितज्ञ थीं। आप सभी को पता है कि मिर्ज़ाखानी मॉडयूली स्पेसिज, ताइखम्युलर सिद्धांत, हाइपरबोलिक ज्यातिय जैसे विषयों की विशेषज्ञ थी, लेकिन ऐसा क्यों है कि तब भी महिलाएँ इस क्षेत्र में इतना बढ़–चढकर हिस्सा नही लेती है।

संख्या की दृष्टि से सचमुच महिलाओं की गिनती भयावह है। 2015 के सर्वेक्षण के अनुसार महिलाओं की संख्या मात्र 14 प्रतिशत है। दुनिया के अनेक भावों में उनकी स्थिति के लिए काफी हद तक यह अवधारणा जिम्मेदार है कि महिलाएं गणित के मामले में प्रतिभाशाली नहीं होती। दुख की तो बात यह है कि पुरूषों के साथ–साथ महिलाएं खुद भी इस अवधारणा की शिकार है। मानने की बात तो यह है कि अवधारणा की स्मृति मात्र से ही महिलाओं में अपनी कारगुजारी को लेकर चिंता पैदा हो जाती है जिससे उनके कामकाज के नतीजों पर गलत प्रभाव पड़ता है और इस बात से भी काफी असर पड़ता है कि उनके शुरूआती वर्षों और स्कूली पढाई के दौरान उन्हें किस प्रकार की सलाह दी जाती है। अगर मुझसे पुछो तो मैं महिलाओं को यह ही कहना चाहूँगा –

''बस खुद पर करना थोडा विश्वास, इस क्षेत्र में नई क्रांति आएगी।

तुम बस एक कदम बढाओ तो सही, लोगों की सोच खुद बदल जाएगी।।''

उपसंहार :–

मैं तो बस यह कहूँगा की मेरी सोच कुछ मायने नही रखती और न ही उन लेखकों की जो इसके बारें में रोजमर्रा लिखते हैं, अगर किसी की सोच मायने है तो वो है हमारे देश की महिलाओं की। मैं तो बस गणित पढने वाला एक विद्यार्थी हूँ, जिसका यह मानना है कि गणित पढने के लिए और इसमें अच्छा होने के लिए आपका लिंग मायने नहीं रखता है। हाँ, माता हूँ कि अभी तक इस क्षेत्र में महिलाओं का योगदान पुरूषों से कम है, पर ऐसा कहाँ लिखा है कि हम इतिहास नहीं बदल सकते या फिर जो चला आ रहा है, आगे भी वैसे ही चलेगा। अगर हमें बार–बार सिर्फ मरियम मिर्ज़ाखानी या शकुन्तला देवी का और भी कई जिनके बारे में मैंने बात की है, उनका ही उदाहरण बार–बार देने पड़े तो यह ही समझ सकते है कि ये निबंध मात्र निबंध बनके रह गया और हमने इस सोच को अपने आस–पास बढावा नही दिया है। जब तक हम अपने आस–पास की लडकियों या महिलाओं को यह यकीन नहीं दिलायेंगे कि यह क्षेत्र भी उनके लिए बडा कारगर है। बस अंत में यह कहना चाहूँगा कि महिलाओं ने इस क्षेत्र में जो भी प्राप्त किया है । हम उसके लिए उनका सम्मान करें और जब भी बात गणित की हो तो बात सिर्फ आर्यभट्ट या रामानुजन की ही नही बल्कि उन महिलाओं की भी हो जिन्होंने इस क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है।

''यारों महिलाओं के योगदान को, इस क्षेत्र में भी पहचानो।

दो सम्मान उन्हें पूरा और उन्हें असली गणितज्ञ मानो।।''

वैदिक गणित की प्रासंगिकता

–निकिता रावत
बी.एससी. प्रथम वर्ष पीसीएम

प्रस्तावना – वैदिक गणित आज के गणित को हल करने के लिए कई वैकल्पिक विधियों का समावेश आधुनिक गणित के साथ करता है। यह परिस्थितियों के अनुसार वर्तमान गणित को हल करने के अनेक वैकल्पिक विधियों को आधुनिक गणित के साथ जोड़ता है। जो आज के गणित की नीरसता, उबाऊपन तथा कठिन विधियों को आधुनिक गणित में सरल तथा रोचक बनाता है।

उदाहरण के लिए आधुनिक गणित में गुणन करने के एक ही प्रचलित विधि का वर्णन है। जिसे ''गोमूत्रिका विधि'' के नाम से जाना जाता है। जबकि वैदिक गणित में उसी गुणन प्रक्रिया को करने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुसार 20 से 25 विधियों का वर्णन है। उसी प्रकार भाग करने की छः विधियों का वर्णन है।

प्राचीन काल में वैदिक गणित की महत्वतता – ब्रहमाण्ड के सभी लिखित ज्ञान विज्ञान का प्राचीनतम श्रोत, वेद के बहुआयामी ऋचाएँ ही हैं, परन्तु कई बार हम उसके गणितीय आशय को समझाने में असफल हो जाते है।

स्वामी जी के कथन के अनुसार वे सूत्र जिन पर ''वैदिक गणित'' नामक उनकी कृति आधारित है, अथर्ववेद के परिशिष्ट में आते हैं।

प्राचीन काल से ही एक श्लोक प्रचलित है –

यथा शिखा मयूराणां नामाणां मठायो यथा।
तद्वद् वेदागशास्त्राणां गणितं मूर्थनि रिचतम्।।

याजुष ज्योतियम,

अर्थात् जैसे मोरों में शिखा और नागों में मणि सबसे ऊपर रहती है, उसी प्रकार वेंदाग और शास्त्रों में गणित सर्वोच्च स्थान पर स्थित है।

उपरोक्त श्लोक गणित की महानता तथा वेद वेदांग, उपनिषद पुराण में सर्वव्यापकता को प्रदर्शित करता है।

भारती कृष्ण तीर्थ का योगदान –

वैदिक गणित, जगगुरू स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ जी द्वारा सन् 1965 में विरचित एक पुस्तक है, जिसमें अंकगणितीय गणना की वैकल्पिक एवं संक्षिप्त विधियाँ दी गयी है। वैदिक गणित गणना की ऐसी पद्धति है, जिससे जटिल अंकगणितीय गणनाएं अत्यन्त ही सरल, सहज व त्वरित संभव है। स्वामीजी ने इसका प्रणयन बीसवीं सदी के आरम्भिक दिनों में किया।

इसमें 16 मूल सूत्र तथा 13 उपसूत्र दिये गये हैं। वैदिक गणित गणना की ऐसी पद्धति है, जिससे जटिल गणनाएं अत्यन्त कम समय में संभव हैं।

भारती कृष्णतीर्थ जी महाराज (14 मार्च 1884 – 2 फरवरी 1960) भारत के जगतनाथपुरी के शंकराचार्य थे। शास्त्रोक्त अष्टादश विधाओं के ज्ञाता, अनेक भाषाओं के प्रकांड पण्डित तथा दर्शन के अध्येता पुरी के शंकराचार्य भारती कृष्णतीर्थ जी महाराज ने वैदिक गणित की खोज कर समस्त विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया था। वे एक ऐसे अनूठे धर्माचार्य थे, जिन्होने शिक्षा के प्रसार से लेकर स्वदेशी, स्वाधीनता तथा सामाजिक क्रान्ति में अनूठा योगदान कर पूरे संसार में ख्याति अर्जित की थी।

वैदिक गणित के सोलह सूत्र –

स्वामीजी के एकमात्र उपलब्ध गणितीय ग्रन्थ वैदिक गणित' या 'वेदों के सोलह सरल गणितीय सूत्र' के बिखरे हुए सन्दर्भों से छाँटकर डॉ0 वासुदेव शरण अग्रवाल ने सूत्रों तथा उपसूत्रों की सूची ग्रन्थ के आरम्भ में इस प्रकार दी है –

1. एकाधिकेन पूर्वेण
2. निखिल नवतश्चरमं दशतः
3. ऊर्ध्वविर्यम्भ्याम्
4. परावर्त्ययोजयेत्
5. शून्यं साम्यसमुच्चये
6. (आनुरूप्ये) शून्यमन्यत्
7. संकलपव्यवकलनाभ्याम्
8. पूरणापूरणाभ्याम्
9. चलनकलनाभ्याम्
10. थावदूनम्
11. व्यष्टिसमष्टिः
12. शेषाण्यंकेन चरमेण
13. सोपान्त्यद्वयमन्त्यम्
14. एकन्यूनेन पूर्वेण
15. गुणितसमुच्चयः
16. गुणकसमुच्चयः

वैदिक गणितीय सूत्रों की वि ोशताएं –

1. ये सूत्र महज ही समझ मे आ जाते हैं, उनका उपयोग सरल है तथा सहज ही याद हो जाते है। सारी प्रक्रिया मौखिक हो जाती है।

2. ये सूत्र गणित की सभी शाखाओं के सभी अध्यायों में सभी विभागों पर लागू होते हैं। शुद्ध अथवा प्रयुक्त गणित में ऐसा कोई भाग नहीं जिसमें उनका प्रयोग न हो। अंकगणित, बीजगणित, रेखागणित समतल तथा गोलीय त्रिकोणमितीय, समतल तथा धन ज्यामिति (वैश्लेषिक), ज्योतिर्विज्ञान, सभाकल तथा धन तथा अवकल कलन आदि सभी क्षेत्रों में वैदिक सूत्रों का अनुप्रयोग समान रूप से किया जाता है। वास्तव में स्वामीजी ने इस विषयों पर सोलह कृतियों की एक श्रृंखला का सृजन किया था, जिनमें वैदिक सूत्रों की विस्तृत व्याख्या थी।
3. कई पीड़ियों की प्रक्रियावाले जटिल गणितीय प्रश्नों को हल करने में प्रचलित विधियों की तुलना में वैदिक गणित विधियाँ काफी कम समय लेती है।
4. छोटी उम्र के बच्चे भी सूत्रों की सहायता से प्रश्नों को मौखिक हल कर उत्तर बता सकते हैं।
5. वैदिक गणित का संपूर्ण पाठ्यक्रम प्रचलित गणितीय पाठ्यक्रम की तुलना में काफी कम समय में पूर्ण किया जा सकता है।

कुछ सूत्रों का परिचय –

एकाधिकेन पूर्वेण (गुणन का स्वदेशी तरीका) इस सूत्र का शाब्दिक अर्थ है 'पहले वाले की तुलना में एक अधिक से', यह सूत्र गुणा करने वाले और भाग करने वाले दोनों प्रकार के अल्गोथम में उपयोग में लिया जा सकता है।

'एकाधिकेन' और पूर्वेण' में तृतीया विभक्ति है जो यह संकेत करती है कि यह सूत्र गुणा या भाग पर आधारित है क्योंकि योग और घटाना में द्वितीया या पंचमी विभक्ति (जव और तिवउ) आती है।

एकाधिकेन पूर्वेण का प्रयोग करते हुए

35X35	=	(3X4), 25
	=	12, 25
125X125	=	(12X13), 25
	=	156.25

उपसंहार –

वैदिक गणित प्राचीनकाल काल से ही गणनाओं को सरल व सहज रूप से करने के लिए प्रचलित है। इसकी खोज के पश्चात गणनाएँ त्रुटिपूर्ण तथा कम समय में संभव है। ये सभी प्रकार की गणनाओं को करने में सक्षम है। स्वामी जी के अनुसार इसका उल्लेख अथर्ववेद में भी मिलता है। इसमें वर्णित भाग करने की छः विधियों से उत्तर मौखिक रूप में देने में सक्षम है।

अतः वैदिक गणित को समावेशी गणित भी कहते हैं।

Unlawful Activities Prevention Act (UAPA)

गैर कानूनी गतिविधियों रोकथाम संशोधन विधेयक - 2019

राज्य सभा में हाल ही में (UAPA) गैर कानूनी गतिविधियों (रोकथाम) संशोधन विधेयक–2019 को पारित किया है। देश के राजनीतिक गलियारों में इस कानून को लेकर अक्सर विवाद सामने आते है। जब भी UAPA कानून के तहत गिरफ्तारी होती है, देश में बहस छिड़ जाती है। चाहें वह किसान आन्दोलन के तहत 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली के दौरान हुई हिंसा और सेलेब्रिटी ट्वीट के विवाद के आद इस कानून के तहत कई गिरफ्तारियां की गयी हो या 84 वर्षीय कार्यकर्ता ''स्टेनस्वामी'' की गिरफ्तारी का मामला हो जिन्हें कोरे गाँव हिंसा से जुड़े मामले में UAPA कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था जिनका हाल ही में निधन हो गया है।

UAPA आखिर है क्या ?

UAPA एक ऐसा कानून है जिसके तहत सरकार ऐसे लोगों को आतंकवादियों के तौर पर चिन्हित कर सकती है। जो आंतकवादी गतिविधियों में शामिल हैं। आतंकवादी घटना के लिए किसी को तैयार करते हैं या इसे बढ़ावा देते हैं।

यह विधेयक गैर कानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम 1967 में संशोधन करता है।

UAPA 1967 में क्या था ?

- यह कानून भारत की संप्रभुता और एकता का खतरें में डालने वाली गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। इसका तात्पर्य उन कार्यवाहियों से है जो व्यक्ति/संगठन द्वारा देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को भंग करने वाली गतिविधियों को बढावा देती है।
- यह कानून संविधान के अनु–19 द्वारा प्राप्त प्रदत्त वाक व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता शास्त्रों के बिना एकत्र होने के अधिकार और संघ बनाने के अधिकार पर युक्ति युक्तप्रतिबंध आरोपित करता है। राष्ट्रीय एकता और क्षेत्रवाद पर समिति ने उपरोक्त मौलिक अधिकारों पर

युक्ति युक्तप्रतिबंध लगाने का अनुमोदन किया।

- इस कानून में पूर्व में भी वर्ष 2004, 2008 और 2012 में संशोधन किया गया था।
- गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) संशोधन विधेयक 2019
- इन नए विधेयक में नए प्रावधान पेश किये गये हैं जो 1967 के विधेयक को संशोधित करते हैं।
- आतंकवाद कौन कर सकता है :– अधिनियम के तहत केन्द्र सरकार एक संगठन को आंतकवादी संगठन के रूप में नामित कर सकती है। यदि–

1. आतंकवाद के कृत्यों में भाग लेता है।
2. आतंकवाद के लिए तैयार करता है।
3. आतंकवाद को बढावा देता है।
4. अन्यथा आतंकवाद में शामिल है।

- NIA द्वारा संपत्ति की जब्ती की मंजूरी :–अधिनियम के तहत एक जांच अधिकारी को आतंकवाद से जुडी संपत्तियों को जब्त करने के लिए पुलिस महानिदेशक की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। विधेयक में कहा गया है कि अगर जांच NIA (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) के एक अधिकारी द्वारा की जाती है तो ऐसी संपत्ति की जब्ती के लिए NIA के महानिदेशक की मंजूरी की आवश्यकता होगा।
- NIA द्वारा जांच :– अधिनियम के तहत मामलों की जांच उप–अधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों द्वारा की जा सकती है।
- आतंकवादी के रूप में नामित व्यक्ति की व्यक्तिगत/वित्तीय जानकारी विभिन्न पश्चिमी एजेंसियों के साथ साझा की जा सकती है। यह उन संपत्तियों की जब्ती की अनुमति देते हैं जो आतंकवाद से जुडी हो सकती है।
- यह अधिनियम की अनुसूचि में सूचीबद्ध नौ संधियों में से किसी के दायरे में किए गए कृत्यों को शामिल करने के लिए आंतकवादी कृत्यों को शामिल करने के लिए आंतकवादी कृत्यों को परिभाषित करता है कुछ संधियों में शामिल है।
- आतंकवादी बम विस्फोटों के दमन के लिए कन्वेंशन (1997)
- बंधकों को लेने के खिलाफ कन्वेंशन (1979)
- परमाणु आतंकवाद के कृत्यों के दमन के लिए कन्वेंशन 2005
- UAPA मामलों की सुनवाई विशेष अदालतों द्वारा की जाती है।

UAPA अन्य कानूनों से ज्यादा सख्त

जानकार बताते हैं कि अगर किसी शख्स पर UAPA तहत केस दर्ज हुआ है तो उसे अग्रिम जमानत नहीं मिल सकती यहां तक की अगर पुलिस ने उसे छोड़ दिया हो तब भी उसे अग्रिम जमानत नहीं मिल सकती। दरअसल कानून के सेक्शन 43 क (5) के मुताबिक कोर्ट शख्स को जमानत नहीं दे सकता अगर उसके खिलाफ प्रथम दृष्टया केस बनता है–

- अदालत जमानत से इनकार कर सकती है अगर उसकी राय में मामला ''प्रथम दृष्टया'' सच है।
- एक आरोपी अग्रिम जमानत की मांग नही कर सकता हैं और लोक अभियोजक के अनुरोध पर जांच की अवधि को 90 दिनों से 180 दिनों तक बढाया जा सकता है। जिसका अर्थ है कि आरोपी के पास डिफॉल्ट रूप से जमानत मिलने का कोईमौका नही है।

कानून की कई धाराओं में कठोर प्रावधान

UAPA में धारा 18, 19, 20, 38 और 39 के तहत केस दर्ज होता है, धारा 38 तब लगती है जब आरोपी के आंतकी संगठन से जुडे होने की बात पता चलती है। धारा 39 आंतकी संगठनों को मदद पहुंचाने पर लगायी जाती है।

इस एक्ट के सेक्शन 43 डी(2) में किसी शख्स पुलिस कस्टडी की अवधि दोगुना करने का प्रावधान है। इस कानून के तहत पुलिस को 30 दिन की कस्टडी मिल सकती है। वहीं न्यायिक हिरासत 90 दिन की भी हो सकती है। बता दें कि अन्य कानूनों में अधिकतम अवधि 60 दिन ही होती है।

निष्कर्ष

अंत में यही कहा जा सकता है कि संवैधानिक स्वतंत्रता और आतंकवाद विरोधी गतिविधियों की अनिवार्यता के बीच संतुलन बनाना राज्य न्यायपालिका, नागरिक समाज पर निर्भर है।

अम्फान चक्रवात : एक भौगोलिक विश्लेषण

–लक्ष्मी
एम0ए0 III सेमेस्टर

सन्दर्भः भारत के मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी, अम्फान में तूफान प्रणाली 18 अप्रैल को एक सुपर चक्रवात के रूप में विकसित हुई और 20 अप्रैल को पश्चिम बंगाल–बांग्लादेश तट के साथ टकराव होने की आंशका है।

परिचयः चक्रवात एक अनियमित वायु गति है जिसमें एक निम्न दबाव केन्द्र के आस–पास बंद वायु परिसंचरण शामिल होता है। यह बंद वायु परिसंचरण पृथ्वी की सतह के ऊपर और ऊपर वायुमंडलीय असंतुलन के कारण होता है जो पृथ्वी के रोटेशन के साथ मिलकर होता है, जो इन असंतुलनों को एक भयावह गति प्रदान करता है।

चक्रवात विनाशकारी और हिसंक गडबड़ियों से जुड़े होते हैं, जैसे कि मूसलाधार वर्षा।

विस्तारः इस खतरनाक तूफान अम्फान का नाम थाइलैंड ने दिया है, थाईलैंड में इसे उम–पुन नाम से जाना जाता है। अटंलाटिक सागर के आस–पास के देशों ने 1953 से चक्रवातों को नाम देना शुरू किया है जिसके बाद अब वर्ल्ड मीटिरियोलाजिकल आर्गनाइजेशन ने यह नियम बनाया है कि चक्रवात जिस क्षेत्र से उठेगा, उसके आस–पास के देशों से ही जुडे नाम उसे दिया जायेगा। 16 साल पहले अरब सागर में बंगाल की खाड़ी में समुद्री तूफानों के नाम रखने का सिलसिला शुरू हुआ था और इसके लिए एक सूची भी बनाई गई थी, जिसमें 8 देश शामिल है। 8 देशों को इसके लिए 8 नाम देने है और जब जिस देश का नम्बर आता है तो उस देश की सूची में दिए गए नाम के आधार पर उस तूफान का नामकरण कर दिया जाता है।

अम्फान (Super Cyclone Amphan live status) तूफान का नाम थाईलैंड ने दिया है। यह तूफान साल 2014 में आए 'हुदहुद' तूफान (Cyclone hudhud) से कॉफी भयावह और विध्वंसक हो सकता है। 2014 में 'हुदहुद' ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे तटीय राज्यों के अलावा उत्तर प्रदेश समेत कई मैदानी राज्यों के भी भयंकर तबाही मचाई थी।

अम्फान के नुकसान

अम्फान तूफान पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर, दक्षिणी एवं 24 उत्तरी परगना, हावडा में भारी तबाही मचा सकता है। इसके अलावा ओडिशा के मैसूरभल, बालाकोट, भद्रक जैसे जिले में तूफान कहर मचा सकता है। अम्फान 19–20 मई को पश्चिम बंगाल के दीघा और बंग्लादेश के हटिया द्वीप के बीच तट से टकराया। इसका असर गुरूवार तक रहेगा। जानमाल के नुकसान रोकने के लिए एन0डी0आर0एफ0 की 53 टीमें तैनात की हैं। तटीय गांव खाली कराए जा रहे हैं। समुद्र के किनारे न जाने की सलाह है। रेल और बस सेवाओं के रूट



बदले गए हैं। एन0डी0आर0एफ0 के महानिदेशक एस0एन0 प्रधान ने सोमवार को बताया कि 'अम्फान' को हल्के में नही लिया जा रहा है क्योंकि ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब भारत बंगाल की खाडी में आये प्रंचड चक्रवतीय तूफान का सामना कर रहा है। कच्चे मकान, मकानों की कच्ची छतों, नारियल के पेडों, टेलीफोन और बिजली के खंभों को गंभीर क्षति पहुँच सकती है। 1999 के सुपर साइक्लोन ने 1000 से अधिक लोगों की जान ले ली थी।

विश्व में अम्फान चक्रवात के प्रभाव

1. श्रीलंकाः चक्रवात बनने की शुरूआती प्रणाली के दौरान, अम्फान में श्रीलंका में भारी बारिश और हवा चली। केमेल में 16 मई को 24 घंटे की कुल 214 एम.एम. की बारिश दर्ज की गई थी। तेज चली हवाओं के कारण 400 घरों को नुकसान पहुँचा।

2. भारतः

(i) दक्षिणी भारतः 16 मई चक्रवात के कारण बारिश और तेज हवाएँ चली। इस चक्रवात ने तिरूवंतपुरम के बलियाधुरा उपनगर में गंभीर तटीय कटाब किया। कोट्टायम जिले में विशेषकर बैकोम तालुक में इस चक्रवात ने घरों मन्दिरों के तो और बिजली के खंभों को अत्याधिक नुकसान पहुँचाया। गधंर्वकोट्टई और अख्यांगी के आस–पास लगभग 34 एकड़ केले की फसल नष्ट हुई।

(ii) पूर्वी भारतः कोलकाता और उसके आस–पास के इलाकों में हवा से 300 से ज्यादा इमारतों को नुकसान पहुचाया, पश्चिम बंगाल में 72 लोगों की मृत्यु हो गई है। जिसमें से 11 कोलकाता शहर के हैं।

3. बांग्लादेशः तूफान के मुख्य भूमि पर आने से पहले ही तटीय जल स्तर बढने के कारण बांग्लादेश में इसका हानिकारक प्रभाव शुरू हो गया। गैलाफैयीया, कालापारा और रंगाबाली में तटबंध टूट जाने के कारण 17 गाँव डूब गए। अभी तक इस तूफान से 7 लोगों की मृत्यु हो गयी है।

मौलिक कर्तव्य का अर्थ परिभाषा एवं महत्व

–माधुरी मण्डल
बी0ए0 । सेमेस्टर

''यदि प्रत्येक व्यक्ति केवल अपने अधिकार का ही ध्यान रखें एवं दूसरों के प्रति कर्तव्यों का पालन न करें तो शीघ्र ही किसी के लिए भी अधिकार नहीं रखेंगे'' 26 जनवरी 1950 में लागू किये गये भारतीय संविधान में नागरिकों के केवल अधिकारों का ही उल्लेख किया था। मूलकर्तव्यों का नहीं। संविधान के 42वें संसोधन के द्वारा भाग 4 में धारा 511 के अंतर्गत 11 मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है। सन् 2002 में धारा 511 अनुभाग द्वारा एक और एक और कर्तव्य इसमें जोड़ दिया गया है।

कर्तव्य हैं :–

1. संविधान का पालन करें राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करें।
2. ऐसे आदर्शों का अनुसरण करें, जिनसे स्वतन्त्रता आंदोलन का प्रोत्साहन मिलता था।
3. भारत की एकता और अखण्डता की रक्षा करें।
4. जब भी आवश्यकता पडे तो देश की रक्षा करें।
5. सभी वर्गों के लोगों में भ्रातृत्व और समरसता की भावना बढाएं और स्त्रियों की प्रतिष्ठा का आदर करें।
6. अपनी गौरवशाली पंरपरा और समरस संस्कृति को बनाए रखें।
7. प्राकृतिक पर्यावरण जिसमें वन, नदियां, झील और जगत के जीव–जंतु शामिल है, का संरक्षण एवं सुधार करना।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास।
9. सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा का प्रयोग न करना।
10. व्यक्तिगत और सामूहिक कार्यकलाप के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रयास करना।
11. 6 से 14 वर्ष की आयुतक के बच्चों को उनके माता–पिता या अभिवावक द्वारा शिक्षा प्रदान करना (86 संविधानसंसोधन, 2002 धारा 51ए अनुभाग (के))

मौलिक कर्तव्यों का महत्व

अधिकारों और कर्तव्यों का घनिष्ठ संबंध सदैव से हो रहा है। अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के ही पहलू है। एक के बिना दूसरा अस्तित्वहीन हो जाता है। कर्तव्यों के बिना अधिकारों की मांग करना नीति संगत और न्यायोचित नहीं है। बाइल्ड के अनुसार– ''केवल कर्तव्यों के संसार में ही अधिकारों की प्रतिष्ठा है। '' संविधान के 42वें संशोधन द्वारा नागरिकों के लिए कर्तव्यों का समावेश करके हमारे संविधान की एक बहुत बडी कमी को पूरा किया गया है। मौलिक कर्तव्यों को आंका जा सकता है :–

1. **संप्रभुता तथा अखण्डता की रक्षा** – मौलिक कर्तव्यों द्वारा नागरिकों को यह निर्देश दिया गया है कि वे देश की संप्रभुता तथा अखण्डता चिरस्थायी बनी रहेगी।
2. **देश की प्रगति मे सहायक**– नागरिकों द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाए जाने से देश प्रगति की दिशा में आगे बढेगा और विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ जाएगा।
3. **प्राकृतिक तथा सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा** – भारत में प्रकृति तथा सार्वजनिक सम्पत्ति को नष्ट करने में लोग कोई संकोच नही करते। मौलिक कर्तव्यों में दिये गए निर्देश के पालन में प्राकृतिक तथा सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा होगी। प्रदूषण दूर होगा जिससे स्वास्थ्य रक्षा होगी, साथ ही देश की प्रगति होगी।
4. **लोकतन्त्र को सफल बनाने में सहायक** :– भारत द्वारा अपनायी गयी लोकतांत्रिक शासन–व्यवस्था तब तक सफल नही हो सकती, जब तक नागरिक लोकतांत्रिक संस्थाओं का आदर न करें। मौलिक कर्तव्यों को संविधान में स्थान दिये जाने से लोग इन संस्थाओं का आदर करेंगे, जिससे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था सुदृढ़ होगी।
5. **संस्कृति की रक्षा और संरक्षण** :– भारत में समन्वित संस्कृति होने के कारण कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न प्रकार की गौरवशाली परम्पराएं है। मौलिक कर्तव्यों के पालन से ही विभिन्न प्रकार की इन परम्पराओं में समन्वय स्थापित कर सकेंगे और उनका संरक्षण कर सकेंगे। इससे भारत की सांस्कृतिक एकता सुदृढ़ होगी।
6. **विश्व–बन्धुत्व की भावना का विकास** :– मौलिक कर्तव्यों में भारतीय नागरिकों को सद्भावना तथा भाई–चारे की भावना बनाये रखने का निर्देश दिया गया है, साथ ही हिंसा से दूर रहने का परामर्श दिया गया है। ये निर्देश और परामर्श मानवीय दृष्टिकोण अपनाने और विश्व–बंधुत्व की भावना को विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे।
7. **स्त्रियों का सम्मान** :– मौलिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने से समाज में स्त्रियों को सम्मान प्राप्त होगा, जिससे उसकी गरिमा में वृद्धि होगी और लिंग संबंधी भेदभाव समाप्त होकर समानता स्थापित होगी।

मौलिक अधिकार की विशेषताएं :–

- यह सरकार की निरंकुशता पर रोक लगाता है।
- यह आम नागरिक को सशक्त बनाता है।
- यह राष्ट्रीय भावना को ध्यान में रखकर बनाया गया है।
- यह सीमित मात्रा में है जिससे नागरिक निरंकुश न बन सके।
- इसे न्यायालय द्वारा संरक्षण प्राप्त है।
- यह देश के नागरिकों और विदेशी नागरिकों में अंतर करता है।
- मौलिक अधिकार राज्य के कानून से ऊपर है।
- यह व्यावहारिकता के आधार पर बनाया गया है।
- यह देश की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए आवश्यक है।

निष्कर्ष :– किसी भी देश का संविधान उस देश की आत्मा और प्राण होता है, ठीक उसी तरह भारत का संविधान भी इसकी आत्मा है। आज मौलिक अधिकारों की बदौलत देश के नागरिक शांतिभाव से अपना जीवन यापन कर रहे है। यह हमारे लिए बहुत ही जरूरी है। पर अधिकार के साथ कर्तव्य की भावना भी होनी चाहिये। देश खुशहाल और समृद्धि तभी बन सकता है जब हम सभी अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्य पालन भी करते रहेंगे।

आत्महत्या

–संदीप कुमार
एम.ए. (हिन्दी)

''आत्महत्या'' सुनने में ही भयानक लगने वाला यह शब्द आपको आये दिन समाचार पत्रों व टेलीविजन पर देखने को मिल जाएगी।

आत्महत्या का शाब्दिक अर्थ – अपना जीवन स्वयं समाप्त करने की क्रिया है। आत्महत्या आज न केवल हमारे देश की बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए एक वैश्विक समस्या बन चुकी है। बीते कुछ वर्षों में आत्महत्या से जुडे आंकडों में बडी तेजी से इजाफा हुआ है।

लगभग 8,00,000 से 10,00,000 लोग हर वर्ष आत्महत्या करते है जिसके कारण से यह दुनिया का दसवें नम्बर का मानव मृत्यु का करता है। अनुमानतः प्रत्येक वर्ष 10 से 20 मिलियन गैर–घातक आत्महत्या प्रयास होता है। युवाओं तथा महिलाओं में प्रयास अधिक आम है।

हाल ही के आंकडों के अनुसार हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति की मौत आत्महत्या के कारण होती है। इनमें 15–29 वर्ष के आयु समूह के व्यक्तियों के संख्या अधिक है। यह आंकडा अपने आप में डराने वाले है।

यदि हम भारत के परिपेक्ष्य में इन आंकडों को देखे तो वर्ष 2016 के आंकडों के मुताबिक भारत में आत्महत्या के आंकडों में जबरदस्त उछाल देखने को मिलता है। हर वर्ष आत्महत्या के दरों में 2,30,814 तक का इजाफा हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं के बाद 15–29 की आयु वर्ग के युवाओं की मृत्यु का दूसरा कारण आत्महत्या है।

हर वर्ष पूरी दुनिया में 8 लाख लोगों की मौत आत्महत्या के कारण होती है। इनमें से 1,35,000 लोग भारत में निवास करते है। 1987 से 2007 के बीच आत्महत्या की दर में जबरदस्त उछाल आया है। पहले ये दर 7.9 / 1 लाख थी अब 10.3 प्रतिशत / 1 लाख है।

आत्महत्या से जुडे आंकडों का विश्लेषण करने के बाद यह विचार करना आवश्यक है कि हमें किस प्रकार आत्महत्या के बढती दरों को कम करें।

आत्महत्या करने के पीछे किस प्रकार की मानसिक अवस्था होती है। जो किसी व्यक्ति की दिमाग पर इस कदर हावी हो जाती है कि वो अपनी जान लेने जैसा कदम उठा लेता है।

आत्महत्या के कारण – वैसे तो आत्महत्या के कई कारण हो सकते है परन्तु इसमें कुछ कारण सभी आत्महत्या के मामलों में समान पाये जाते है :–

सहनशक्ति का अभाव आज हमारे बीच देखने को नही मिलता है। जो कि आत्महत्या का बडा कारण हो सकता है। भारतीय युवा समाज में पहले इतना कमजोर कभी नही था जितना की आज दिखायी देता है। पहले सीमित संसाधनों में भी संतोष में रहने का गुण इस देश की संस्कृति में रचा–बसा था। मेरे विचार से इसका आधार हमारी आध्यामिकता नही है। क्योंकि ईश्वर पर आस्था रखने वाला किसी भी परिस्थिति का सामना एक अनास्तिक के तुलना में हिम्मत और धैर्य से कर सकता है।

आज साधनों और सुविधाओं के पीछे हम इस कदर पागल है कि हम अपनों से कटते जा रहे है। आधुनिकता की दौड़ में आज का मानव इस कदर अंधा हो गया है कि उसके पास इतना भी समय नहीं है कि वह कुछ पल अपने व्यक्तिगत समय से निकाल कर अपने परिवार के साथ बिताए। अव्वल

रहने कि होड़ में एक व्यक्ति अतना मानसिक तनाव लेता है कि वह यह समय भयभीत रहता है कि कहीं वह पीछे न रह जाए। यह मानसिक तनाव आगे चलकर अनेंको बड़े अवसाद का कारण बनता है।

इन अवसादों में डिप्रेशन, बायपोलर, डिसआर्डर, सिजोफ्रेनिया–पर्सनैलिटी डिसआर्डर, एन्जाइटी–डिसऑडर– आदि मानसिक अवसाद आगे चलकर आत्महत्या का कारण बनते है।

आत्महत्याओं की रोकथाम के लिए विश्वस्त पर उठाये गये कुछ सराहनीय कदम – आत्महत्याओं के दरों को कम करने के लिए कई देशों ने बड़े ही सराहनीय कदम उठाये हैं:–

1. इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन (IASP) द्वारा हर वर्ष 10 सितम्बर को वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे के रूप में मनाया जाता है जो कि अपने आप में एक सराहनीय कदम है। वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ के साथ मिलकर 2003 से लगातार दुनिया भर में विद्व आत्महत्या की रोकथाम दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस पर आत्महत्या को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

2. वर्ष 2020 में इसका विषय working together of prevent suicide था। वैसे तो आत्महत्या करने के कई तरीके है परन्तु सबसे आम तरीको में फाँसी लगाना विष के रूप में कीटनाशक का उपयोग करना या फिर स्वयं को गोली मारना इन्हीं तरीको को आधार मान कर कुछ देशों ने इनके उपयोग पर या तो पूर्ण रूप से रोक लगा दी या तो इन्हें प्रयोग करने के कुछ नियमों को इजाफा किया जिससे उन देशों में आत्महत्या के दरों में कुछ कम भी हुई है।

3. ब्रिटेन में पेनकिलर के पैकेट को बोतल की जगह ब्लिष्टर पैकेट में बदलने से ही वहाँ आत्महत्या की दर 44 प्रतिशत तक कम हो गई।

4. आस्ट्रेलिया में बंदूकों और रस्सियों व शराब को सीमित करके आत्महत्या दर को कम किया।

5. भारत में आत्महत्या करने के लिए अक्सर कीटनाशकों का प्रयोग किया जाता है। भारत के अनेक हिस्सों में अधिकतर ग्रामों में इनकी उपलब्धता को कम करके आत्महत्या के दरों को कम किया।

6. आत्महत्या दरों को कम करने में सबसे अच्छा उदाहरण हमारे पडोसी देश श्रीलंका में देखने को मिला है जहाँ कीटनाशकों पर लगातार प्रतिबंध लगाये जाने के कारण देश में आत्महत्या की घटनाओं में 70 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है।

7. कोरिया गणराज्य में जहाँ आत्महत्या के लिये सबसे ज्यादा कीटनाशक पैराक्वैट का उपयोग किया जाता था। वर्ष 2011–2012 में इस पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद

8. कीटनाशक की विषक्ता से होने वाले आत्महत्याओं में कमी आई है।

आत्महत्या जो कि आज एक वैश्विक समस्या बन चुकी है। आज यह आवश्यक हो गया है कि इसके प्रति जागरूक होना होगा हमें ना केवल अपना बल्कि अपने समाज का भी ध्यान इस ओर खींचना होगा।

यह जीवन अनमोल है इसे आपने या मैंने नही बनाया इसलिए इसको समाप्त करने का हक भी हमें नहीं है। साफ तौर पर कहते तो अगर आप के पास किसी चीज को रचने शक्ति नहीं है तो आपको उसे नष्ट या बिगाडने का भी अधिकार नहीं है।

मानव एक सामाजिक प्राणी है तो यह स्वाभाविक है कि उसके जीवन में हर तरह के हालात आयेंगे – कुछ अच्छे तो कुछ बुरे और कुछ बेहद भयानक भी, फिर भी उसे अपनी जान लेने का कोई हक नहीं क्योंकि उसमें इसको रचने की क्षमता नही है।

आत्महत्या को विश्रित रूप से समझने के लिए हम महान समाजशास्त्री स्माईल दुर्खीम द्वारा प्रतिपादित–आत्महत्या का सिद्धांत (The theory of suicide) को आधार बना सकते है।

दुर्खीम द्वारा प्रतिपादित पुस्तक The Suicide सन् 1897 में प्रकाशित हुई। जिसमें आत्महत्या के सिद्धांत के विषय में उल्लेख है। इस पुस्तक में आत्महत्या के अर्थ को बडी ही सहजता से समझाया गया है। पूर्व में यह समझा जाता था कि व्यक्ति के स्वयं के प्राणों का स्वयं हरण करना ही आत्महत्या है। परन्तु दुर्खीम इस सामान्य अर्थ को अस्वीकारतें हुए कहते हैं कि आत्महत्या को एक स्त्री मृत्यु की संज्ञा दे सकते है, जो किसी विशेष उद्देश्य के लिए घटित हुई हो। परन्तु इस कथन से हमारे समक्ष यह समस्या उभरकर सामने आती है कि आत्महत्या के पश्चात आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के उद्देश्य विषय में किस प्रकार जानकारी प्राप्त हो। इन्हीं सब तथ्यों को विषय बनाकर दुर्खीम आत्महत्या को समाज शास्त्रीय प्रारूप में परिभाषित करते है :–

''आत्महत्या शब्द का प्रयोग उन सभी मृत्युओं के लिए किया जाता है जो कि स्वयं मृत व्यक्ति के किसी सकारात्मक या नकारात्मक ऐसे कार्य के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष परिणाम होते है। जिनके विषय के व्यक्ति जानता है कि वह कार्य इसी परिणाम अर्थात मृत्यु को उत्पन्न करेगा।''

दुर्खीम ने अपने इस पुस्तकों को तीन भागों में विभक्त किया है। पुस्तक के प्रथम भाग में दुर्खीम ने प्रस्तावना में आत्महत्या की परिभाषा वैधानिक आधार पर ही है। पुस्तकें के दुसरे भाग में आत्महत्या के लिए उत्तरदायी करके कि व्याख्या तथा पुस्तकें के अन्तिम भाग में दुर्खीम ने समूहवादी सिद्धांत की प्रतिपादन किया है।

यदि हमें बीते वर्षों 2019–20 के आंकडों को देखे तो कोविड–19 महामारी ने वैश्विक स्तर पर मानसिक तनाव को बढा दिया है। हालाकि वर्ष 2019 में लगभग 7,03,000 लोगों या 100 में से एक व्यक्ति ने आत्महत्या से मृत्यु हो गई। इसमें से कई युवा थे अधिक वैश्विक आत्महत्याएं (58%) 50 वर्ष की आयु वर्ग से पहले हुई। वर्ष 2019 में वैश्विक स्तर 15–29 आयुवर्ग के युवाओं में मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण आत्महत्या थी।

इन आंकडों में निम्न और उच्च आय वाले देशों में यह हर लगभग 77 : वर्ष 2019 में रही। यदि हम क्षेत्रीय डेटा के आधार पर वर्ष 2019 में हुए आत्महत्याओं का अध्ययन करें तो देखने का मिलेगा कि अफ्रीका, युरोप और दक्षिण पूर्व एशिया में आत्महत्या की दर वैश्विक औसत से अधिक दर्ज की गई। यह संख्या दक्षिण पूर्व एशिया में (10.5) का स्थान था।

पिछले 20 वर्षों (2000–2019) में वैश्विक आत्महत्या हर 36ः कमी आई थी और हम अपने देश कि बात करें तो (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) के अनुसार भार में वर्ष 2018 में आत्महत्या के कुल 7,34,516 मामलें दर्ज किए गए।

भारत में आत्महत्या के प्रयासों को लेकर कानून :–

यदि आप भारतीय संविधान के (अनुच्छेद–21) जोकि मौलिक अधिकारों के अंतर्गत आता है तो आप पाएगें कि इसे के अनुसार– ''किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार भी वंचित किया जाएगा'' जबकि संविधान में जीवन या स्वतन्त्रता का अधिकार शामिल है, इसमें मृत्यु का अधिकार शामिल नहीं है।

थ्कसी के जीवन लेने के प्रयास को जीवन के संवैधानिक अधिकारों के दायरे में नही माना जाता है। भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 309 में कहा गया है – यदि कोई व्यक्ति आत्महत्या का प्रयास करता है या आत्महत्या जैसे अपराधिक कार्य करते तो उसे साधारण कारावास या जुर्माना या दोनों सजा से दंडित किया जा सकता है जिसे एक वर्ष तक बढाया जा सकता है, परन्तु यदि कोई व्यक्ति किसी को आत्महत्या करने के लिए उकसाता है तो उस उकसाने वाले व्यक्ति के लिए दंड का प्रावधान (IPC) की धारा के तहत है तथा एक बच्चे को आत्महत्या के लिए उकसाने पर दंड का प्रावधान धारा 305 के अंतर्गत है।

आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। समस्या सभी के जीवन में है। कोई भी मानव इस संसार में नही हुआ और न ही भविष्य में होगा जिसके जीवन में समस्या नही हो हर सफलता से पहले असफलता आती है। असफलतों से डर किस बात का यदि आप आज असफल है तो यह संकेत है कि आप भविष्य में अवश्य सफल होगें। कोई भी समस्या मानवीय शक्तियों से बडी नहीं यदि समस्या है तो उसका समाधान भी है। हमें सदैव श्रेष्ठ रचना है स्वयं पर गर्व कीजिए और हर समस्या से लडने को तथा उसे परास्त करने को सदैव तत्पर रहिए।

संविधान दिवस

–सिमरन
सेमेस्टर

मौलिक कर्तव्य (Fundamental Rights)

मौलिक कर्तव्य का अर्थ :– भारत के मूल संविधान में केवल मूल अधिकारों को ही शामिल किया गया था जबकि मौलिक कर्तव्य प्रारंभ में संविधान में उल्लेखित नही था, ऐसी आशा की जाती थी कि भारत के नागरिक स्वतन्त्र भारत में अपने कर्तव्यों की पूर्ति स्वेच्छा से करेंगे किन्तु 42वें संशोधन अधिनियम, (1976) द्वारा भाग 4(क) और अनुच्छेद 51 (क) जोडा गया, जिसमें दस मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख किया गया।

मौलिक कर्तव्यों का संविधान में समावेश करने के लिए 'सरदार स्वर्ण सिंह' की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया, ये मूल कर्तव्य मुख्यतः पूर्व सोवियत संघ के संविधान से प्रेरित थे।

मौलिक कर्तव्यों का महत्व :– संविधान के 42वें संशोधन द्वारा नागरिकों के लिए कर्तव्यों का समावेश करके हमारे संविधान की एक बहुत बडी कमी को पूरा किया गया है। मौलिक कर्तव्यों को हमारे जीवन में आंका जा सकता है।

1. **सम्प्रभुता एवं अखण्डता की रक्षा** :– मौलिक कर्तव्यों द्वारा नागरिकों को यह निर्देश दिया गया कि वे देश की सम्प्रभुता तथा अखण्डता की रक्षा करें, यदि सभी नागरिक निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने इस कर्तव्य का पालन करने लग जायें तो भारत की सम्प्रभुता और अखण्डता चिरस्थायी बनी रहेगी।
2. **देश की प्रगति में सहायक** :– मौलिक कर्तव्यों द्वारा नागरिकों को आहन किया गया कि वे संकट के समय देश की सुरक्षा हेतु तन–मन–धन से अपने योगदान दें।

''नागरिकों द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाये जाने से देश प्रगति की दिशा में आगे बढेगा और विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ जायेगा''।

3. **प्राकृतिक तथा सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा** :– भारत में प्राकृतिक तथा सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने में लोग कोई संकोच नही करते। मौलिक कर्तव्यों में दिये गये निर्देश के पालन से प्राकृतिक तथा सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा होगी। प्रदूषण दूर होगा, जिससे स्वास्थ्य की रक्षा होगी, साथ ही देश की प्रगति होगी।

4. **लोकतन्त्र को सफल बनाने में सहायक** :– भारत द्वारा अपनायी गयी लोकतांत्रिक शासन–व्यवस्था तब तक सफल नही हो सकती, जब तक नागरिक लोकतांत्रिक संस्थाओं का आदर न करें। मौलिक कर्तव्यों को संविधान में स्थान दिये जाने से लोग इन संस्थाओं का आदर करेंगे, जिससे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

भारतीय संविधान में नागरिक के मूल कर्तव्य :–

1. संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे।
2. स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलनों को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हम संजोए रखें और उनका पालन करें।
3. भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण बनाए रखें।
4. देश की रक्षा करें और आव्हान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करें।
5. भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भातृत्व की भावना का निर्माण करें, जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करें, जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध है।
6. हमारी समाजिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व समझे और उसका परीक्षण करें।

मौलिक कर्तव्यों की आलोचना :– मौलिक कर्तव्य अत्याधिक आदर्शववाद विचारों से प्रेरित हैं, जैसे :– राष्ट्रीय आदर्शों की पालना, देश की समन्धित संस्कृति व गौरवशाली परम्परा की रक्षा करना, ''वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद ऐसे ही मान्य तथ्य है कि कर्तव्यों की पालना किये बिना अधिकारों का उपयोग संभव नही है।''

प्रत्येक नागरिक द्वारा इन कर्तव्यों का पालन करना सवौच्च धर्म समझा जाना चाहिए।

- राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, (1971) भारत के संविधान, राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीयगान के अनादर का निवारण करता है।
- सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, (1955) जाति एवं धर्म से सम्बन्धित अपराधों पर दंड की व्यवस्था करता है।
- वन्य जीव (सरंक्षण) अधिनियम (1972) दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार पर प्रतिवंध लगाता है।

मूल कर्तव्यों का अपना महत्व है :– **जैसे** :–

- ये नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत है और उनमें अनुशासन और प्रतिवध्ता को बढाते है।
- मौलिक कर्तव्य राष्ट्र विरोधी एवं समाज विरोधी गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी के रूप में कार्य करते है।
- मौलिक कर्तव्य, अदालतों को किसी विधि की सवैंधानिक वैधता एवं उनके परीक्षण के सम्बन्ध तें सहायता करते है।

उपसंहार (निष्कर्ष) :– यह कर्तव्य अगर हम सभी नागरिक निभाने लगे तो हमारा देश उँचाईयों पर पहुँच जाएगा। भारत के सभी नागरिकों को मौलिक कर्तव्य का पालन करना चाहिए जिससे हमारा देश विकास करें यह कर्तव्य समाज की भलाई के लिए बनाए गए इनके बिना हमारा जीवन असंभव है जब हम मौलिक कर्तव्यों का पालन करेंगे तो हम कई क्षेत्र में आगे बढ सकेंगे, क्योंकि वह अपनी जिम्मेदारियों को समझता है।

प्रकृति तथा सार्वजनिक सम्पत्ति को नष्ट करने में लोग कोई संकोच नही करते। मौलिक कर्तव्यों में दिये गए निर्देश के पालन में प्राकृतिक तथा सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा होगी। प्रदूषण दूर होगा जिससे स्वास्थ्य रक्षा होगी, साथ ही देश की प्रगति होगी।

4. **लोकतन्त्र को सफल बनाने में सहायक** :– भारत द्वारा अपनायी गयी लोकतांत्रिक शासन–व्यवस्था तब तक सफल नही हो सकती, जब तक नागरिक लोकतांत्रिक संस्थाओं का आदर न करें। मौलिक कर्तव्यों को संविधान में स्थान दिये जाने से लोग इन संस्थाओं का आदर करेंगे, जिससे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

5. **संस्कृति की रक्षा और संरक्षण** :– भारत में समन्वित संस्कृति होने के कारण कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न प्रकार की गौरवशाली परम्पराएं है। मौलिक कर्तव्यों के पालन से ही विभिन्न प्रकार की इन परम्पराओं में समन्वय स्थापित कर सकेंगे और उनका संरक्षण कर सकेंगे। इससे भारत की सांस्कृतिक एकता सुदृढ़ होगी।

6. **विश्व–बन्धुत्व की भावना का विकास** :– मौलिक कर्तव्यों में भारतीय नागरिकों को सद्भावना तथा भाई–चारे की भावना बनाये रखने का निर्देश दिया गया है, साथ ही हिंसा से दूर रहने का परामर्श दिया गया है। ये निर्देश और परामर्श मानवीय दृष्टिकोण अपनाने और

विश्व–बंधुत्व की भावना को विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

7. **स्त्रियों का सम्मान** :– मौलिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने से समाज में स्त्रियों को सम्मान प्राप्त होगा, जिससे उसकी गरिमा में वृद्धि होगी और लिंग संबंधी भेदभाव समाप्त होकर समानता स्थापित होगी।

मौलिक अधिकार की वि ोशताएं :–

- यह सरकार की निरंकुशता पर रोक लगाता है।
- यह आम नागरिक को सशक्त बनाता है।
- यह राष्ट्रीय भावना को ध्यान में रखकर बनाया गया है।
- यह सीमित मात्रा में है जिससे नागरिक निरंकुश न बन सके।
- इसे न्यायालय द्वारा संरक्षण प्राप्त है।
- यह देश के नागरिकों और विदेशी नागरिकों में अंतर करता है।
- मौलिक अधिकार राज्य के कानून से ऊपर है।
- यह व्यावहारिकता के आधार पर बनाया गया है।
- यह देश की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए आवश्यक है।

निश्कर्श :– किसी भी देश का संविधान उस देश की आत्मा और प्राण होता है, ठीक उसी तरह भारत का संविधान भी इसकी आत्मा है। आज मौलिक अधिकारों की बदौलत देश के नागरिक शांतिभाव से अपना जीवन यापन कर रहे है। यह हमारे लिए बहुत ही जरूरी है। पर अधिकार के साथ कर्तव्य की भावना भी होनी चाहिये। देश खुशहाल और समृद्धि तभी बन सकता है जब हम सभी अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्य पालन भी करते रहेंगे। त्याग करें जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध है।

6. हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्व समझें और उसका परीक्षण करें।
7. प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव है। रक्षा करें और उसका संवर्धन करें तथा प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखें।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें।
9. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखें और हिंसा से दूर रहें।
10. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढने का सतत प्रयास करें जिससे राष्ट्र निरंतर बढते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू लें।
11. 6 से 14 वर्ष तक की उम्र के बीच अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना।

यह कर्तव्य 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 के द्वारा जोड़ा गया तथा इसी के साथ 10 मूल कर्तव्यों की सूची एक और मूल कर्तव्य जोडा गया। अतः वर्तमान में 11 मूल कर्तव्य हो गए है।

मूल कर्तव्यों की विशेषताएँ

निम्नलिखित बिंदुओं को मूल कर्तव्यों की विशेषताओं के संदर्भ में उल्लिखित किया जा सकता है :–

1. उनमें से कुछ नैतिक कर्तव्य है तो कुछ नागरिक उदाहरण के लिए स्वतन्त्रता संग्राम के उच्च आदर्शों के सम्मान एक नैतिक दायित्व है।

2. कि राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीयगान का ..... कर्तव्य

1. भारतीय परम्पराओं पौराणिक कथाओं, धर्म, जात–पात से सम्बन्धित है। दूसरे शब्दों में वह..... जीवन पद्धति के आन्तरिक कर्तव्यों का .....करण है।

2. मूल अधिकार जो सभी लोगों के लिए है, के विकास के लिए हों या विदेशी लेकिन मूलकर्तव्य केवल ..... के लिए हैं ना की विदेशियों के लिए हैं।

3. ..... तत्वों की तरह मूलकर्तव्य गैर न्यायोचित ....में सीधे न्यायालय के जरिए उनके ..... नही हैं। खाली उनके तथ्य के खिला..... उनके सस्तुति नही है.....

4. अवमुक्त विधान द्वारा उनके क्रियान्वयन स्वतन्त्र है।

मूलकर्तव्यों का महत्व

तथ्यों एवं विरोध के बावजूद मूलकर्तव्यों की .... को निम्नलिखित दृष्टिकोण के आधारपर ..... किया जा सकता है :–

1. मूल कर्तव्य सचेतक के रूपमें से ..... जब वह अपने अधिकारों का प्रयोग करते है तो अपने देश अपने समाज और अपने जिलों के प्रति अपने कर्तव्यों .....

भारत का संविधान

–दीपक पासवान
एम.ए. प्रथम सेमेस्टर

भारत का संविधान – भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ तथा 25 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन 26 नवम्बर भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है।

जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतन्त्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। डा0 भामराव अम्बेडकर को भारतीय संविधान का प्रधान वास्तुकार कहा जाता है।

भारत का संविधान विश्व के किसी भी गणतान्त्रिक देश का सबसे लम्बा लिखित संविधान है।

भारतीय संविधान की संरचना – यह वर्तमान समय में भारतीय संविधान के निम्नलिखित भाग है –

1. एक उद्देशिका
2. 470 अनुच्छेदों से युक्त 25 भाग
3. 12 अनुसूचियाँ
4. 5 अनुलग्नक (appendices)
5. 104 संशोधन

अब तक 124 संविधान संशोधन विधेयक संसद में लाये गये हैं जिनमें से 103 संविधान संशोधन विधेयक पारित होकर संविधान संशोधन अधिनियम का रूप ले चुके हैं।

124 वां संविधान संशोधन विधेयक 1 जनवरी 2019 को संसद में अनुच्छेद 368 विशेष बहुमत से पास हुआ जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग का शैक्षणिक संस्थाओं में 8 अगस्त 2016 को संसद ने वस्तु और सेवा कर (ळैप्) संशोधन किया।

स्वामी विवेकानंद के विचारों की उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता

–श्रेया भट्ट
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष

मुख्य बिंदु –

- प्रस्तावना
- स्वामी विवेकानंद जी का अल्मोड़ा से लगाव
- काकड़ी घाट धाम यात्रा
- रामकृष्ण कुटीर
- स्वामी विवेकानंद और देहरादून
- हिमालय और स्वामी विवेकानंद
- उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता
- स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक विचार
- उपसंहार

"सोयी दुनिया को जिसने जगाया,
भारत के नैतिक एवं जीवन मूल्यों को विश्व के कोने–कोने तक पहुंचाया।
अपने प्रेरक विचारों से जिसने, विश्व को –
ज्ञान का एक नया मार्ग दिखाया,
भारत माता का वह सपूत 'स्वामी विवेकानंद' कहलाया।।"

प्रस्तावना :– स्वामी विवेकानंद जी एक महान व्यक्तित्व के धनी, प्रतिभाशाली, अद्वितीय हिन्दू–सन्यासी थे, जिन्होंने भारत के वर्चस्व, ज्ञान एवं अध्यात्म को पूरे विश्व तक पहुंचाया। अपने प्रेरक विचारों से ही लोगों के हृदय में उत्साह और उमंग का संचार करने वाले महापुरुष स्वामी विवेकानंद जी को कौन नहीं जानता?

भारतीय युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी वे अस्सी प्रति से अधिक शिक्षित भारतीय युवाओं के आदर्श हैं। स्वामी विवेकानंद जी के विचार उन्हें सबसे अलग व कोहिनू की भांति चमकाते हैं।

स्वामी विवेकानंद जी ने विश्व भ्रमण के साथ उत्तराखण्ड के अनेक क्षेत्रों में भी भ्रमण किया।

भारत में स्वामी विवेकानंद जी को देशभक्त सन्यासी के रूप में माना जाता है तथा उनके जन्मदिवस को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

स्वामी विवेकानंद जी का प्रारम्भिक जीवन :– स्वामी

विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी, 1863 में कलकत्ता, बंगाल, ब्रिटिश भारत में एक परम्परानिष्ठ हिन्दू परिवार में हुआ था। उनके पिता विश्वनाथ दत्त, कलकत्ता हाइकोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे। उनकी माता भुवनेश्वरी देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। स्वामी विवेकानंद जी के बचपन का नाम नरेन्द्र था। नरेन्द्र बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। उन्होंने 'ईश्वर चन्द्र विद्यासागर मेट्रोपोलीटैंट इंस्टीट्यूशन' से अपनी पश्चिमी शिक्षा प्राप्त की। पढ़ाई में वह अच्छी तरह से पश्चिमी और पूर्वी दर्शनशास्त्र में निपुण हो गये। उनके शिक्षक कहते थे कि नरेन्द्र में एक विलक्षण स्मृति और बौद्धिक क्षमता है।

सन् 1884 में उनके पिता विश्वनाथ दत्त की मृत्यु हो गयी, जिस कारण घर का भार नरेन्द्र के कंधों पर पड़ा।

रामकृष्ण परमहंस की प्रशंसा सुनकर नरेन्द्र उनके पास पहले तो तर्क करने के विचार से ही गये, किंतु रामकृष्ण परमहंस देखते ही नरेन्द्र की बुद्धिमत्ता और अद्वितीयता को पहचान गये। परमहंस जी की कृपा से इनको आत्म–साक्षात्कार हुआ। फलस्वरूप नरेन्द्र, परमहंस जी के शिष्यों में प्रमुख हो गये।

सन्यास लेने के बाद इनका नाम विवेकानंद हुआ।

स्वामी विवेकानंद जी का अल्मोड़ा से लगाव :– अल्मोड़ा खूबसूरत, मनोरम स्थान है। अल्मोड़ा कुमाऊँ की पहाड़ियों में बसा हुआ एक पहाड़ी नगर है। चारों तरफ हरे–भरे जंगलों का सौन्दर्य अपनेआप में एक विशेष आकर्षण पैदा करता है। बसन्त ऋतु में अल्मोड़ा की छवि दर्शनीय हो जाती है। प्राचीन युग में ही अल्मोड़ा का धार्मिक, भौगोलिक और ऐतिहासिक महत्व कई दिशाओं में अग्रणीय रहा है। सांस्कृतिक दृष्टि से भी अल्मोड़ा समस्त कुमाऊँ अंचल का प्रतिनिधित्व करता है।

स्वामी विवेकानंद जी को सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा से बेहद लगाव था। अल्मोड़ा नगर से स्वामी विवेकानंद जी का सम्बंध तब का है, जब वे केवल नरेन्द्रनाथ दत्त थे। अपने जीवनकाल में स्वामी जी ने तीन बार अल्मोड़ा की पैदल यात्रा की। अल्मोड़ा में उन्होंने कई दिनों तक प्रवास किया और लोगों को अध्यात्म पर प्रवचन भी दिये। अल्मोड़ा के दौरान स्वामी जी ने कई स्थानों पर कठिन तपस्या की।

स्वामी विवेकानंद जी 1890 में एक आम सन्यासी की तरह अपने गुरु भाई अखंडानंद के साथ पहली बार अल्मोड़ा पहुंचे। यहां शारदानंद और स्वामी कृपानंद से उनकी मुलाकात हुई। यहां वह लाल बद्री शाह के घर पर रुके। एकातंवास की चाह में एक दिन वह घर से निकल पड़े और कसारदेवी पहाड़ी की गुफा में तपस्या में लीन हो गये। कुछ समय बिताने के बाद स्वामी जी यहां से बद्रीनाथ की यात्रा पर निकल गये।

11 मई 1897 में विवेकानंद दूसरी बार अल्मोड़ा पहुंचे, तब उन्होंने यहां खजांची बाजार में जनसभा को सम्बोधित किया। कहा जाता है कि तब यहा पांच हजार लोगों की भीड़ उनके दर्शन के लिये एकत्र हुई थी।

स्वामी जी ने अपने भाषणा में कहा था – "यह हमारे पूर्वजों के स्वप्न का स्थान है। यह पवित्र स्थान है, जहां भारत का प्रत्येक सच्चा धर्म पिपासु व्यक्ति अपने जीवन का अंतिम काल बिताने का इच्छुक रहता है। यह वही पवित्र भूमि है, जहां निवास करने की कल्पना मैं अपने बाल्यकाल से ही कर रहा हूँ।" 1897 में दूसरी बार अल्मोड़ा के भ्रमण के दौरान स्वामी विवेकानंद जी ने लगभग तीन माह तक यहां निवास किया।

वह 1898 में तीसरी बार अल्मोड़ा आये। इस बार उनके साथ स्वामी तुरियानंद और स्वामी निरंजनानंद के अलावा कई शिष्य भी थे। इस बार उन्होंने सेवियर दम्पत्ति का आतिथ्य स्वीकार किया। इस दौरान करीब एक माह की अविध पर स्वामी जी अल्मोड़ा में प्रवास पर रहे।

काकड़ी घाट धाम यात्रा :– काकड़ी घाट धााम नैनीताल जिले में अल्मोड़ा रोड पर स्थित वह स्थान है, जहां से ही स्वामी विवेकानंद जी का कुमाऊँ आगमन प्रारम्भ हुआ। स्वयं उन्होंने इस स्थान के बारे में लिखा है कि – "यहां आकर उन्हें लगा कि उनके भीतर की समस्त समस्याओं का समाधान हो गया और उन्हें पूरे ब्रह्माण्ड के एक अणु में दर्शन हुए।" यही ज्ञान था, जिसे उन्होंने 11 सितम्बर 1893 को शिकागों में पूरी दुनिया के समक्ष रखकर देश का मान बढ़ाया। युगों–युगों से 'काकड़ी घाट धाम' ऋषियों की तपोभूमि रही है। काकड़ी घाट का प्राचीन महत्व है।

भारत को दुनिया में आध्यात्मिक गुरु के रूप में प्रस्तुत करने वाले, युवाओं को सृष्टि के कल्याण के लिये 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रूको' का मूलमंत्र देने वाले वेदान्त के विख्यात स्वामी विवेकानंद जी को आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति नैनीताल जनपद के काकड़ी घाट में हुई थी। विवेवकानंद जी की देवभूमि यात्रा यहीं से प्रारम्भ हुई थी।

स्वामी विवेकानंद जी और देवभूमि का गहरा सम्बंध रहा है। वह तीन बार देवभूमि आये।

रामकृष्ण कुटीर :– स्वामी विवेकानंद जी अल्मोड़ा में एक एक ध्यान अध्यात्म का केन्द्र स्थापित करना चाहते थे किंतु अपने जीते–जी वह इस केन्द्र की स्थापना नहीं कर सके।

स्वामी विवेकानंद जी की इच्छा को पूरा करने के लिये स्वामी तुरियानंद तथा स्वामी शिवानंद ने 22 मई 1916 में अल्मोड़ा में 'ब्राइट एंड कॉर्नर' पर एक आध्यात्मिक केंद्र की स्थापना की, जिसे आज 'रामकृष्ण कुटीर' के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में यहां से स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का प्रचार–प्रसार किया जाता है।

स्वामी विवेकानंद और देहरादून :– स्वामी विवेकानंद जी

का द्रोण की नगरी देहरादून से भी करीबी रिश्ता रहा है। द्रोणनगरी को भी दो बार उनके दर्शनों का सौभाग्य मिला। यह पावन भूमि स्वामी जी के अपने गुरुभाई से मिलन की भी साक्षी रही है। अपनी आत्मकथा और भाषणों के संग्रह 'लैटर्स फ्रॉम कोलम्बो टू अल्मोड़ा' मे उन्होंने इसका वर्णन किया है।

देहरादून में राजपुर में प्राचीन बावड़ी शिव मंदिर है। यह वह स्थल है, जहां पर एक कुटिया में स्वामी जी के गुरुभाई स्वामी तुरियानंद तप कर रहे थे। अल्मोड़ा से आते समय स्वामी विवेकानंद को जब उनके तप के बारे में पता चला, तब वे देहरादून आये।

बावबड़ी के सुरम्य वातावरण में स्वामी विवेकानंद जी का मन रम गया। प्राकृतिक स्रोत, धरती के गर्भ से निकलती जब की पावन धारा और शांत वातावरण उन्हें वहीं रुकने के लिये विवश करने लगी। बावड़ी में ही रहकर स्वामी जी ने साधना की। कदाचित तुरियानंद की तरह स्वामी विवेकानंद जी को भी द्रोण की नगरी की दैवीय शक्ति अपनी ओर आकृष्ट कर रही थी, वे यहीं तुरियानंद जी के कक्ष में रहे और 13 दिन तक तप किया।

देहरादून की यात्रा में स्वामी जी तीन हफ्ते तक रहे। देहरादून में स्वामी जी एक स्थानीय व्यापारी के घर में रहते थे।

हिमालय और स्वामी विवेकानंद :– हिमालय दुनियाभर के आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के लिये अति महत्वपूर्ण गन्तव्य रहा है। हिमालय ने भारत को बहुत कुछ दिया है। हम ऋणी हैं देव स्थान हिमालय के। यहां के कण–कण में जीवन–दर्शन दिखता है, चाहे वे हिमाच्छादित उच्च शिखर हों या हिमालय के सर्पीले मार्ग, लम्बे–लम्बे वृक्ष हों या कठोर शिलों हों या दुर्गमता हो या हिमालय के जीवन की कठिनाइयां हों, हिमालय का सूर्योदय हो या सूर्यास्त हो, हिमालय का सब–कुछ दर्शन की दिव्यता से ओत–प्रोत है।

भारत के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक इतिहास में हिमालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिन्दू समाज में हिमालय को देवत्व के काफी करीब माना जाता है। युवाओं के गुरु और मेरे आदर्श स्वामी विवेकानंद जी को हिमालय से काफी लगाव था। हिमालय की हिमाच्छादित शुभ्र चोटियां उन्हें अपनी ओर सदैव आकृष्ट करती थीं।

स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी युगनायक विवेकानंद के अनुसार, उनकी पहली हिमालय यात्रा का उद्देश्य आत्मज्ञान प्राप्त करना था। स्वामी जी का कहना था कि – 'हिमालय से मिलना और उसके साथ एकाकार करना – यह मेरी कामना है।'

स्वामी विवेकानंद जी ने विश्व भ्रमण के साथ उत्तराखण्ड के अनेक क्षेत्रों में भी भ्रमण किया। अपने जीवन के अल्प समय में स्वामी जी ने उत्तराखण्ड की चार यात्राएं कीं और काफी समय यहां व्यतीत किया। वे यहा ध्यान के लिये और आध्यात्मिक साधना, विश्राम और स्वास्थ्य लाभ क लिये आते रहते थे। उन्होंने कुमाऊँ हिमालय की चार बार यात्रा की, जिनमें नैनीताल, अल्मोड़ा और चम्पावत यात्राएं प्रमुख हैं।

स्वामी जी ने अपने सम्बोधन में कहा था कि इन पहाड़ों के साथ हमारी श्रेष्ठतम स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। यदि धार्मिक भारत के इतिहास से हिमालय को निकाल दिया जाये तो उसका कुछ भी शेष नहीं रहेगा।

उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता :– स्वामी विवेकानंद जी ने विश्व भ्रमण के साथ उत्तराखण्ड के अनेक क्षेत्रों में भी भ्रमण किया। स्वामी विवेकानंद जी का देवभूमि उत्तराखण्ड से गहरा लगाव था। उन्होंने प्रदेश के कई स्थानों में भ्रमण किया। उन्होंने उत्तराखण्ड आकर अपनी वाणी व विचारों से सम्पूर्ण क्षेत्र को अपनी ओर आकर्षित किया। स्वामी जी हिमालय क्षेत्र में रहना पसंद करते थे। उन्होंने कुमाऊँ हिमालय की चार बार यात्रा की, जिनमें नैनीताल, अल्मोड़ा और चम्पावत यात्राएं प्रमुख हैं।

हिमालय को महिमामंडित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी ने एक बार कहा था कि महान हिमालय प्रकृति के काफी समीप है, यहां अनेक देवी–देवताओं का निवास है। हिमालय देवभूमि है।

उनके द्वारा कहा गया यह वाक्य वर्तमान समय में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना कि उस समय था। आज भी हिमालय को देवभूमि कहा जाता है। अतः आवश्यक है कि जो प्रदूषण आज पर्यटकों द्वारा हिमालय पर फैल रहा है, उसे समाप्त कर, स्वामी जी के विचारों को अपनाकर, हिमालय को देवताओं की भूमि के रूप में पूजा जाये। साथ ही, हिमालय से प्राप्त आध्यात्मिक ऊर्जा को सतत भाव से ग्रहण किया जाये तथा हिमालय में उपस्थित संसाधनों का संरक्षण किया जाये।

उत्तराखण्ड की इन वादियों से ही,

जुड़े हें सपने हजार।

स्वामी जी के विचारों से ही,

सुशोभित हुआ है देवभूमि उत्तराखण्ड आज।।

स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि इन पहाड़ियों के साथ ही हमारी श्रेष्ठतम स्मृतियां जुड़ी हैं। यदि धार्मिक भारत के इतिहास से हिमालय को निकाल दिया जाये तो उसका कुछ भी शेष नहीं रहेगा।

हिमालय में निस्तब्धता, ध्यान तथा शांति की प्रधानता है। आज युवाओं में बढ़ती हिंसा प्रवृत्ति के लिये आवश्यक है कि वे स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का अनुसरण करें। स्वामी जी के अनमोल विचार हर युवा के लिये 'सफलता की चाबी' सिद्ध हो सकते हैं।

स्वामी जी ने 'नर सेवा – नारायण सेवा' का जो मंत्र हमें दिया है, वह आज के स्वार्थी समाज में अति महत्वपूर्ण स्थान रखताहै। स्वामी विवेकानंद जी के विचार उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान समय में भी अति महत्वपूर्ण हैं। स्वामी जी के विचार आज भी हिमालय से लेकर यहां रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करते हैं।

वे उत्तराखण्ड के बारे में हमेशा कहा करते थे – "मैं फिर आऊंगा ... अगले वर्ष ... और उसके अगले वर्ष भी।"

वह अपने वादे पर आज भी अडिग हैं, वह आज भी आते हैं, परंतु फर्क सिर्फ इतना है कि पहले वे तन–मन के साथ आते थे और आज अपने विचारों के रूप में आकर प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में अपनी विशेष पहचान बनाये हुए हैं। वे आज भी उत्तराखण्डवासियों और भारतीयों के हृदय में जीवित हैं।

स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक विचार :– स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक विचारों से भारत ही नहीं, अपितु समस्त विश्व प्रभावित है। स्वामी जी के अनमोल विचार युवाओं के लिये ही नहीं, अपितु समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों के लिये अति महत्वपूर्ण हैं। स्वमी जी के कुछ अनमोल विचार निम्नलिखित हैं –

- उठो, जागो और लक्ष्य प्रापित तक मत रूको।
- पहले हर अच्छी बात का मजाक बनताहै, फिर विरोध होता है और फिर उसे स्वीकार कर लिया जाता है
- खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है।
- जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को निर्बल मानोगे तो निर्बल और सबल मानोगे तो सबल ही बन जाओगे।
- सत्य को एक हजार तरीकों से बताया जा सकताहै फिर भी हर एक सत्य ही होगा।
- ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां, पहले से हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आँखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते रहते हैं, अंधकार कितना है।
- एक समय में एक काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो, बाकी सब भूल जाओ।
- जब तक जीना, तब तक सीखना। अर्थात अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।
- संभव की सीमा जानने का केवल एक ही तरीका है – असंभव से भी आगे निकल जाना।
- सभी शक्ति तुम्हारे भीतर है, आप कुछ भी और सब–कुछ कर सकते हो।
- मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूँ,

  जिसने दुनिया को सहिष्णुता और

  सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है

  हम सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं।
- किसी दिन जब आपके सामने कोई समस्या न आये तो, आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं।
- प्रसन्नता एक अनमोल खजाना है,

  इसे छोटी–छोटी बातों पर लुटने ना दें।
- लोग तुम्हारी स्तुति करें या निन्दा, लक्ष्य तुम्हारे ऊपर कृपालू हो या न हो, तुम्हारा देहान्त आज हो या युग में, परंतु तुम न्याय पथ से कभी भ्रष्ट न होना।
- आज्ञा देने की क्षमता प्राप्त करने से पहले, प्रत्येक व्यक्ति को आज्ञा का पालना करना सीखना चाहिये।
- जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिये पर्याप्त है, उसी प्रकार एक ही मनुष्य विश्व में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिये पर्याप्त है।

उपसंहार :– बहुमुखी प्रतिभा वाले महान व्यक्तित्व के धनी, स्वामी विवेकानंद जी समस्त भारतीयों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन और विचार प्रेरणा देने वाले हैं। उन्होंने वेदांत दर्शन का प्रासर पूरी दुनिया में करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे कर्म करने पर भरोसा रखने वाले व्यक्ति थे। भारत के निर्माण एवं सामाजिक सेवा के लिये उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।

4 जुलाई 1902 में स्वामी विवेकानंद जी ने उन्तालीस वर्ष की अल्पायु में ध्यानावस्था में ही अपने ब्रह्मारंध्र को भेद महासमाधि ले ली। स्वामी विवेकानंद जी उन्तालीस वर्ष के संक्षिप्त जीवनकाल में जो काम कर गये, वे आने वाली अनेक शताब्दियों तक भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

अपने अनमोल प्रेरक विचारों से जिसने,
दुनिया को ज्ञान की नयी राह दिखाई।
भारत की ख्याति, जिसने समस्त विश्व में फैलाई,
ऐसे महापुरुष स्वामी विवेकानंद ने 4 जुलाई 1902 –
में जग से ली अंतिम विदाई।
छोड़ गये वो अपने अनमोल संदेश,
उन्हीं के विचारों से प्रेरित होकर हम भारत को –
फिर से बनाएंगे सोने का समृद्ध विकसित देश।।

'जय हिन्द, जय भारत, जय उत्तराखण्ड'

उत्तराखण्ड के विकास में युवाओं की भूमिका

–पंकज सिंह रौथाण
बी.एससी. तृतीय वर्ष

प्रस्तावना

प्रकृति की अमूल्य कृति, हिमालय की गोद में बसा 'उत्तराखण्ड' एक देवभूमि हैख् जहां पुरातन काल से देवगणों, ऋषि–मुनियों एवं तपस्वियों की तपोभूमि एवं निवास स्थान रहा है। उत्तराखण्ड को पुराणों में 'मानस', केदारखण्ड एवं कूर्मांचल नाम दिया गया है।

'उत्तराखण्ड' का अर्थ है उत्तर का खण्ड अर्थात उत्तर का भाग। उत्तराखण्ड राज्य का गठन 9 नवम्बर सन् 2000 में हुआ। राज्य स्थापना के समय इस राज्य का नाम उत्तरांचल था। 01 जनवरी 2007 से उत्तराखण्ड नाम इस प्रदेश का रखा गया। यह राज्य देश का उत्तरी सीमांत प्रदेश है। इसके उत्तर में हिमाचल प्रदेश एवं चीन, पूर्व में नेपाल, दक्षिण में उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम में हरियाणा एवं हिमाँचल प्रदेश हैं।

उत्तराखण्ड देश का 27वाँ राज्य है। इस राज्य को 2 मई 2001 से विशेष राज्य का दर्जा मिला। इस राज्य का क्षेत्रफल 53,483 वर्ग किमी. है। उत्तराखण्ड राज्य के प्रथम राज्यपाल बनने का श्रेय श्री सुरजीत सिंह बरनाला एवं प्रथम मुख्यमंत्री श्री नित्यानंद स्वामी को गया है। राज्य के प्रथम मुख्य सचिव श्री अजय सिंह विक्रम एवं प्रथम पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कांत शरण रहे हैं।

उत्तराखण्ड राज्य का उदय किसी एक व्यक्ति या संगठन की शहादत और सोच का परिणाम नहीं है, बल्कि यह आजादी से पूर्व गठित हो रहे अनेक संगठनों एवं दो दशक पूर्व शुरू हुए जनांदोलन के दौरान शहीद हुए राज्य प्रेमियों के बलिदान का प्रतिफल है। किसी भी राज्य के विकास में वहां की राजनीति एवं सरकार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उस राजनीति को कुशल एवं विकासशील बनाने का कार्य वहां की जनता करती है। और उसी जनता का एक अंग है 'युवा पीढ़ी', जो आज अपने अधिकार, कुशल विकास एवं भविष्य के लिए संघर्ष कर रहा है।

आज हमारे देश की पहचान पूरी दुनिया में एक युवा देश के रूप में है। पूरी दुनिया की नजरें आज हमारे देश की युवा पीढ़ी पर है। दुनिया हमारे देश की इस युवा पीढ़ी को ललचाई नजरों से देखती है लेकिन आज न तो हम और न ही इस देश के सर्वेसर्वा इस युवा पीढ़ी के प्रति संवेदनशील है।

उत्तराखण्ड का इतिहास एवं पौराणिक उत्तराखण्ड :–

उत्तराखण्ड देश का रमणीय पर्यटन स्थल है। ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल एवं प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर क्षेत्र है। यह क्षेत्र वर्षों से सामाजिक संस्कृति का वाहक रहा है। पुरातात्विक खोजों के अनुसार, 'गढ़वाल' एवं 'कुमाऊँ' पूर्व में 'मौर्य साम्राज्य' का अंग थे। ऐतिहासिक खोजों में 'कुषाण'

और 'कुणिदों' का यहां शासन होने के प्रमाण मिले हैं। छठवीं शताब्दी में यहां 'पौरव वंश' का शासन था, जो 12वीं शताब्दी तक रहा।

इससे पूर्व छठी शताब्दी में प्रसिद्ध चीनी यात्री 'ह्वेनसांग' भी यहां आया था। 'कत्यूर वंश' के पतन के फलस्वरूप यह क्षेत्र 'चन्द' और 'पंवार' शासकों के अधीन रहा। इसी बीच 'कुमाऊँ' और 'गढ़वाल' के रूप में इसका विभाजन हो गया।

राज्य स्थापना : संघर्ष एवं आन्दोलन :–

उत्तराखण्ड के गठन के लिए 'उत्तर प्रदेश पुनर्गठन विधेयक–2000' लोकसभा में 27 जुलाई, 2000 ई. को प्रस्तुत किया गया। लोकसभा में 1 अगस्त 2000 को व राज्यसभा में 10 अगस्त 2000 को पारित किया गया। इस विधेयक को राष्ट्रपति ने अपनी स्वीकृति 28 अगस्त 2000 ई. को प्रदान की तथा इसे अधिनियम के रूप में सरकारी गजट में अधिसूचित कर दिया गया था। उत्तराखण्ड का औपचारिक गठन 9 नवम्बर 2000 ई. को किया गया।

उत्तराखण्ड का उदय किसी एक व्यक्ति या संगठन की शहादत और सोच का परिणाम नहीं है, यह आजादी से पहले गठित होते रहे अनेक संगठनों व दो–ढाई दशक पहले शुरू हुए जनांदोलन के दौरान शहीद हुए दर्जनों से अधिक राज्य प्रेमियों के बलिदान का प्रतिफल है।

क्षेत्रीय समस्याओं के लिए सन् 1926 ई. में कुमाऊँ परिषद का गठन हुआ, जिसके कर्ताधर्ता पं. गोविन्द वल्लीा पंत, तारा दत्तत गैरोला तथा बद्री दत्त पाण्डे थे। सन् 1938 ई. में श्रीदेव सुमन ने दिल्ली में 'गढ़ देश सेवा संघ' की स्थापना की, जिसे बाद में 'हिमालय सेवा संघ' नाम दिया गया। आजादी के बाद सन् 1950 ई. में वृहद हिमालयी राज्य (हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखण्ड) के लिए 'पर्वतीय जन विकास समिति' का गठन किया गया। जून 1967 ई. में 'पर्वतीय राज्य परिषद' का गइन, 1970 में 'कुमाऊँ रष्ट्रीय मोर्चा' का गठन, 1972 ई. में नैनीताल में 'उत्तराखण्ड परिषद' का गठन, 1979 ई. में 'उत्तराखण्ड क्रांति दल' का गठन, 1988 में 'उत्तराखण्ड उत्थान परिषद' का गठन, सितम्बर 1988 ई. में 'उत्तराखण्ड प्रदेश संघर्ष समिति' तथा 1989 में 'उत्तराखण्ड संयुक्त संघर्ष समिति' गठित हुआ।

सन् 1994 में जनांदोलन के दौरान उत्तराखण्ड के विभिनन क्षेत्रों समेत देश की राजधानी दिल्ली में भी तमाम संगठनों ने राज्य प्राप्ति आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। इनमें उत्तराखण्ड क्षेत्र के उत्तराखण्ड संयुक्त छात्र संघर्ष समिति, उत्तराखण्ड छात्र युवा संघर्ष समिति, प्रगतिशील महिला मंच, नारी संघर्ष समिति, उत्तराखण्ड महिला मोर्चा, उत्तराखण्ड संयुक्त संघर्ष समिति, पर्वतीय कम्रचारी शिक्षक संगठन, उत्तराखण्ड भूतपूर्व सैनिक संगठन ने प्रमुख भूमिका निभाई। उत्तराखण्ड जनता संघर्ष मोर्चा, उत्तराखण्ड महासभा, उत्तराखण्ड राज्य लोकमंच और उत्तराखण्ड संयुक्त संघर्ष समिति ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वतंत्रता संग्राम में उत्तराखण्ड के युवाओं का योगदान : –

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मरणीय योगदान करने वाले उत्तराखण्ड का यशस्वी सपूत चन्द्र सिंह गढ़वाली ने पेशावर में 28 अप्रैल सन् 1930 में जिस सैनिक क्रांति का सूत्रपात किया, वह 'पेशावर काण्ड' आजादी के इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है। पेशावर काण्ड की घटना से प्रभावित होकर मोतीवाल नेहरू ने सम्पूर्ण देश में 'गढ़वाल दिवस' मनाने की घोषणा की।

स्वतंत्रता संग्राम में उत्तराखण्ड के युवाओं का योदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। आजाद हिन्द फौज की संख्या 40 हजार थी, उसमें से 2500 गढ़वाली थे। अकेले उत्तराखण्ड के साढ़े तीन लाख भूतपूर्व सैनिक हैं। पृथक उत्तराखण्ड राज्य की आकांक्षा रखते हुए दर्जनों लोग मौत के मुँह में गये एवं सैकड़ों लोग घायल हुए। उत्तराखण्ड के युवा देश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं परंतु यह क्षेत्र आज भी विकास वंचित है।

राज्य के विकास एवं गौरव में युवाओं की भूमिका :–

देवभूमि के रणबांकुरे प्रदेश की सैन्य विरासत को अर्से से जिन्दा रखे हुए हें। सेना उनके लिये रोजगार नहीं, बलिक परम्परा है और युवा पीढ़ी दर पीढ़ी पूर्ण निष्ठा के साथ इस परम्परा निर्वहन कर रहे हैं। यहां के युवा वर्ग में देश के लिये प्राण न्यौछावर करने का जो जुनून है, शायद ही अन्यत्र कहीं देखने को मिले। देश की सैन्य शक्ति में उत्तराखण्ड के युवाओं का अद्वितीय योगदान है और हमेशा रहेगा।

युवा वर्ग आज किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। युवा वर्ग ही किसी राष्ट्र की नींव होती है। पूरे राष्ट्र की अखण्डता, विकास, शक्ति और समृद्धि युवाओं के कंधों पर होता है। युवा ही राष्ट्र के भविष्य एवं रक्षक हैं। युवाओं के बिना राष्ट्र की रक्षा करना असंभव है। युवाओं की शक्ति और जोश के ओ कुछ भी असंभव नहीं लगता। उत्तराखण्ड के विकास एवं राज्य की स्थापना में युवाओं ने अद्वितीय योगदान दिया।

युवाओं के सराहनीय कदम :–

उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना से लेकर राज्य के विकास एवं समृद्धि में यहां के युवाओं के काम सराहनीय रहे हैं। राज्य का विकास तभी हो सकता है, जब यहां के युवाओं में विकास की भावना हो। विकास मतलब स्मार्ट सिटी बनाना, नई सड़कें, फ्लाईओवर बना ही नहीं है, बलिक एक सुसंगठित, सुव्यस्थित एवं स्वस्थ समाज का निर्माण भी है। राज्य का उच्च स्तरीय विकास तभी हो सकता है, जब राज्य का हर युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकसित हो। जब राज्य का हर युवा सकारात्मक सोच रखे, तभी एक बेहतर जीवनशैली की कल्पना की जा सकती है।

युवाओं को भी हिंसा, भड़काऊ भाषण एवं भ्रष्टाचार से दूर रहना होगा। हमें भ्रष्टाचार को समाज से दूर रखना होगा। इसके लिये युवाओं को ही पहले आगे आना होगा। साथ ही, प्रशासन को भी इसमें सहयोग करना चाहिये। आज लोग भ्रष्टाचार का अर्थ घूस (रिश्वत) लेने तक ही समझते हैं और अधिकतर लोग राजनेताओं एवं सरकारी कर्मचारियों को ही दोषी मानते हैं (भ्रष्टाचार के मामले में), परंतु आज समाज का हर वर्ग इसकी चपेट में है। हम लोग भी अपना कर्तव्य पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो क्या हम भ्रष्टाचार से मुक्त हैं?

समाज एवं राज्य के विकास एवं तमाम हिंसा, भ्रष्टाचार को दूर करने के लिये सबसे पहले गुणकारी शिक्षा की आवश्यकता है। यदि युवा वर्ग शिक्षित है तो निश्चित रूप से वह भ्रष्टाचार एवं हिंसा से दूर रहने का प्रयास करेगा। इस दिशा में शासन को उचित काम करने की जरूरत है।

मैं श्री आनंद रावत जी का आभारी रहूंगा कि उन्होंने हमारे कॉलेज में आकर हमें प्रशासनिक सेवा के बारे में जानकारी दी और हमें उस दिशा की ओर मोड़ा। हमें सिविल सर्विस में सफलता के गुर सिखाये एवं समाज को बेहतर बनाने का संकल्प हमारे मन में भरा। यदि हमारे राज्य में कार्यरत सिविल आफिसर्स इसी राज्य के होंगे तो निश्चित रूप से वो पहाड़ी इलाकों की समस्याओं, क्षेत्रीय गतिविधियों से ज्यादा वाकिफ होंगे और राज्य के विकास एवं युवाओं के बेहतर भविष्य की भावना उनमें कहीं अधिक होगी। इसके लिये युवाओं को हर स्तर पर प्रयासरत होना जरूरी है। श्री आनंद रावत ने कई महाविद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवा के प्रति जागरूक किया। यह एक सराहनीय कदम रहा।

उत्तराखण्ड में जैविक खेती को बढ़ावा देने के मकसद से कृषि उपकरणों पर 80 फीसदी छूट और किसानों को पुरस्कृत करने की सरकार की योजना को एक सही कदम माना जा सकता है। केन्द्र की बहुआयामी स्मार्ट सिटी योजना में पूरे देश से इतर उत्तराखण्ड में शिथिलता करते हुए एक स्मार्ट सिटी दिया गया, जो एक बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश में लोकायुक्त की तैनाती के मसले पर सरकार को सकारात्मक पहल करनी चाहिये। लोकायुक्त मजबूत व प्रभावी बने, इसके लिये दृढ़ इच्छाशक्ति दिखानी होगी।

उत्तराखण्ड के विकास के प्रति युवाओं को आकर्षित करने के प्रयत्न :–

किसी भी क्षेत्र के विकास के लिये उस क्षेत्र की राजनीति एवं शासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक अच्छी राजनीति एवं अच्छे शासन प्रणाली के माध्यम से उस क्षेत्र एवं उस क्षेत्र के युवाओं का विकास किया जा सकता है। यदि राजनीति अच्छी है तो राज्य का सुनियोजित विकास किया जा सकता है। मुख्य बात यह है कि राजनीति भी युवाओं के हाथों की बात है। युवा वर्ग को सोच–समझ कर राजनीतिक बदलाव लाने होंगे।

समाज की राजनीति का सीधा असर युवाओं पर ही पड़ता है परंतु आज कुछ युवा नौकरी करने के लिये अन्य राज्यों तथा विदेशों में जा रहे हैं। इस मामले में प्रशासन को भी उन्हें अपने ही राज्य में नौकरी करने पूरा अवसर देना चाहिये। परंतु कुछ युवा इसी प्रदेश से डॉक्टर, इंजीनियर आदि बनकर दूसरे देशों एवं प्रदेशों में सेवाएं दे रहे हैं। हम युवाओं को अपनी सोच बदलने की जरूरत है और अपनी बेहतर सेवाएं अपने ही राज्य को देना होगा, तभी राज्य का सुनियोजित विकास सम्भव है और हमारी आने वाली पीढ़ी भी इस दिशा में अग्रसर रहेगी।

हमें अपना शत–प्रतिशत सेवा अपने राज्य को देना होगा ताकि हम भावी पीढ़ी के लिये रोल मॉडल बन सकें। इसके लिये हमें व्यवसायिक शिक्षा के बल देने की भी जरूरत है। साथ ही, राजनीति में जागरूकता दिखाने की जरूरत है। तभी एक बेहतर समाज एवं विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा। हमें अपने राज्य के प्रति इन जिम्मेदारियों को निभाना होगा।

निष्कर्ष

उत्तराखण्ड राज्य के गठन से न केवल उत्तर भारत की राजनीति में गहरा प्रभाव पड़ा, बल्कि विकास और आर्थिक संतुलन को लेकर भी कई बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इन चुनौतियों के समाधान व राज्य के विकास में यहां के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। युवाओं की इच्छाशक्ति ही राज्य के विकास का बेहतर स्वरूप निर्धारित करेगी। अगरर राज्य को कुशल युवा नेतृत्व मिलता है तो उत्तराखण्ड राज्य एक बेहतर स्वरूप हासिल कर सकेगा।

कश्मीर 370 से आजाद

–श्रुति नौटियाल
बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि मोदी सरकार अपनी बुलंदियों को छुए जा रही है। मोदी सरकार द्वारा उठाये गये कई कड़े कदम उन्हें उनकी सफलता के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। जिनमें से एक कड़ा कदम है धारा 370, जो मेरे या किसी भी भारतवासी के हिसाब से एक खतरनाक धारा है, जो पूरे भारत और कश्मीर को अलग करती है।

अनुच्छेद 370 वास्तव में पाकिस्तान समर्थक अलगाववादियों का रक्षा कवच और वहां रहने वाले गैर–मुस्लिम अल्पसंख्यकों के लिये दिन–रात प्राण सुखाने का प्रावधान था। अनुच्छेद 370 को हटाना असम्भव और अकल्पनीय माना जा रहा था। वह इस कदर लुप्त या यों कहें कि गायब हुआ, मानो वैष्णो देवी मंदिर में अर्चना का कोई नया नियम बन रहा हो। अनुच्छेद 370 की बात करें तो ये ऐसा नियम है, जिसने जम्मू–कश्मीर को अलग देश के रूप में बनाया हुआ था। इसके तहत जम्मू–कश्मीर का अलग झण्डा, अलग संविधान थे, जिसके तहत कोई बाहरी व्यक्ति (जम्मू–कश्मीर के बाहर का) यहां न तो जमीन खरीद सकता है, न ही यहां कोई अच्छी नौकरी पा सकता है। यदि कोई इंजीनियर, डॉक्टर या अन्य कोई व्यक्ति यहा नौकरी करना चाहे तो उसे केवल चपरासी का पद ही मिलेगा। ठीक इसी प्रकार यदि जम्मू–कश्मीर की कोई महिला यहां के किसी पुरुष को छोड़कर, अन्य राज्य के पुरुष से शादी करती है तो उसकी जम्मू–कश्मीर की नागरिकता खत्म हो जायेगी एवं उसकी संतान भी अपने जम्मू–कश्मीर के अधिकारों से वंचित हो जायेगी।

अनुच्छेद 370 जम्मू–कश्मीर के लोगों को दोहरी नागरिकता प्रदान करती थी। पहली भारतीय होने की तथा दूसरी जम्मू–कश्मीरी होने की। लेकिन इस अनुच्छेद के खत्म होते ही भारत के एकीकरण का सपना साकार हुआ। अटलबिहारी बाजपेयी, सरदार वल्लभ भाई पटेल, इत्यादि कई बड़े दिग्गज नेताओं का सपना साकार हुआ है। इस अनुच्छेद के बाद से ही देशभर में खुशियों की लहर दौड़ पड़ी है। इसके बाद से ही अब जम्मू–कश्मीर को दो राज्यों में बांटा गया है – जम्मू–कश्मीर और लेह–लद्दाख। जम्मू–कश्मीर को केंद्रशासित राज्य, जैसे दिल्ली, पुडुचेरी के तहत विधानसभा होगी एवं लेह–लद्दाख में चंडीगढ़ के तर्ज पर विधानसभा नहीं होगी। जम्मू–कश्मीर में अब कोई भी भारतीय नागरिक किसी भी राज्य का जमीन खरीद सकता है एवं यहां की युवती अब किसी भी राज्य के पुरुष से विवाह कर सकती है।

हिन्दी : वर्तमान स्थिति चिंताजनक

–अहमद कमाल
बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर

जो देश अपना इतिहास भूल गया, वह कभी अपना इतिहास नहीं लिख पायेगा। अपनी संस्कृति को भूलना सचमुच किसी भी राष्ट्र के लिये अत्यंत लज्जा की बात है। मिटता इतिहास किसी भी देश की बर्बादी की पहली निशानी है। तात्पर्य यह कतई नहीं है कि रूढ़िवादिता का खंडन न किया जाये किंतु पिछलग्गू होने की प्रवृत्ति सचमुच लज्जास्पद जान पड़तीी है।

चीन की मिसाल सबसे पहले है, जिन्होंने अपनी संस्कृति का सम्मान किया, अपनी भाषा के महत्व को समझा और आज वह एक विकसित राष्ट्र है। उन्होंने अंग्रेजों व पाश्चात्य संस्कृति की नकल करने के बजाय अपनी सभ्यता व संस्कृति को बेहतर समझा और विकास के पथ पर आगे बढ़े। किंतु भारतीय अपनी सभ्यता व संस्कृति को पश्चिमी संस्कृति की तुलना में तुच्छ समझने लगे। उसी का यह परिणाम हुआ कि किसी भी समय विश्व प्रधान देश कहलाने वाला भारतवर्ष आज एक गरीब, विकासशील देश कहलाने का दंश झेल रहा है। जबकि चीन आज दुनिया के विकसित देशों में गिना जाता है।

वर्तमान भारत की स्थिति ऐसी है कि आज का पढ़ा–लिखा तबका अपनी भाषा को अंग्रेजी की तुलना में तुच्छ व छोटा समझता है। यह एक अत्यंत दुखदायक बात है। आज के छात्र–छात्राओं को हिन्दी भाषा के शब्द बोलने में लज्जा महसूस होती है, जैसे वो कोई बड़ा अपराध करने जा रहे हों। विलायत से पढ़कर आने लोग तो हिन्दी बोलने और हिन्दुस्तानी कहलाने में भी स्वयं को लज्जित महसूस करते हैं। यह एक कड़वा सच है। कानों पर महंगा हेडफोन लगाकर अंग्रेजी गाने सुनने वाले हिन्दुस्तानी साहब और मेमसाहब हमेशा हिन्दी अखबार पढ़ने वाले लोगों को नीचा दिखाने में अंग्रेजों से चार जूते आगे रहते हैं।

चलिये, बात निकल ही पड़ी है तो आपको अपना अनुभव

भी सुना देता हूँ। बात कुछ ऐसी थी कि मैं स्टेट बैंक गया था, वहां बड़ी भीड़ थी। पैसे जमा कराने के लिये मुझे भी लम्बी कतार में खड़ा होना पड़ा। बड़ी मुश्किल से जब मेरी बारी आयी तो मैंने हिन्दी में हस्ताक्षर कर दिये। बस, फिर क्या था, सामने कुर्सी पर विराजमान दीदी और पीछे कतार में खड़े लोगों ने ऐसी भयानक दृष्टि से देखा, जैसे मैं कोई अपराधी हूँ। सामने बैठी मैडम ने तुरंत ही 'आप' के बजाय 'तुम' कहकर सम्बोधित करना शुरू कर दिया। शायद उन्होंने मान लिया कि इस बैं में उपस्थित इस समय सबसे अनपढ़ व्यक्ति मै। ही हूँ।

हमारे पड़ोस में एक बेरोजगार अंग्रेजी एम.ए. भैया रहते हैं। उन्हें अंग्रेजी नोवल पढ़ने का बड़ा शौक है। बड़ी मुश्किल से ऑनलाइन मंगाकर मुंशी प्रेमचंद इंग्लिश ट्रांसलेट नोवल पढ़ते रहते हैं। पड़ोस का बुक सेलर मुझे अच्छी प्रकार पहचानता है क्योंकि एक मैं ही हूँ जो उससे हिन्दी कॉमिक्स, पत्रिका, उपन्यास आदि खरीदता हूँ। कुछ खरीदते ही नहीं, जो खरीदते हैं, वे अंग्रेजी ही खरीदते हैं, क्योंकि हिन्दी पढ़ना तो उनकी शान के खिलाफ है।

आप भी कभी ये बातें अनुभव कीजिएगा। सवेरे–सवेरे जॉगिंग से लौटते हुए भारतवासी अंग्रेजों को सुप्रभात या नमस्ते अथवा प्रणाम बोलकर देखिये और हँसी का पात्र बनिये। चार आदमियों के बीच हिन्दी में हस्ताक्षर कीजिए और अपना मजाक बनवाइये। ये बातें सुनने में बड़ी छोटी प्रतीत होती है परंतु राष्ट्रभाषा का इससे बड़ा अपमान क्या हो सकताहै? यह एक अत्यंत दुखद बात है। देश की संस्कृति के लिये एक बड़ा खतरा है।

उत्तराखण्ड के विकास में युवाओं की भूमिका

–ऋषभ शुक्ला
बी.एससी. द्वितीय वर्ष

प्रस्तावना

संसार में सर्वाधिक शक्ति सम्पन्न एवं सामर्थ्यवान, कुछ भी करने के लिये प्रस्तुत, आकाश से तारे तोड़ने के लिये भी कोई है तो वह है हमारी युवा शक्ति। इन युवाओं की असीम कार्य क्षमता के लिये यह कहना भी अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इनके शब्दकोष में असम्भव नाम का कोई शब्द ही नहीं है। ये वहां तक जा सकते हैं, जहां सूर्य की किरणें भी अपना आलोक पहुंचाने में सक्षम नहीं है। यही कारण है कि उत्तराखण्ड के विकास में इनका सहयोग प्राप्त किये बिना हम अपने उत्तराखण्ड को विकसित नहीं कर सकते। स्वतंत्रता के पश्चात हमाारा उत्तराखण्ड प्रत्येक क्षेत्र में विकास कर रहा है। इस कार्य की सफलता बिना युवाओं के सहयोग सम्भव नहीं है। अतः उत्तराखण्ड के नवनिर्माण में युवाओं को पूर्ण रूप से योगदान देना चाहिये।

वर्तमान युग विज्ञान और अर्थवाद का युग है। भारतवर्ष की वैज्ञानिक और आर्थिक उननति नितांत आवश्यक है। किसी विदेशी विद्वान ने कहा था कि भारत एक धनी देश है पर वहां गरीब लोग बसते हैं। इसका वास्तविक अर्थ यह है कि प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के कारण ही यहां के लोग दीन–हीन हैं। यदि इन साधनों का समुचित उपयोग किया जाये तो भारतवासी सम्पन्न हो सकते हैं। स्वतंत्र भारत में प्राकृतिक साधनों को प्रयोग करने का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इन सभी प्रयोगों की अंतिम सफलता युवा वर्ग पर निर्भर है। जब युवा पूरी लगन और निष्ठा से अपने कार्यों को करेंगे, तभी देश का कल्याण और उसके राज्यों का कल्याण हो सकता है। तभी उत्तराखण्ड विकास की राह पर आगे बढ़ता रहेगा।

कृषि, उद्योग, यातायात तथा वैज्ञानिक अनुसंधानों के कार्य हो रहे हैं। कारखाने बन रहे हैं। विद्युत शक्ति उत्पादन कार्य हो रहा है। परमाणु शक्ति की खोज तथा उपयोग के लिये प्रयोगशालाएं बन रही हैं। सुरक्षा के साधन जुटाये जा रहे हैं। पर्यटन के क्षेत्र में विकास हो रहा है। धार्मिक स्थलों पर ध्यान दिया जा रहा है। अब विकास की अनेक योजनाएं प्रयोग में लायी जा रही हैं किंतु यह सभी सफलता युवा वर्ग पर निर्भर है।

हमारे उत्तराखण्ड में सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में परिवर्तन लाने के प्रयास हो रहे हैं। समाज में कतिपय दुर्गुण अवश्य आ गये हैं, जिनका सुधार भी आवश्यक है। समाज के ढांचे को बिगड़ने से बचाना भी है। कोई भी सुधार अंधानुकरण के आधार पर नहीं होना चाहिये। सुधार के भावी परिणामों को दृष्टि में रखना आगे बढ़ना भी आवश्यक है। भारतीय धम तथा संस्कृति की मूल विशेषताओं को ध्यान में रखकर उपयोगी सुधार होना चाहिये। चूंकि इन सभी गतिविधियों का अंतिम परिणाम तो आज की युवा पीढ़ी को पूर्णतया भोगना पड़ेगा। अतः उन्हें विवेक से काम लेना आवश्यक है। वह ही सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं।

आज संसार के राजनीतिक मान्यताएं द्रुत गति से बदल रही है। यह परिवर्तन स्वतंत्र भारत में तेजी से हो रहा है। दो प्रकार की विचारधारा विश्व में फैली है। एक विचारधारा परम्परा तथा प्रजातांत्रिक भावना का समर्थन कर रही है। इस विचारधारा में व्यक्ति का महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें व्यक्ति की उन्नति तथा स्वतंत्रता पर समुचित ध्यान दिया जाता है।

दूसरी विचारधारा राज्यों या पार्टियों को ही सर्वस्व मानती है। इस साम्यवादी विचारधारा में शक्ति शक्ति स्वतंत्रता के लिये स्थान नहीं है। यहां पर अधिनायकवाद दृढ़ होता जा रहा है। यह लोग वर्गहीन समाज की बात करते हैं। उत्तराखण्ड में भी दोनों प्रकार की विचारधाराओं से सम्बंधित नीति चल रही है। युवा वर्ग को सोच–समझ कर विचारों को भारतीय संस्कृति के अनुकूल बनाकर अपनाना चाहिये।

आज यह समस्या बड़ी जटिर हो गयी है कि युवा वर्ग किस विचारधारा को अपनाये तथा उत्तराखण्ड के विकास में किस प्रकार योगदान करें। बहुत से नेता नवनिर्माण के कार्यों को अपने–अपने ढंग से सामने रख रहे हैं। सरकार चलाने वाले नेता भी अपनी योजनायें लाद रहे हैं। कतिपय विरोधी नेता उनकी विचारधारा का विरोध कर रहे हैं। वास्तविकता यह है कि कहने वाले ही अधिक हैं, सुनने वाले कम। कई आर युवा वर्ग भावावेश में आकर अनेक ऐसे कार्य कर बैठता है और अपना तथा समाज का अहित कर देता है। फिर भी यह समाज क्षम्य समझा जाता है। युवाओं को चाहिये कि वे अपने मन में अच्छा और बुरा समझने की क्षमता उत्पन्न करें और अपने विवेक, बुद्धि से ऐसे कार्यों को करें, जो देश के लिये और हमारे राज्य उत्तराखण्ड के लिये कल्याणकारी हो।

आज युवाओं के कर्तव्य अधिक गम्भीर हो गये हैं। उनके सामने इतनी अधिक तथा परम्परा, भिन्न विचारधारायें आती हैं कि उनके लिये उपयोगी विचार अपनाना कठिन हो गया है। अनेक प्रकार की पुस्तकें, अनेक प्रकार के वक्ता और अनेक प्रकार की समस्यायें आ रही हैं। ऐसी दशा में उनका दायित्व है कि वे जीवन की सर्वांगीण उन्नति पर ध्यान दें, प्राचीन तथा आधुनिक विचारकों के विचार को सोच–समझकर अपनायें। यदि भावुकता या आवेशवश किसी प्रकार पथभ्रष्ट हो जायेंगे, तो लाभ के बदले हानि ही उठायेंगे।

भारतवर्ष एक गणतंत्र देश है और उत्तराखण्ड उसका एक राज्य। यहां जनता के चुने हुए प्रतिनिधि ही देश की नीति का संचालन करते हैं। आज प्रत्येक व्यक्ति शासन में अपना प्रतिनिधित्व चाहता है। अपने स्वार्थ में दूसरों को बहकाने का प्रयास करता है। यह गंदी दलबंदी ही आज की राजनीति बन गयी है, जिससे दूर रहने के लिये युवाओं को कहा जाता है। उनके पास उत्साह है, उमंग है, परंतु साथ–साथ अनुभवहीनता के कारण जब शासन उनके विरूद्ध कार्यवाही करता है, तब उस समय पथभ्रष्ट करने वाले नेताओं के दर्शन नहीं होते। जनता कहती है कि स्वतंत्रता संग्राम में युवाओं को भाग लेने के लिये प्रेरणा देने वाले आज उन्हें राजनीति से दूर रहने के लिये क्यों कहते हैं? निःसंदेह युवा वर्ग को राजनीति में भाग लेने का अधिक है पर देश की रक्षा के लिये, उसके सम्मान एवं संवर्द्धन के लिये, न कि शासन के कार्य में विघ्न–बाधा डालने और देश में अशांति फैलाने के लिये।

युवाओं का परम कर्तव्य विद्या–अध्ययन ही है, इसमें दो मत नहीं हो सकते। उन्हें अपनी पूरी शक्ति ज्ञानार्जन में ही लगानी चाहिये। अब भारतवर्ष स्वतंत्र है। अपने देश की सर्वांगीण उन्नति के लिये एवं पूर्ण समृद्धि के लिये उन्हें अभी बहुत प्रयत्न करने हैं। देश के योग्य इंजीनियरों, विद्वानों, डॉक्टरों, साहित्य मर्मज्ञ विद्वानों, वैज्ञानिकों और व्यापारियों की आवश्यकता है। इसकी पूर्ति वह ही करेंगे। उनकी देशभक्ति रचनात्मक सेवा करने में है न कि विरोध प्रदर्शन करने में है। हमारा देश अज्ञान–अंधकार के गहन गर्त में शताब्दियों से विलीन है। वह देश में ज्ञान–रश्मियों के प्रसार में पूर्ण सहयोग दे सकते हैं। तभी हमारा देश और हमारा उत्तराखण्ड विकास की राह पर आगे बढ़ते जायेंगे।

निष्कर्ष

युवाओं को गाँवों मे जाकर, वहां की समस्याएं समझनी चाहिय और उनके निदान का प्रयत्न करना चाहिये। उनहें स्वयं कार्य करना चाहिये तथा दूसरों के लिये आदर्श उपस्थित करना चाहिये। इससे ग्रामीण जनता में उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी तथा विभिन्न प्रकार की प्रगतियों से वह परिचित होते जायेंगे। उन्हें अपने आस–पड़ोस में सहयोग तथा सद्भावना का वातावरण पैदा करना चाहिये, जिससे विरोध मिटे तथा सहकारी भावना का विकास हो। सहकारिता की भावना और लाभ को समझना चाहिये। उनका यह भी कर्तव्य है कि सरकार की विभिन्न योजनाओं में सहयोग करें तथा यदि उसमें कोई कमी या दोष दिखायी दे तो सामूहिक रूप से उसे हटवाने का उपाय करें। उन्हें बहुश्रुत बनना चाहिये तथा अनेक प्रकार के निर्माण कार्यों में सम्मिलित होना चाहिये। उनमें कर्तव्यपरायणता, सत्यप्रियता तथा सेवाभाव का दृढ़ विकास होना चाहिये। उन्हें स्वावलंबी तथा समाज सेवक बनने का प्रयास करना चाहिये। साथ–साथ अपनी रूचि के अनुकूल विषयों का गहन अध्ययन कर नवीन खोजों की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिये। यही सब ऐसे कार्यक्रम हैं, जिन्हें अपनाकर वे देश और अपने राज्य उत्तराखण्ड के निर्माण में सहायक बनेंगे।

रविन्द्रनाथ टैगोर- एक परिचय

–लक्ष्मी
एम.ए. हिन्दी 3 सेमेस्टर



रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म सन् 1861 को कोलकाता में हुआ था, रवीन्द्रनाथ टैगोर एक कवि उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार और दार्शनिक थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर एशिया के प्रथम व्यक्ति थे जिन्हें नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, वे अपने माता–पिता की तेरहवीं संतान थे। बचपन में उन्हें प्यार से 'रबी' बुलाया जाता था। आठ वर्ष की उम्र में उन्होने पहली कविता लिखी और सोलह साल की उम्र में उन्होंने कहानियां और नाटक लिखना प्रारंभ कर दिया था। रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्व–विख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा थे, वे एशिया के प्रथम नोबल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति थे। पिता के ब्रहासमाजी होने के कारण वे भी ब्रहासमाजी थे। उनकी रचनाओं में मनुष्य और ईश्वर के बीच के चिरस्थायी सम्पर्क की विविध रूपों में अभिव्यक्ति मिलती है। उन्होने बंगाली साहित्य में नए तरह के पद्य और गद्य के साथ बोल–चाल की भाषा का भी प्रयोग किया। इससे बंगाली साहित्य संस्कृत के प्रभाव से मुक्त हो गया। टैगोर की रचनाएं बांग्ला साहित्य में एक नई ऊर्जा ले कर आई, उन्होने एक दर्जन से अधिक उपन्यास लिखे, इनमें चोखेरबाली, घरे बहिरे, गोरा आदि शामिल है। उनके उपन्यासों में मध्यम वर्गीय समाज विशेष रूप से उभर कर सामने आया। 1913 ईस्वी में गीतांजलि के लिए इन्हें साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला जो कि एशिया में प्रथम विजेता साहित्य में है। मात्र आठ वर्ष की उम्र में पहली कविता और केवल 16 वर्ष की उम्र में पहली लघुकथा प्रकाशित का बांग्ला साहित्य में एक नए युग की, शुरूआत की रूपरेखा तैयार की। उनकी कविताओं में नदी और बादल की अठखेलियों से लेकर अध्यात्मवाद तक के विभिन्न विषयों को बखूबी उकेरा गया। उनकी कविता पढ़ने से उपनिषद की भावनाएं परिलक्षित होती है। टैगोर ने अपने जीवनकाल में कई उपन्यास, लघुकथाएं, यात्रावृत्त, हजारों गाने भी लिखे है। वे ज्यादातर अपनी पद्य कविताओं के लिए जाने जाते है। गद्य में लिखी उनकी छोटी कहानियां बहुत लोकप्रिय रही है। टैगारे ने इतिहास, भाषाविज्ञान और आध्यात्यमिकता से जुड़ी पुस्तकें भी लिखी थी। टैगोर के यात्रावृत्त, निबन्ध और व्याख्यान कई खंडों में संकलित किए गए थे। जिनमें यूरोप के पत्रों (यूरोप से पत्र) और 'मनुषेर धर्म' (मनुष्य का धर्म) शामिल थे। टैगोर के 150वें जन्मदिन के अवसर पर उनके कार्यों का एक (कालनुक्रमिक रवीन्द्र वचनावली) नामक एक संकलन वर्तमान में बंगाली कालानुक्रमिक क्रम में प्रकाशित किया है। इसमें प्रत्येक कार्य के सभी संकलन शामिल है, और लगभग अस्सी संस्करण है। जीवन के 51 वर्षों तक उनकी सारी उपलब्धियां और असफलताएं केवल कोलकाता और आस–पास के क्षेत्र तक ही सीमित रही। 51 वर्ष की उम्र में वे अपने बेटे के साथ इंग्लैंड जा रहे थे। समुद्री मार्ग से भारत से इंग्लैंड जाते समय उन्होने अपनी कविता संग्रह गीताजंलि का अनुवाद करने का सोचा, जिसके पीछे उनका कोई उद्देश्य नहीं था, केवल समय काटने के लिए कुछ करने की गरज से उन्होने गीताजंलि का अनुवाद करना प्रारंभ किया। उन्होंने एक नोटबुक में अपने हाथ से गीताजंलि का अंग्रेजी अनुवाद किया। अपने जीवन में उन्होने एक हजार कविताएं, आठ उपन्यास, आठ कहानी संग्रह और विभिन्न विषयों पर अनेक लेख लिखे, इतना ही नही रवीन्द्रनाथ टैगोर संगीत प्रेमी थे। और इन्होने अपने जीवन में 2000 से अधिक गीतों की रचना की। उनके लिखे दो गीत आज भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगान है। उपन्यास और लघु कथा के रूप में उनका महान लेखक मानव चरित्र के बारे में उनकी बुद्धिमत्ता गहरे अनुभव और समझ की ओर इशारा करता है। वो एक ऐसे कवि थे, जिन्होने देश को बहुत प्यारा राष्ट्रगान ''जन–गण–मन'' दिया है। उनके कुछ महत्वपूर्ण कार्य है। ''गीताजंलि'' श्रृंगार सोनार बांग्ला, होर–बेर, रवीन्द्र संगीत, आदि गीताजंलि के उनके महान अंग्रेजी संस्करण लेखन के लिए 1913 में उन्हें नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वो 1902 में शांतिनिकेतन में विश्वभारती यूनिवर्सिटी के संस्थापक थे। इनका महान लेखन आज भी देश के लोगों को प्रेरणा देता है। वो एक महान कवि होने के साथ ही एक देशभक्त भी थे। जो हमेशा जीवन की एकात्मकता और इसके भाव में भरोसा करता है। अपने पूरे लेखन के द्वारा प्यार शांति और भाई–चारे को बनाये रखने के साथ ही लोगों को और पास लाने के लिए उन्होने अपने सबसे बेहतर प्रयास किया। अपने कविताओं और कहानियों के माध्यम से प्यार और सौन्दर्य के बारे में उन्होने अच्छे से बताया था। टैगोर के पूरे जीवन ने एक दूसरे से प्यार और सौंदर्य के स्पष्ट विचार को भी उपलब्ध कराया, निम्न कर्तव्यों से उनका देश के प्रति समर्पण दिखायी देता है। 'मेरा देश जो हमेशा भारत है। मेरे पिता का देश है।' मेरे बच्चों का देश है और दुबारा मैं फिर से अवश्य भारत में पैदा होंऊगा। उनके विचारो को खाँचों में नही रखा जा सकता। न उनके कार्यों की भविष्यवाणी हो सकती है। न उनकी कला पर लेबिल चिपकाया जा सकता है। गहन चिन्तानात्मक जीवन से वे प्रायः समाजिक और राजनीतिक

विवाद के बीचोंबीच कूद पडते थे। साठ वर्ष की उम्र में वे चित्रकार के रूप में प्रकट हुये।

टैगोर के जीवन सम्बन्धी सामग्री बहुत प्रचुर मात्रा में प्रकाशित हो चुकी है और उनके जीवन तथा कला के विकास चिह्न इतिहास का अंग बन चुके है – जैसे पूर्वी बंगाल में पदमा नदी के किनारे उनका जीवन जहां उन्होने भारतीय चिन्तन और साहित्य की लोक परम्पराओं को आत्मसात किया। स्वदेशी आंदोलन में उनका योग, एक के बाद एक श्रेष्ठ काव्य–कृतिका नोबल पुरस्कार और विश्वव्यापी ख्याति, शांतिनिकेतन में विश्वविद्यालय की स्थापना, सुदूर–पूर्व की यात्राएँ इंग्लैंड और अमरीका में व्याख्यान देने के लिए यात्राएं साम्राज्यवाद और फासिज्म की निंदा, किसी महान चिंतक के विचारों को गढने वाले स्रोतों और प्रभावों को अलग करना या उनका वर्गीकरण करना सदा ही कठिन कार्य होता है। टैगोर के संबंध में यह कार्य इसलिए और भी जटिल हो जाता है क्योंकि इस युग में जो परस्पर विरोधी विचारधाराएँ प्रबल रही उनका हिसाब रख सकना, अथववा किसी प्रकार के तर्कसंगत ढंग से उनका अनुसरण कर सकना संभव नही। इसके अतिरिक्त अपने परिवेश के प्रति अपनी सृजनात्मक प्रवृत्ति के कारण टैगोर सभी आत्मसात् प्रभावों को इस प्रकार सम्पूर्णतः रूपान्तरित कर लेते थे कि उनसे किसी सुस्पष्ट पहचानने योग्य रूप में हमारा सामना ही नही होता। टैगोर का आग्रह है कि जीवन में से ही नही होता। टैगोर का आग्रह है कि ''जीवन में से सिद्ध समस्त सत्यों की भांति औपनिषद विचार मूर्त है। उनमें विचारों की बहुत सी प्रवृत्तियों का सांमजस्य मिलता है क्योंकि जीवन स्वयं भी बहुत सामाजस्यकारी है। यदि भारत के कट्टरपंथी लोग उपनिषदों की रूढ़िवादी और एकांगी व्याख्या करते है, तो बहुत से यूरोपीय लेखक उनमें दुःख और निवृत्ति के नकारात्मक सिद्धान्त ही देख पाते है, किन्तु उपनिषदों में सकारात्मक तत्व भी है जो उन समस्त अमूर्त विचारो से कही अधक महत्वपूर्ण है। जिन पर शास्त्रीय दार्शनिकों ने बल दिया है। यह सकारात्मक तत्व आनन्द में, चिरन्तर आनन्दपूर्ण जीवन में जगत में विचार में और उपनिषदों में मिलने वाली अमरता की खोज में भी दृष्टिगोचर होता है। टैगोर स्वयं भी इस बात को भली–भांति समझते थे कि उनके मूलतः काव्यात्मक दृष्टिकोण से उनके दर्शन में अंतर पड़ता है। अपनी धार्मिक मान्यताओं की चर्चा करते हुए और उनके लिए धर्म और दर्शन में कोई मूल–भूत अंतर न था। टैगोर कहते है, ''मेरा धर्म मूलतः एक कवि धर्म है। उनका स्पर्श उन्हीं अदृश्य और पदहीन सूत्रों से प्राप्त होता है, जिनसे मेरी संगीत की प्रेरणा मेरा धार्मिक जीवन मेरे काव्यात्मक जैसी ही रहस्यात्मक लोकों पर विकसित होता रहा है। किसी न किसी प्रकार दोनों एक दूसरे से जुडे हुए है। टैगोर मानते है कि सर्वतोमुखी दर्शन में किसी न किसी प्रकार वैयक्तिक और निवैर्यक्तिक सगुण और निर्गुण साकार और निराकार के बीच सामंजस्य का स्थल अवश्य खोजना चाहिए। जैसा हम बाद में देखेंगे'' टैगोर के अपने दर्शन में सौंदर्यमूलक अनुभूति की दृष्टि से ऐसा सांमजस्य का स्थल प्रस्तुत किया गया है।

सफलता और संघर्ष

–नेहा नेगी
बी.एससी. (पीसीएम) प्रथम सेमेस्टर

कुछ अक्षरों के मेल से बनता है – नाम। नाम से हर व्यक्ति की पहचान होती है। क्या नाम का महत्व सिर्फ किसी व्यक्ति की पहचान मात्र के लिये है? और नाम तो बहुत से व्यक्तियों के एक जैसे होते हैं। तो फिर पहचान कैसे होगी? शायद नाम के पीछे लगे 'सरनेम' से। सरनेम से पहचान में थोड़ी आसानी होगी। क्या है ये नाम, आखिर क्या जरूरत पड़ी होगी इसकी। सोचिए, कैसा होता अगर किसी का कोई नाम ही ना होता या फिर नाम अंकों में होता । तो कैसा होता। अगर किसी व्यक्ति का कोई नाम ही ना हो, तो उसकी पहचान उसके कर्मों, संघर्ष, व्यवहार इत्यादि से की जायेगी। सुनने में छोटा सा शब्दद है – नाम। परंतु इस नाम के पीछे छिपा होता है हमारे जीवनभर का परिश्रम।

केवल इस नाम के लिये रात–रातभर जागकर पढ़ाई करते हैं हम। दिन–रात परिश्रम करते हैं। क्रीड़ा आदि को थोड़ा कम समय देते हैं। परिश्रम करते हैं प्रतिदिन। न खाने की सुध, ना ही विश्राम की। सभी अपने पसंदीदा कार्य में परिश्रम करते हैं। अलग–अलग तरीकों से (रास्तों से) सफलता पाने के लिये। सफल होकर क्या होगा? क्या पैसे मिलेंगे या जीविकोपार्जन के साधन उपलब्ध होंगे। परंतु जीने के लिये तो हवा, खाना, पानी, वस्त्र और एक रहने के लिये स्थान से अधिक और किसी चीज की आवश्यकता नहीं। तो फिर क्यों सफलता के लिये सब परिश्रम कर रहे हैं। इतना संघर्ष आखिर क्यों? क्या नाम के लिये, क्या इसलिये कि सब उनका सम्मान करें।

एक पिता रोज मेहनत करता है, अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिये और बच्चे अगर सफल हो जायें तो समाज कहता है – 'बच्चों ने अपने माँ–बाप का नाम रोशन किया है।'

नाम हमारी पहचान है। इस नाम को सार्थकता प्रदान करने के लिये हमारा परिश्रम और संघर्ष। तत्पश्चात् हमारी सफलता। इतना कुछ सिफ नाम के लिये। नाम के पीछे लगा 'सरनेम' पिताजी का परिश्रम है। पिताजी का सरनेम उनके पिता का संघर्ष है। काफी लम्बा रिश्ता है, इस नाम का हमसे। हमारी सारी मेहनत, सफलता, पूंजी, आशाएं, सपने, सबकुछ एक नाम के पीछे छिप जाते हैं। समाज में लोगों में केवल नाम

की प्रचलित होता है। परिश्रम भी प्रचलित होता है। परंतु हमारा परिश्रम नाम से पहले तो नहीं आता ना।

रानी लक्ष्मी बाई, महात्मा गाँधी, भगत सिंह, महाराणा प्रताप, सचिन तेंदुलकर, किरन बेदी, अमिताभ बच्चन, कुछ नाम, जिन्हें हम रोज जीवन में सुनते हैं। सभी अलग–अलग क्षेत्र में सम्मानित हें। सभी ने बहुत अच्दे कार्य किये, परंतु इनके कार्यों की पहचान हुई इन सभी के नामों से। पहली प्राथमिकता मिली 'नाम' को। सभी की कीर्ति पूरे विश्व में विख्यात है। परंतु विख्यात है नाम से। काफी विषम परिस्थितियों से जूझना पड़ा होगा, सबको केवल एक ना को अस्तित्व में लाने के लिये। नाम के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं।

तेल की बढ़ती कीमत का अर्थ–व्यवस्था पर प्रभाव

भारत की बढती जनसंख्या के कारण देश को लोगों की आवश्यकतायें भी बढ रही है। देश में हाल ही में एक ओर समस्या उत्पन्न हो गई है जो कि पेट्रोल डीजल की कीमत में बढोतरी है, लगातार इनकी कीमत बढने से देश की जनता व अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पडा है। आपेक (OPEC) 13 देशों द्वारा उत्पादन में कटौती से अंतर्राष्ट्रीय स्तर कच्चे तेल की कीमतों में बढोतरी हुई जिसके कारण कुछ महीनों में भारत में पेट्रोल और डीजल के दामों में तेज वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रीााव दिखाई दिए। कच्चे तेल की कीमत बढने का कारण प्रमुख तेल उत्पादक देशों द्वारा कोविड–19 महामारी के कारण मांग में भारी गिरावट के कारण तेल उत्पादन में कटौती भी है। इसके साथ ही OPEC ने हाल ही में यह घोषणा की है कि वह तेल उत्पादन सीमित मात्रा में ही करेगा। अतः इन्हीं सब कारणों से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई जिसका प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था पर भी पडा तेल आयातक देश है जो कि सबसे अधिक तेल सऊदी अरब और इराक से आयात करता है। इसी कारण भारत पर विदेशी मुद्रा भंडार का अतिरिक्त भार पडता है।

तेल की कीमत बढने का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव –

- कच्चे तेल की कीमत बढने से पेट्रोल व डीजल की कीमतों पर भी दबाव पडेगा जो कि पहले से ही अधिक है इसका असर देश की आम जनता पर भी पडेगा क्योंकि तेल की कीमत बढने से उन्हें पहले की तुलना में ज्यादा पैसे चुकाने पडेंगे।
- कच्चे तेल की कीमत बढने से आयात बिल भी बढेगा, चूंकि भारत 85 प्रतिशत तक कच्चा तेल सऊदी अरब, इराक व दूसरे देशों से आयात करता है। अतः खाडी देशों में अस्थिरता होती है तो इसका नकारात्मक प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पडेगा।
- तेल की कीमत बढने से सरकार को पेट्रोल व डीजल के करों में कटौती करनी पडेगी जो कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा लगाए जाते है। करों के घटने से सरकार को मिलने वाली आय की मात्रा घट जाएगी जिससे राजस्व का संतुलन बिगड जाएगा।
- कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि से मुद्रास्फीति में भी वृद्धि होती है जिसके कारण मौद्रिक नीति समिति को नीतिगत दरों का निर्धारण करने में कठिनाई होगी।
- पेट्रोल व डीजल की कीमत में वृद्धि से देश की अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति का उपयोग व विनियोग के व्यवहार पर भी पडेगा।
- जिन लोगों के पास व्यक्तिगत वाहन नहीं है, उन पर भी तेल की कीमत बढने का बुरा असर पडेगा क्योंकि इन्हें सार्वजनिक बाहर का लाभ लेने के लिए अधिक भुगतान करना पडेगा।
- गरीब वर्ग के लोग जो प्रतिदिन अपने सामान की बिक्री के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, उन्हें कीमतें बढने से घाटा होगा क्योंकि तेल की कीमतें बहुत ऊँची है। और इनकी आमदनी बहुत कम है, इससे वह अपने परिवार का पालन पोषण सही ढंग से नहीं कर पाएगें।
- अधिकांश वस्तुओं व उत्पादों को बनाने में पेट्रोल का प्रयोग किया जाता है (प्लास्टिक से ईंधन) कीमत बढ जाने से पेट्रोल से बनाये गये उत्पाद भी मंहगें हो जाएगें। फलस्वरूप लोग वस्तुएं नही खरीद पाएगें और उत्पादन की मात्रा भी घटती जाएगी, जो मांग में कमी का कारण होगा।
- तेल की कीमतों ने आर.बी.आई. जो देश का केन्द्रीय बैंक है के सामने भी मुश्किलें खडी कर दी हैं। आर.बी.आई. के अनुसार कीमतें बढने से विनिर्माण की लागत भी बढेगी और मँहगाई भी उत्पन्न होगी।
- ट्रांसपोटर्स जो ट्रकों में सामान को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक ले जाते हैं उनका मानना हे कि जहां तेल की कीमत सामान्य थी तब इनका मालभाडा उतना ही था जितना

कीमतों के बढने के कारण है, जिसके कारण उनको घाटा हो रहा है।

- कीमतें बढने से पेट्रो से उत्पाद बनने की लागत भी बढेगी जिसका असर मांग पर पड़ेगा। वस्तुओं की कीमतें बढने से मांग भी घट जाएगी, जिसके कारण अर्थव्यवस्था में मंदी की स्थिति उत्पन्न होगी।
- तेल की कीमतों के बढने के साथ मँहगाई बढने की संभावना भी तेज हो जाती है। कोरोना वायरस के कारण हाल ही में लगाए गए लॉकडायन की वजह से लाखों लोगों का काम बंद हो गया है। और लोगों की आय पर बुरा असर पडा है, इसके कारण लोगों पर दोहरी मार पडी है।

अतः तेल की कीमतें बढने से अर्थव्यवस्था में नकारात्मक प्रभाव तो उत्पन्न होंगे ही लेकिन इसके साथ ही कुछ सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलते हैं।

अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव –

- तेल की कीमतें बढने से देश की जनता वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोत व संसाधनों पर ध्यान केन्द्रित करेगी (बिजली से चलने वाली काट) और सौर ऊर्जा को भी प्रोत्साहन मिलेगा तथा पर्यावरण में प्रदूषण की मात्रा कम होगी।
- लोग अपने निजी वाहनों का इस्तेमाल करने के बजाय सार्वजनिक वाहों में यात्रा करना पंसद करेंगें। जिके कारण सडकों पर लगने वाला ट्रेफिक कम होगा और सड़क दुर्घटनाएं भी कम होंगी।
- वर्तमान में हमारा पर्यावरण कई कारणों से प्रदूषित होता जा रहा है जो कि आने वाली पीढी के लिए सही नहीं है। प्रदूषण के अन्य कारणों से सडकें पर निकलने वाली अत्याधिक गाडियों का धुंआ भी है, तेल की कीमत बढने से सडकों पर उतरने वाली गाडियों की मात्रा कम होगी। परिणामस्वरूप पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकेगा।
- पेट्रोल की कीमत बढने से लोग साइकिल का प्रयोग करना पंसद करेंगे जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पडेगा। साथ ही साइकिल का उत्पादन भी बढेगा। रोजगार बढेगा । फलस्वरूप देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आएगा।
- देश में तेल की कीमतें बढने से करों से सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी जिसका उपयोग देश के विकास कार्यों में (जैसे – शिक्षा, आपदा प्रबन्धन, स्वास्थ्य उद्योग इत्यादि) किया जा सकेगा।

निष्कर्ष –

तेल की कीमतें बढने या मँहगाई होने से किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर दो प्रकार के परिणाम देखें जा सकते हैं – सकारात्मक और नकारात्मक। नकारात्मक परिणाम का प्रभाव धीरे–धीरे कम होता जाता है या उनके हल ढूंढकर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश की जाती है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

–तमन्ना परवीन
बी.कॉम द्वितीय वर्ष, सेमेस्टर 4

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार प्रकट करते हुए इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, राजनीति और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष में यह उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।

भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है– 'यस्य पूज्यते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवताः', अर्थात्, जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। किन्तु वर्तमान में जो हालात दिखाई देते हैं उसमें नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उस भेग की वस्तु समझकर आदमी अपने तरीके से इस्तेमाल कर रहा है। यह बेहद चिंताजनक बात है। लेकिन हमारी संस्कुति को बनाये रखते हैं, नारी का सम्मान कैसे किया जाये किस तरह नारी का सम्मान करना जरूरी है।

माता का हमेशा सम्मान हो

माँ अर्थात् माता के रूप में नारी धरा पर सबसे पवित्र रूप में है। माता ही जननी, माँ को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है क्योंकि ईश्वर की जन्म ढाती भी नारी ही रही है। मां देवकी (कृष्ण) तथा मां पार्वती (गणपति) को हम भगवान के रूप में मां ..... रखते हैं।

महिलाओं का आसमान छूना

अगर आजकल की लड़कियों पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि लड़कियां आजकल बहुत बाजी मार रही हैं। उन्हें हर

क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए देखा जा सकता है। विभिन्न परिक्षाओं की मेरिट लिस्ट में लड़कियां तेजी से आगे बढ़ी हैं। किसी समय उन्हें कमजोर कमजोर समझा जाता था किन्तु उन्होंने अपनी मेहनत और मेधा शक्ति के बल पर हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर ली हैं। इन की इस प्रतिभा का सम्मान किया जाता है।

कंधे से कंधा मिलाकर चलती नारी का सारा जीवन पुरुष के साथ कंधे से मिलाकर चलने में ही बीत जाता है। पहले पिता की छत्रछाया में उसका बचपन बीतता है। पिता के घर में भी उसे काम करना पड़ता है, साथ में अपनी पढ़ाई भी जारी रखनी होती है। उसका यह क्रम विवाह तक जारी रहता है। उसे इस दौरान घर के कामकाज के साथ पढ़ाई–लिखाई की दोहरी जिम्मेदारी भी निभानी होती है। जबकि इस दौरान लड़कों को पढ़ाई–लिखाई के आलावा और कोई काम नहीं रहता है। कुछ नवयुवक तो ठीक से पढ़ाई भी नहीं करते हैं जबकि उन्हे इसके अलावा और कोई काम ही नहीं रहता है।

इस नजरिए से देखा जाये तो नारी सदैव पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तो चलती ही है, बल्कि उससे भी अधिक जिम्मदारियों को निर्वज्ञ भी करती ळै। नारी इस तरह से भी सम्मानीय है। किन्तु बदलते समय के हिसाब से संतानों ने अपनी अपनी मां को महत्व देना कम कर दिया है। यह चिंताजनक पहलु है। सब धन लिप्सा व अपने स्वार्थ में डूबते जा रहे हैं। परंतु जन्म देने वाली माता के रूप में नारी का सम्मान अनिवार्य रूप से होना चाहिए जोकि वर्तमान में कम हुआ है। यह सवाल आजकल प्रश्नचिन्ह की तरह चहुंओर पांव पसारता जा रहा है।

